www.rojgarsamachar.gov.in
www.employmentnews.gov.in

सत्यमेव जयते

अंग्रेजी एवं उर्दू में भी प्रकाशित
ई-संस्करण वार्षिक शुल्क : ₹400/-

वर्ष 1976 से

# रोज़गार समाचार

साप्ताहिक

50 वर्ष

खंड-51 अंक-14 पृष्ठ 32 | नई दिल्ली 4 - 10 जुलाई 2026 | मूल्य ₹ 12.00 (₹ 530 वार्षिक)

## भारत के भविष्य को आकार देती प्रौद्योगिकियां

### डिजिटल इंडिया से एआई, सेमीकंडक्टर, क्वांटम, क्लाउड और बायोटेक तक—विकसित भारत 2047 की मजबूत नींव




पिछले एक दशक में, भारत में जबरदस्त तकनीकी बदलाव आया है। कभी डिजिटल उत्पादों और सेवाओं के एक बड़े बाजार के रूप में देखे जाने वाला भारत अब तेजी से प्रौद्योगिकी निर्माता, नवाचार केंद्र और वैश्विक डिजिटल विकास में एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में उभर रहा है। निरंतर निवेश, मिशन-आधारित कार्यक्रमों और बड़े पैमाने की डिजिटल अवसंरचना के माध्यम से भारत, 'विकसित भारत 2047' की तकनीकी नींव तैयार कर रहा है। यह परिवर्तन, आपस में जुड़े तीन स्तंभों - राष्ट्रीय क्षमता का विस्तार, तकनीकी सामर्थ्य को मजबूत करना और वैश्विक विश्वसनीयता बढ़ाना- पर आधारित है. कृत्रिम बुद्धिमत्ता और सेमीकंडक्टर से लेकर क्वांटम प्रौद्योगिकी, सुपरकंप्यूटिंग, क्लाउड अवसंरचना और जैव-प्रौद्योगिकी तक, भारत भविष्य की तकनीकों में नेतृत्व के लिए आवश्यक इकोसिस्टम विकसित कर रहा है।

### डिजिटल इंडियाः परिवर्तन की आधारशिला

2015 में शुरू किया गया डिजिटल इंडिया कार्यक्रम, भारत की तकनीकी यात्रा की रीढ़ रहा है। कनेक्टिविटी में बड़े निवेश से ऑप्टिकल फाइबर कवरेज 2019 के 19.35 लाख रूट किलोमीटर से बढ़कर 2025 में 42 लाख रूट किलोमीटर से अधिक हो गया है। भारत ने दुनिया में सबसे तेज 5जी विस्तारों में से एक हासिल किया है, जहां सेवाएं लगभग हर जिले तक पहुंच चुकी हैं। इसका प्रभाव व्यापक रहा है। इंटरनेट कनेक्शनों की संख्या वर्ष 2014 में 25 करोड़ थी, जो वर्ष 2026 में बढ़कर 102 करोड़ से अधिक हो गई है। वहीं, ब्रॉडबैंड कनेक्शनों की संख्या भी 6 करोड़ से बढ़कर लगभग 100 करोड़ हो गई है। इस दौरान सस्ता डेटा भी उतना ही महत्वपूर्ण रहा। औसत मासिक डेटा खपत, वर्ष 2014 के 61 एमबी से बढ़कर, वर्ष 2025 तक 24 जीबी से अधिक हो गई, जबकि डेटा की कीमतों में भारी कमी आई। कनेक्टिविटी और किफायत के इस मेल ने लाखों लोगों को डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ा है। इससे ऑनलाइन शिक्षा, टेलीमेडिसिन, डिजिटल भुगतान, ई-कॉमर्स और ई-गवर्नेंस को बढ़ावा मिला है। इसी आधार पर एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग, फिनटेक और ब्लॉकचेन जैसी उभरती तकनीकों के विकास का मार्ग भी खुला है।

### तकनीकी क्षमता का निर्माण

#### वैज्ञानिक नेतृत्व के लिए सुपरकंप्यूटिंग

मौसम पूर्वानुमान, जलवायु मॉडलिंग, दवा खोज और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लिए हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग आवश्यक हो गई है। इसके रणनीतिक महत्व को देखते हुए भारत ने 2015 में राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन शुरू किया। आज देश के प्रमुख संस्थानों में 47 पेटाफ्लॉप की संयुक्त कंप्यूटिंग क्षमता वाले 38 सुपरकंप्यूटर स्थापित किए जा चुके हैं। स्वदेशी परम रुद्र श्रृंखला का विकास एक बड़ी उपलब्धि रहा है, जो हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग में भारत की बढ़ती आत्मनिर्भरता को दर्शाता है।

#### सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम का निर्माण

सेमीकंडक्टर, स्मार्टफोन और ऑटोमोबाइल से लेकर रक्षा प्रणालियों और एआई अनुप्रयोगों तक, लगभग हर आधुनिक तकनीक को शक्ति देते हैं। तकनीकी संप्रभुता को मजबूत करने के लिए, भारत ने वर्ष 2021 में 76,000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ सेमिकॉन इंडिया कार्यक्रम शुरू किया। यह पहल, चिप डिजाइन, सेमीकंडक्टर विनिर्माण, पैकेजिंग, परीक्षण, अनुसंधान और प्रतिभा विकास को समर्थन देती है। इसी आधार पर, केंद्रीय बजट 2026-27 में घोषित इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 उपकरण, सामग्री, बौद्धिक संपदा, आपूर्ति श्रृंखला और उन्नत विनिर्माण पर केंद्रित है।

'डिज़ाइन लिंक्ड इंसेंटिव योजना', भारत के फैबलेस सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम की प्रमुख प्रेरक शक्ति बनकर उभरी है। यह स्टार्टअप्स, एमएसएमई और अनुसंधान संस्थानों को समर्थन देती है। मार्च 2026 तक 24 कंपनियों को वित्तीय सहायता मिल चुकी थी, जबकि 100 से अधिक आवेदक उन्नत डिज़ाइन टूल्स तक पहुंचने में कामयाब रहे। उन्नत 12 नैनोमीटर डिज़ाइन सहित कई चिप्स का निर्माण भी हो चुका है। जून 2026 तक सेमीकंडक्टर मिशन के तहत लगभग 1.64 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी जा चुकी थी, जिससे घरेलू विनिर्माण इकोसिस्टम की नींव मजबूत हुई है।

#### क्वांटम छलांग

क्वांटम प्रौद्योगिकी कंप्यूटिंग, संचार, सेंसिंग और साइबर सुरक्षा में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है। इसके रणनीतिक महत्व को देखते हुए सरकार ने वर्ष 2023 में 6,000 करोड़ रुपये से अधिक के परिव्यय के साथ राष्ट्रीय क्वांटम मिशन को मंजूरी दी। यह मिशन क्वांटम कंप्यूटिंग, संचार, सेंसिंग और सामग्री पर केंद्रित है। साथ ही यह अनुसंधान अवसंरचना, स्टार्टअप विकास और प्रतिभा निर्माण को समर्थन देता है। देशभर के शोधकर्ताओं और संस्थानों को जोड़ते हुए चार थीमैटिक हब स्थापित किए जा चुके हैं।

भारत ने 1,000 किलोमीटर लंबा सुरक्षित क्वांटम संचार नेटवर्क प्रदर्शित किया है, जो निर्धारित समय से कई वर्ष पहले हासिल की गई उपलब्धि है। अमरावती में भारत की पहली क्वांटम वैली की आधारशिला, देश की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है कि वह वैश्विक क्वांटम नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ना चाहता है।

#### भारत की एआई क्रांति

'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं को बदल रही है और भारत स्वयं को एक प्रमुख एआई शक्ति के रूप में स्थापित कर रहा है। वर्ष 2024 में 10,300 करोड़ रुपये से अधिक के परिव्यय के साथ स्वीकृत इंडिया एआई मिशन का उद्देश्य स्वदेशी एआई क्षमताओं का निर्माण करना और जिम्मेदार व समावेशी उपयोग सुनिश्चित करना है। यह मिशन बड़े पैमाने की कंप्यूटिंग अवसंरचना विकसित कर रहा है, जो ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट्स (जीपीयू) तक पहुंच बढ़ाने के साथ ही, एआई स्टार्टअप्स को समर्थन और अनुसंधान व कौशल विकास को बढ़ावा दे रहा है। उन्नत एआई संसाधनों तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाने के लिए 38,000 से अधिक जीपीयू वाली साझा कंप्यूटिंग सुविधा स्थापित की जा रही है। जो भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम और इस गति को दर्शाता है। देश में लगभग 1.8 लाख स्टार्टअप हैं, जिनमें नई स्थापित इकाइयों का बड़ा हिस्सा एआई समाधान अपना रहा है। वहीं, एआई कोष, कई क्षेत्रों में हजारों डेटासेट और सैकड़ों एआई मॉडल उपलब्ध कराता है, जिससे बड़े पैमाने पर नवाचार को बढ़ावा मिल रहा है।

**इस अंक में 3,074+ रिक्तियां**

#### क्लाउड अवसंरचना को मजबूती

'क्लाउड कंप्यूटिंग' शासन, कारोबारी संचालन और डिजिटल सेवाओं की आपूर्ति के लिए अनिवार्य हो गया है। भारत का स्वदेशी क्लाउड इकोसिस्टम इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए राष्ट्रीय क्लाउड प्लेटफॉर्म मेघराज से शुरू हुआ। मेघराज 2.0 के माध्यम से सरकार ने हाइब्रिड क्लाउड आर्किटेक्चर अपनाया है और साइबर सुरक्षा व डेटा संप्रभुता को मजबूत किया है। जून

शेष पृष्ठ 2 पर

Follow us X @Employ_News
Follow us f @EmploymentNews

पृष्ठ 1 का शेष

## भारत के भविष्य को आकार देती प्रौद्योगिकियां

2026 तक 2,300 से अधिक सरकारी विभाग इस प्लेटफॉर्म का उपयोग कर रहे हैं। यह डिजिलॉकर, MyGov और राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल जैसी सेवाओं को शक्ति प्रदान कर रहा है। 'कर प्रोत्साहन' और 'सरल मंजूरी' जैसी हालिया नीतिगत व्यवस्थाओं से क्लाउड और एआई अवसंरचना में निवेश को गति मिलने की उम्मीद है।

### भरोसेमंद शासन के लिए ब्लॉकचेन

'ब्लॉकचेन तकनीक' सुरक्षित, पारदर्शी और छेड़छाड़-रोधी रिकॉर्ड रखने की सुविधा देती है। वर्ष 2021 में शुरू किए गए राष्ट्रीय ब्लॉकचेन फ्रेमवर्क के माध्यम से भारत शासन और सार्वजनिक सेवाओं के लिए एक स्केलेबल और इंटरऑपरेबल ब्लॉकचेन इकोसिस्टम बना रहा है। 'विश्वस्य ब्लॉकचेन स्टैक' और राष्ट्रीय ब्लॉकचेन पोर्टल सहित कई स्वदेशी प्लेटफॉर्म विकसित किए गए हैं। इनके अनुप्रयोग संपत्ति रिकॉर्ड, न्यायिक प्रणालियों, दस्तावेज सत्यापन और आपूर्ति श्रृंखला निगरानी में पहले से उपयोग हो रहे हैं। ब्लॉकचेन-सक्षम प्रणालियों के माध्यम से तीन करोड़ से अधिक संपत्तियों के दस्तावेजों का सत्यापन किया जा चुका है, जिससे धोखाधड़ी कम करने और पारदर्शिता बढ़ाने में मदद मिली है। आरबीआई और दूरसंचार नियामकों जैसे संस्थान भी डिजिटल लेन-देन में भरोसा और सुरक्षा बढ़ाने के लिए ब्लॉकचेन का उपयोग कर रहे हैं।

### डेटा सेंटरः डिजिटल अर्थव्यवस्था को शक्ति

डिजिटल सेवाओं के विस्तार के साथ डेटा सेंटर महत्वपूर्ण अवसंरचना बन गए हैं। भारत की डेटा सेंटर क्षमता, लगभग चार गुना बढ़कर वर्ष 2020 के करीब 375 मेगावाट से वर्ष 2025 तक लगभग 1,500 मेगावाट हो गई है। मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरु, नोएडा और अन्य शहरों में बड़े केंद्र उभरे हैं, जबकि कई राज्यों में नए हाइपरस्केल और एआई-केंद्रित केंद्र विकसित किए जा रहे हैं। ये केंद्र क्लाउड सेवाओं, एआई अनुप्रयोगों, डिजिटल शासन प्लेटफॉर्म और भविष्य की तकनीकों को समर्थन देते हैं, जिससे भारत की डिजिटल संप्रभुता और आर्थिक प्रतिस्पर्धा मजबूत होती है।

### जैव-प्रौद्योगिकी और जैव-अर्थव्यवस्था

जैव-प्रौद्योगिकी नवाचार-आधारित विकास का एक और प्रमुख स्तंभ बन रही है। राष्ट्रीय बायोफार्मा मिशन, बायोई3 नीति, बायोनेस्ट इन्क्यूबेटर और विभिन्न स्टार्टअप-सहायता कार्यक्रमों जैसी सरकारी पहलों ने अनुसंधान, उद्यमिता और जैव-विनिर्माण को गति दी है। भारत का जैव-प्रौद्योगिकी क्षेत्र अपने लक्ष्य से पहले ही 150 अरब अमरीकी डॉलर के स्तर को पार कर चुका है और वर्ष 2026 तक लगभग 190 अरब अमरीकी डॉलर तक पहुंच गया है। देशभर में बायो इन्क्यूबेटरों का नेटवर्क स्टार्टअप्स और अनुसंधान-आधारित उद्यमों को पोषित कर रहा है, जिससे जैव-प्रौद्योगिकी भविष्य की आर्थिक वृद्धि में बड़ा योगदान देने की स्थिति में है.

### लोगों और अनुसंधान में निवेश

तकनीकी नेतृत्व, केवल अवसंरचना पर निर्भर नहीं करता, बल्कि प्रतिभा, अनुसंधान और नवाचार पर भी आधारित होता है। इसलिए भारत ने मानव पूंजी को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया है।

### अनुसंधान इकोसिस्टम को मजबूत करना

वर्ष 2024 में संचालित अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (एएनआरएफ) अकादमिक जगत, उद्योग, स्टार्टअप्स और सरकारी संस्थानों के बीच सहयोग को बढ़ावा दे रहा है। इसके कार्यक्रम अग्रणी तकनीकों में उच्च प्रभाव वाले अनुसंधान को समर्थन देते हैं और प्रयोगशाला में विकसित नवाचारों को व्यावहारिक अनुप्रयोगों में बदलने में मदद करते हैं। इन प्रयासों को अनुसंधान विकास और नवाचार योजना से पूरा समर्थन मिलता है, जिसे डीप-टेक और रणनीतिक क्षेत्रों में निजी क्षेत्र के अनुसंधान को समर्थन देने के लिए 1 लाख करोड़ रुपये की निधि के साथ शुरू किया गया है। ये पहलें वैज्ञानिक खोज और औद्योगिक नवाचार के बीच की दूरी को कम करने में मदद कर रही हैं।

### भविष्य के लिए कौशल विकास

भारत की तकनीकी महत्वाकांक्षाओं के लिए भविष्य के अनुरूप कार्यबल आवश्यक है। 'फ्यूचरस्किल्स प्राइम' जैसे कार्यक्रम इस प्रयास के केंद्र में हैं, जो एआई, साइबर सुरक्षा, ब्लॉकचेन, आईओटी, डेटा एनालिटिक्स और अन्य उभरते क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। मार्च 2026 तक 27 लाख से अधिक शिक्षार्थी इस प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण कर चुके है, जिनमें बड़ी संख्या टियर-2 और टियर-3 शहरों के लोगों की थी। यह बड़े महानगरों से आगे तकनीकी शिक्षा के लोकतंत्रीकरण को दर्शाता है। राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान ने केंद्रों और संबद्ध संस्थानों के विस्तृत नेटवर्क के माध्यम से डिजिटल कौशल विकास का विस्तार किया है। इसके प्रशिक्षण कार्यक्रम एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सुरक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और अन्य उन्नत तकनीकों को कवर करते हैं।

### एआई प्रतिभा का निर्माण

भारत के एआई नेतृत्व को मजबूत करने के लिए सरकार ने स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और टिकाऊ शहरों पर केंद्रित चार उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किये है। ये संस्थान रोग-पहचान उपकरण, जलवायु-स्मार्ट कृषि समाधान और बुद्धिमान शहरी प्रबंधन प्रणालियों सहित व्यावहारिक अनुप्रयोग विकसित कर रहे हैं। 'स्किलिंग फॉर एआई रेडीनेस' कार्यक्रम इन प्रयासों को पूरक समर्थन देता है। यह स्कूली छात्रों और शिक्षकों को एआई साक्षरता से परिचित करवाता है। उद्योग साझेदारी और ऑनलाइन शिक्षण प्लेटफॉर्म के माध्यम से यह पहल देशभर में एआई ज्ञान तक पहुंच बढ़ा रही है।

### सेमीकंडक्टर प्रतिभा का निर्माण

'चिप्स टू स्टार्टअप' (सी2एस) कार्यक्रम, सेमीकंडक्टर विकास की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है जो कुशल मानव संसाधनका समाधान करता है। दसियों हजार उद्योग-तैयार पेशेवर तैयार करने के उद्देश्य से बनाया गया यह कार्यक्रम उन्नत अनुसंधान, स्टार्टअप इन्क्यूबेशन, पेटेंट सृजन और चिप-डिजाइन प्रशिक्षण को समर्थन देता है। साझा डिज़ाइन अवसंरचना, उद्योग-नेतृत्व वाले कार्यक्रम और सहयोगी अनुसंधान पहल एक मजबूत सेमीकंडक्टर प्रतिभा पाइपलाइन बनाने में मदद कर रही हैं।

### बढ़ती वैश्विक विश्वसनीयता

भारत की तकनीकी प्रगति वैश्विक मान्यता और साझेदारियों में भी दिखाई दे रही है। देश ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में वर्ष 2015 के 81वें स्थान से बढ़कर वर्ष 2025 में 38वें स्थान पर पहुंच गया, जो नवाचार क्षमता, उद्यमिता और अनुसंधान इकोसिस्टम में सुधार को दर्शाता है। नेटवर्क रेडीनेस इंडेक्स में भी, भारत की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जो डिजिटल अवसंरचना, कनेक्टिविटी और तकनीकी तैयारी में प्रगति को दर्शाता है। ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटरों का तेज विस्तार, भारत की प्रतिभा और नवाचार इकोसिस्टम में अंतरराष्ट्रीय भरोसे को और स्पष्ट करता है। देश में अब 2,100 से अधिक जीसीसी संचालित हो रहे हैं, जो लगभग 23.6 लाख पेशेवरों को रोजगार देते हैं और बैक-ऑफिस संचालन के बजाय रणनीतिक नवाचार केंद्रों के रूप में उभर रहे हैं।

भारत 6जी अलायंस के माध्यम से दूरसंचार के भविष्य को भी आकार दे रहा है। यह उद्योग, अकादमिक जगत और सरकार के हितधारकों को स्वदेशी 6जी अनुसंधान और विकास को आगे बढ़ाने के लिए एक मंच पर लाया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विदेश मंत्रालय का न्यू, इमर्जिंग एंड स्ट्रैटेजिक टेक्नोलॉजीज डिवीजन तकनीकी कूटनीति को मजबूत कर रहा है और अग्रणी तकनीकों के लिए वैश्विक शासन ढांचे को आकार देने में मदद कर रहा है।

सेमिकॉन इंडिया 2025 और इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 जैसे बड़े अंतरराष्ट्रीय आयोजनों ने भारत की छवि को एक भरोसेमंद तकनीकी साझेदार के रूप में मजबूत किया है। 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधिमंडलों की भागीदारी वाले एआई समिट में जिम्मेदार और समावेशी एआई के समर्थन में घोषणा को अपनाया गया और बड़े निवेश प्रतिबद्धताएं भी आकर्षित हुईं।

### डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना में भारत का वैश्विक नेतृत्व

भारत की सबसे अधिक दिखाई देने वाली तकनीकी सफलता, उसकी डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना प्रणाली है, जिसे सामान्य रूप से इंडिया स्टैक कहा जाता है। आधार, यूपीआई, डिजिलॉकर, कोविन, उमंग और जीईएम जैसे प्लेटफॉर्म ने डिजिटल पहचान, भुगतान, दस्तावेजीकरण, स्वास्थ्य सेवा पहुंच और सरकारी सेवाओं को जनसंख्या के पैमाने पर उपलब्ध कराकर सार्वजनिक सेवा वितरण को बदल दिया है। ये प्लेटफॉर्म समावेशी डिजिटल शासन के वैश्विक संदर्भ मॉडल बन गए हैं। भारत ने डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना में सहयोग के लिए कई देशों के साथ समझौते किए हैं, जबकि यूपीआई, कई अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच चुका है। एक अरब से अधिक लोगों के लिए सुरक्षित, किफायती और समावेशी रूप से तकनीक के उपयोग का मॉडल प्रस्तुत कर भारत ने डिजिटल शासन में स्वयं को वैश्विक नेता के रूप में स्थापित किया है।

### आगे की राह

भारत का तकनीकी उदय, किसी एक कार्यक्रम या उपलब्धि का परिणाम नहीं है। यह अवसंरचना बनाने, प्रतिभा को पोषित करने, अनुसंधान को मजबूत करने, नवाचार को प्रोत्साहित करने और भरोसेमंद डिजिटल प्रणालियां तैयार करने के सतत राष्ट्रीय प्रयास का परिणाम है। एक बड़े डिजिटल बाजार से उभरती तकनीकी शक्ति बनने तक, भारत की यात्रा महत्वाकांक्षा में व्यापक बदलाव को दर्शाती है। एआई, सेमीकंडक्टर, क्वांटम प्रौद्योगिकी, जैव-प्रौद्योगिकी, क्लाउड अवसंरचना और उन्नत अनुसंधान में निवेश दीर्घकालिक आर्थिक वृद्धि और रणनीतिक मजबूती की नींव तैयार कर रहे हैं। विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए देश की नवीनतम **प्रौद्योगिकियां** भारत के परिवर्तन का केंद्रीय चालक बनी रहेगी। अब चुनौती केवल वैश्विक नवाचार की गति के साथ चलने की नहीं है, बल्कि उसके भविष्य को आकार देने में भूमिका निभाने की है। भारत यह भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

**(पीआईबी से प्राप्त इनपुट के साथ ईएन टीम द्वारा संकलित लेख)**


भारत सरकार

**केंद्रीय हिंदी निदेशालय**

**शिक्षा मंत्रालय**

(उच्चतर शिक्षा विभाग)

पश्चिमी खंड-7, आर. के. पुरम, नई दिल्ली-110066

दिनांक : 19/06/2026

**केंद्रीय हिंदी निदेशालय में प्रवर श्रेणी लिपिक, वर्ग 'ग' अराजपत्रित के नौ पद वेतन संरचना लेवन-4 को प्रतिनियुक्ति आधार पर भरने के संबंध में.**

केंद्रीय हिंदी निदेशालय, शिक्षा मंत्रालय में **प्रवर श्रेणी लिपिक** के नौ पद वेतन संरचना लेवल-4, वर्ग 'ग' को प्रतिनियुक्ति आधार पर भरने का प्रस्ताव है. इच्छुक एवं पात्र कर्मचारी सम्पूरित आवेदन पत्र, जिन्हें चयन के पश्चात् तत्काल कार्यमुक्त किया जा सके, **निदेशक, केंद्रीय हिंदी निदेशालय, पश्चिमी खंड-7, आर. के. पुरम, नई दिल्ली-110066** को पिछले पांच वर्ष की वार्षिक कार्यनिष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट, सतर्कता, अनापत्ति तथा सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र के साथ इस सूचना के प्रकाशन से **60 दिनों** के भीतर भेजे जा सकते हैं. पात्रता शर्तें और आवदेन प्रपत्र निदेशालय की वेबसाइट **(www.chd.education.gov.in /www.chdpublication.education.gov.in)** पर उपलब्ध है. चयनित कर्मचारी का वेतन कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार के द्वारा समय-समय पर जारी अनुदेशों के अनुसार नियत किया जाएगा. प्रतिनियुक्ति की प्रारंभिक अल्पावधि एक वर्ष की होगी, जिसे सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से अगले तीन वर्षों तक बढ़ाया जा सकता है.

**CBC 21252/11/0003/2627** **EN 14/6** **प्रशासनिक अधिकारी**



**रोज़गार समाचार**

**अंबरीश बी. किशोर**
मुख्य संपादक

**रहीसुद्दीन रिहान**
संपादक

**अक्षित मलिक**
उप-संपादक (विज्ञापन)

**मिहिर कुमार बासु**
उत्पादन अधिकारी

**गणेशी लाल**
सहायक निदेशक (उत्पादन)

**अभिषेक चतुर्वेदी**
संपादक (प्रसार)

पता : **रोज़गार समाचार, सातवां तल, सूचना भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003**

विज्ञापन :
**sec-advertise-moib@gov.in**

**प्रसार और शिकायत**
**en-support@gov.in**

**संपादकीय** : 011-24369426
**विज्ञापन** : 011-24369429/30
**प्रसार** : 011-24044000/24044001
**लेखा (विज्ञा.)** : 011-24369419

# SBI

आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

केंद्रीय भर्ती एवं प्रोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई

फोन: 022-22820427; फैक्स: 022-22820411; ई-मेल: crpd@sbi.co.in

**परिवीक्षाधीन अधिकारियों की भर्ती**

**विज्ञापन संख्या: CRPD/PO/2026-27/09**

**भारतीय स्टेट बैंक में प्रोबेशनरी अधिकारी के पद पर नियुक्ति के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.**

**आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण एवं शुल्क का भुगतान: 18.06.2026 से 08.07.2026 तक**

| श्रेणी | अ.जा. | अ.ज. जा. | अ. पि. व.* | ईडब्ल्यूएस$ | यूआर | कुल | वीआई# | एचआई# | एलडी# | d&e# |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रिक्तियाँ | 234 | 144 | 390 | 144 | 588 | 1500 | 15 | 16 | 14 | 16 |

**संक्षिप्ताक्षर: अ.जा.** – अनुसूचित जाति, **अ.ज.जा.** – अनुसूचित जनजाति, **अ. पि. व.** – अन्य पिछड़ा वर्ग, ईडब्ल्यूएस – आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, **यूआर** – अनारक्षित; एलडी – गतिविशिष्ट विकलांगता, वीआई – दृष्टि बाधित, एचआई – श्रवण बाधित.

***अ. पि. व.** के लिए आरक्षित रिक्तियां केवल 'नॉन-क्रीमी लेयर' ओबीसी उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध हैं. 'क्रीमी लेयर' ओबीसी उम्मीदवारों को अपनी श्रेणी 'यूआर' बतानी चाहिए.

$ईडब्ल्यूएस रिक्तियाँ अस्थायी हैं और भारत सरकार के आगामी निर्देशों और किसी भी मुकदमे के परिणाम के अधीन हैं. नियुक्ति अनंतिम है और उचित चैनलों के माध्यम से आय और संपत्ति प्रमाण-पत्र के सत्यापन के अधीन है.

&पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए रिक्तियाँ क्षैतिज रूप से आरक्षित हैं.

#उपरोक्त रिक्तियाँ अनंतिम हैं और बैंक की आवश्यकताओं के अनुसार भिन्न हो सकती हैं.

**पात्रता मानदंड :**

**(ए) आवश्यक शैक्षणिक योग्यताएँ (30.09.2026 तक) :** किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक या केंद्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोई समकक्ष योग्यता. जो लोग अपने स्नातक के अंतिम वर्ष/सेमेस्टर में हैं, वे भी इस शर्त के अधीन अनंतिम रूप से आवेदन कर सकते हैं कि, यदि साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो उन्हें 30.09.2026 को या उससे पहले स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा. जिन उम्मीदवारों के पास इंटीग्रेटेड ड्युअल डिग्री (आईडीडी) प्रमाण-पत्र है, उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आईडीडी उत्तीर्ण करने की तिथि 30.09.2026 या उससे पहले हो. मेडिकल, इंजीनियरिंग, चार्टर्ड अकाउंटेंट या कॉस्ट अकाउंटेंट की योग्यता रखने वाले उम्मीदवार भी इसके लिए आवेदन कर सकते हैं.

**(बी) आयु सीमा: (01.04.2026 को):** 21 वर्ष से कम नहीं और 30 वर्ष से अधिक नहीं.

**ऊपरी आयु सीमा में वर्षों में शिथिलता इस प्रकार है –**

| | | |
|---|---|---|
| 1. ओबीसी – 03 वर्ष. | 2. एससी/एसटी – 05 वर्ष. | 3. पीडब्ल्यूडी (ओबीसी) – 13 वर्ष |
| 4. पीडब्ल्यूडी (यूआर/ईडब्ल्यूएस) – 10 वर्ष | 5. पीडब्ल्यूडी (एससी) – 15 वर्ष. | 6. पीडब्ल्यूडी (एसटी) – 15 वर्ष. |
| 7. भूतपूर्व सैनिक/सीओ/ईसीओ/एसएससीओ/जिन्होंने 5 वर्ष की सैन्य सेवा प्रदान की है, और जिन्हें उनका कार्यभार पूरा होने पर मुक्त कर दिया गया है (जिनमें वे भी शामिल हैं जिनका कार्यभार आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि से 6 महीने के भीतर पूरा होना है), उस तरह की पदच्युति या सेवामुक्ति के अलावा, जो कदाचार या अक्षमता के कारण, या फिर सैन्य सेवा के कारण शारीरिक विकलांगता होने या या अमान्यता के कारण हो. | | 05 वर्ष. |

ध्यान दें संचयी आयु में छूट उपरोक्त मदों के अंतर्गत या किसी अन्य मद के संयोजन में उपलब्ध नहीं होगी.

**परिलब्धियाँ :**

वर्तमान में, जूनियर मैनेजमेंट ग्रेड स्केल-I के लिए लागू रु. 48480-2000/7-62480-2340/2-67160-2680/7-85920 के स्केल में शुरुआती मूल वेतन रु. 48,480/- (4 अग्रिम वेतन वृद्धियों के साथ) है. अधिकारी समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार डीए, एचआरए, सीसीए, मेडिकल सुविधा, लीज रेंटल सुविधा आदि., पीएफ अंशदानी पेंशन फंड यानी एनपीएस, एलएफसी और अन्य भत्तों और अनुलाभों आदि के लिए भी पात्र होंगे. मुंबई केंद्र पर प्रारंभिक पैमाने पर अनुमानित सीटीसी रु.21.97 लाख है.

**आवेदन करने से पहले कृपया एसबीआई की वेबसाइट '<u>https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings</u>' पर विज्ञापन संख्या CRPD/PO/2026-27/09 के अंतर्गत पूरी** जानकारी देखें. कोई भी पूछताछ करने के लिए, कृपया हमें ''संपर्क करें'' लिंक के माध्यम से लिखें, जो बैंक की उपरोक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है.

**छपाई में किसी भी त्रुटि, यदि कोई है, के लिए बैंक उत्तरदायी नहीं होगा.**

**मुंबई**

**दिनांक: 18.06.2026** **महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)**

EN 14/73

सं. ए-35020/03/2026-प्रशा.II

# संघ लोक सेवा आयोग

सत्यमेव जयते

धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली-110069

दिनांकः 16.06.2026

## रिक्ति परिपत्र

**संघ लोक सेवा आयोग के कार्यालय में प्रतिनियुक्ति आधार पर सहायक निदेशक (गोपनीय) पद को भरना.**

संघ लोक सेवा आयोग के कार्यालय में 7वें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स के वेतन स्तर-10 (रु. 56100-177500/) में प्रतिनियुक्ति आधार पर सहायक निदेशक (गोपनीय) (साधारण केंद्रीय सेवा, समूह 'क', राजपत्रित, अनुसचिवीय) के ग्रेड में 03 (तीन) रिक्तियों को भरना.

2. सामान्य शर्तें, पात्रता मानक, आयु सीमा, आवेदन पत्र का प्रोफॉर्मा आदि विवरण संघ लोक सेवा आयोग की वेबसाइट अर्थात् http://www.upsc.gov.in/vacancy-circulars पर उपलब्ध है.

**(अपर्णा श्रीवास्तव)**

**अवर सचिव (प्रशा.II)**

दूरभाषः 011-23388476

ई-मेलः soadmn2-upsc@gov.in

EN 14/56

# राष्ट्रीय सिद्धा संस्थान / NATIONAL INSTITUTE OF SIDDHA

आयुष मंत्रालय / **Ministry of Ayush**

भारत सरकार / **Government of India**

ताम्बरम सनटोरियम / **Tambaram Sanatorium**

चेन्नई / **Chennai - 600 047.**

फ़ोन / **Tele : 044-22411611**

ईमेल / **Email: director.nis-tn@gov.in**

वेब / **Website: https://nischennai.org**

मिसिल संख्या / F.No.NIS/1-30/Recruitment-Regular/2025 तारीख / Date : 22.06.2026

## रोज़गार अधिसूचना संख्या : 05/2026

राष्ट्रीय सिद्ध संस्थान में वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (स्टैटिस्टिक्स) के पद को प्रतिनियुक्ति या सीधी भर्ती के आधार पर भरने के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

**ग्रुप 'ए' पदः**

| क्रम सं. | पद का नाम | पदों की संख्या | भर्ती का तरीका | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **Senior Research Officer (Stat)** | 01 | प्रतिनियुक्ति या सीधी भर्ती | अनारक्षित |

वेतनमानः वेतन मैट्रिक्सः लेवल 11 (पूर्व-संशोधित वेतनमानः पीबी - III (रु.15600-39100) जीपी रु.6600/- के साथ)

**आवेदन की फीस 750/- रुपये है।** आवेदन पत्र संस्थान की वेबसाइट **https://nischennai.org** से डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदन पत्र को A4 आकार के कागज़ पर एक तरफ़ से साफ़-साफ़ टाइप/हस्तलिखित होना चाहिए, जिसमें सभी विवरण दिए गए हों। भरे हुए आवेदन पत्र के साथ 750/- रुपये का आवेदन शुल्क "निदेशक, राष्ट्रीय सिद्ध संस्थान" के पक्ष में चेन्नई में देय डीडी के माध्यम से प्रमाण पत्र/प्रशंसापत्रों की स्वयं सत्यापित फोटोकॉपी के साथ रोज़गार समाचार में अधिसूचना की तिथि से 45 दिनों के भीतर "निदेशक, राष्ट्रीय सिद्ध संस्थान, तांबरम सेनेटोरियम, चेन्नई-600 047" को भेजा जाना चाहिए। शैक्षिक योग्यता, अनुभव, आयु, सामान्य शर्तें आदि से संबंधित अन्य विवरण संस्थान की वेबसाइट **https://nischennai.org** पर उपलब्ध हैं।

**निदेशक**

EN 14/75

# युद्धक वाहन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान

रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार

अवाडी, चेन्नई - 600054

**विज्ञापन क्रमांक - सीवीआरडीई/एचआर/जेआरएफ/2026-27**

## जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) के लिए विज्ञापन - 2026

भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली प्रमुख अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं में से एक, युद्धक वाहन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (सीवीआरडीई), अवाडी, चेन्नई, भारतीय नागरिकों से निम्नलिखित अनुसंधान फेलोशिप पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है. पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले और लड़ाकू वाहन प्रौद्योगिकी में अनुसंधान करने के इच्छुक आवेदक संलग्न प्रारूप (**अनुलग्नक - I**) में समाचार पत्र/रोजगार समाचार में प्रकाशन की तिथि से **21 दिनों के भीतर** आवेदन कर सकते हैं.

रिक्तियों की संख्याः सोलह (16) - जूनियर रिसर्च फेलो (जेआरएफ)

| विषय | अनिवार्य योग्यता | रिक्तियां | पारिश्रमिक एवं कार्यकाल |
|---|---|---|---|
| मैकेनिकल इंजीनियरिंग | मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से प्रथम श्रेणी में बी.ई./बी.टेक की डिग्री और वैध गेट स्कोर अनिवार्य है. (या) स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों स्तरों पर प्रथम श्रेणी के साथ एम.ई./एम.टेक (विदेशी विश्वविद्यालयों से डिग्री प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को 'एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज, दिल्ली' से समकक्ष प्रमाणपत्र प्राप्त करना होगा.) **(किसी भी संबद्ध या समकक्ष इंजीनियरिंग विषय को स्वीकार नहीं किया जाएगा)** | 7 (सात) | 37,000 रुपये प्रति माह (समेकित वजीफा/समेकित फेलोशिप पारिश्रमिक) *एचआरए और चिकित्सा सुविधाएं नियमों के अनुसार स्वीकार्य होंगी. *फेलोशिप शुरू में दो साल की अवधि के लिए है और नियमों के अनुसार इसे बढ़ाया जा सकता है. |
| इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग | | 2 (दो) | |
| इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग | | 5 (पांच) | |
| कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग | | 2 (दो) | |

**I. उम्मीदवारों के लिए आयु सीमाः** (आवेदन की तिथि के अनुसार)

| श्रेणी | आयु |
|---|---|
| i) अनारक्षित | 28 वर्ष से अधिक नहीं |
| ii) ओबीसी (गैर-क्रीमी लेयर) | 31 वर्ष से अधिक नहीं |
| iii) एससी/एसटी | 33 वर्ष से अधिक नहीं |

**II. राष्ट्रीयताः** केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन कर सकते हैं.

**III. आवेदन कैसे करें:**

ए) भरा हुआ आवेदन पत्र (अनुलग्नक-I में दिए गए प्रारूप के अनुसार) संबंधित दस्तावेजों सहित निम्नलिखित पते पर भेजा जाना चाहिएः

**निदेशक**
**युद्धक वाहन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (सीवीआरडीई)**
**रक्षा मंत्रालय, डीआरडीओ**
**अवाडी, चेन्नई-600054**

जो उम्मीदवार डाक द्वारा आवेदन भेज रहे हैं, उन्हें लिफाफे के ऊपर **"जेआरएफ भर्ती-2026 के लिए आवेदन"** लिखना चाहिए.

**(या)**

आवेदन पत्र और सहायक दस्तावेज पीडीएफ फॉर्मेट में **pmhr.cvrde@gov.in** ईमेल आईडी पर भेजे जा सकते हैं.

बी) **सीवीआरडीई में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार/राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय समाचार पत्रों में प्रकाशन की तिथि से 21 दिन है.**

**IV. संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज**

ए) जन्म तिथि, आवश्यक और उच्चतर योग्यताओं के स्व-सत्यापित प्रमाण पत्र/दस्तावेज, मार्कशीट, गेट स्कोर, जाति प्रमाण पत्र आदि सहित. यदि प्रस्तुत किए गए दस्तावेज/प्रमाण पत्र अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा में हैं, तो उनकी विधिवत स्व-सत्यापित अंग्रेजी प्रतिलिपि संलग्न करनी होगी.

बी) स्थायी या अस्थायी रूप से नियमित सेवा में कार्यरत उम्मीदवारों को स्क्रीनिंग और लिखित परीक्षा के समय कैडर नियंत्रण प्राधिकारी/वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्रस्तुत करना आवश्यक होगा (प्रारूप संलग्न).

**V. सीवीआरडीई, अवाडी में लिखित परीक्षा और साक्षात्कार**

ए) लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार) और साक्षात्कार की तिथि, समय और स्थान की सूचना चयनित उम्मीदवारों को सीधे ईमेल के माध्यम से ही दी जाएगी.

बी) उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय मूल प्रमाण पत्र/दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे.

सी) सभी पात्र उम्मीदवारों की लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार) प्रमाण पत्र/दस्तावेजों के सत्यापन के बाद आयोजित की जाएगी.

डी) लिखित परीक्षा में चयनित उम्मीदवारों को उसी दिन सीवीआरडीई में साक्षात्कार के लिए उपस्थित होना होगा.

ई) उम्मीदवारों को प्रक्रिया पूरी करने के लिए एक या दो दिन अधिक रुकने के लिए तैयार रहना चाहिए.

एफ) उम्मीदवारों को चेन्नई में अपने रहने और परिवहन की व्यवस्था स्वयं करनी होगी.

**VI. चयन प्रक्रिया / मानदंड**

ए) बी.ई/बी.टेक/एम.ई/एम.टेक के अंकों के आधार पर चयनित उम्मीदवार **सीवीआरडीई, अवाडी, चेन्नई - 600054** में लिखित परीक्षा में उपस्थित होंगे.

बी) लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण न होने वाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए विचार नहीं किया जाएगा.

सी) उपरोक्त के अतिरिक्त, सीवीआरडीई के निदेशक के एकमात्र विवेक पर, कोई अन्य चयन उपकरण/परीक्षण भी लागू किया जा सकता है.

डी) **लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में शामिल होने या चयनित होने पर ज्वाइन करने के लिए कोई टीए/डीए नहीं दिया जाएगा.**

**VII. सावधानी**

चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में तथ्यों की गलत व्याख्या या मिथ्याकरण पाए जाने पर, या चयन प्रक्रिया के दौरान किसी भी चरण में कदाचार/दुर्व्यवहार के मामलों में, बिना किसी पूर्व सूचना के उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और इस संबंध में किसी भी प्रकार का पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा.

**VIII. सामान्य निर्देश**

ए) आवेदकों को आयु, आवश्यक योग्यता आदि के संबंध में अपनी पात्रता मानदंडों को सुनिश्चित करना चाहिए.

बी) केवल वे उम्मीदवार ही आवेदन करने के पात्र हैं जिन्हें डिग्री/अनंतिम प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है.

सी) जिन लोगों को पहले से ही डीआरडीओ की किसी भी प्रयोगशाला/केंद्र में जेआरएफ पद से सम्मानित किया जा चुका है, वे दोबारा आवेदन करने के पात्र नहीं हैं.

डी) कोई भी संबद्ध या समकक्ष इंजीनियरिंग विषय स्वीकार्य नहीं है. इसी प्रकार, बी.ई./बी.टेक इंजीनियरिंग विषय से संबंधित एम.ई. (या) एम.टेक इंजीनियरिंग विषय ही स्वीकार्य है.

ई) केवल निर्धारित तिथि के भीतर आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को ही शॉर्टलिस्ट किया जाएगा और उन्हें आगे की लिखित परीक्षा और सीवीआरडीई में साक्षात्कार के लिए मेल के माध्यम से सूचित किया जाएगा.

एफ) चयनित उम्मीदवारों को केवल लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में उपस्थित होना होगा, साथ ही सीवीआरडीई द्वारा भेजी गई सूचना की एक प्रति भी साथ लानी होगी.

जी) उम्मीदवारों को समय-समय पर जारी होने वाले अपडेट के लिए डीआरडीओ वेबसाइट **(https://drdo.gov.in)** देखने की सलाह दी जाती है.

एच) आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे अपना पंजीकृत मोबाइल नंबर और ईमेल न बदलें, क्योंकि महत्वपूर्ण जानकारी एसएमएस/ईमेल के माध्यम से सूचित की जाएगी.

आई) उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा शुरू होने से पहले सत्यापन हेतु सभी प्रमाण पत्र मूल रूप में प्रस्तुत करने होंगे. रिपोर्टिंग समय के दौरान स्व-सत्यापित दस्तावेजों का एक सेट जमा करना होगा.

जे) उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे साक्षात्कार के समय आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, पैन कार्ड, वोटर आईडी आदि जैसे मूल फोटो पहचान पत्र साथ लाएं.

के) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर) के उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी मूल जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है.

एल) किसी भी उम्मीदवार द्वारा फेलोशिप का पुरस्कार अधिकार के रूप में दावा नहीं किया जाएगा. उम्मीदवार का चयन पूर्णतः सीवीआरडीई के निदेशक के विवेक पर निर्भर करेगा.

एम) फेलोशिप का प्रस्ताव प्रचलित नियमों के अनुसार सीमित अवधि के लिए पूरी तरह से अस्थायी प्रकृति का है और यह डीआरडीओ में स्थायी नियुक्ति का कोई अधिकार प्रदान नहीं करता है.

एन) उम्मीदवार को निदेशक, सीवीआरडीई की स्वीकृति पर फेलोशिप की अवधि के दौरान किसी भी विश्वविद्यालय/संस्थान में अंशकालिक पीएचडी के लिए पंजीकरण करने की अनुमति दी जा सकती है.

ओ) शोध अनुदेश अवधि के दौरान किसी भी समय एक महीने की पूर्व सूचना देकर शोध अनुदेश समाप्त किया जा सकता है. अनुदेशार्थी एक महीने की पूर्व सूचना देकर इस्तीफा दे सकते हैं.

पी) सीवीआरडीई इस विज्ञापन में संशोधन/परिवर्तन करने या इसे तत्काल रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

क्यू) यदि कोई विवाद होता है, तो वह केवल मद्रास/चेन्नई (तमिलनाडु) पर अधिकार क्षेत्र रखने वाले न्यायालयों/न्यायाधीशों के अधीन होगा.

आर) सीवीआरडीई के निदेशक बिना पूर्व सूचना के उम्मीदवारी रद्द करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखते हैं.

एस) सीवीआरडीई, अवाडी चेन्नई सेंट्रल रेलवे स्टेशन से 25 किलोमीटर और किलंबक्कम बस स्टैंड से 38 किलोमीटर दूर स्थित है.

**IX. महत्वपूर्ण ईमेल/संपर्क विवरणः**

ए) पत्राचार के लिए ईमेल पता **pmhr.cvrde@gov.in** है

बी) **किसी भी अन्य संबंधित पूछताछ के लिए, कार्यदिवसों (सोमवार से शुक्रवार) को सुबह 9:30 से शाम 5:00 बजे तक, कृपया 044-26362136 पर संपर्क करें.**

अनुलग्नक-I

**डीआरडीओ के सीवीआरडीई में जूनियर रिसर्च फेलोशिप के लिए आवेदन**

पासपोर्ट आकार की नवीनतम तस्वीर चिपकाएं

1. विषय/क्षेत्र : ....................
2. पूरा नाम (बड़े अक्षरों में) : ....................
3. पिता/पति का नाम : ....................
4. (ए) वैवाहिक स्थिति (विवाहित/अविवाहित): ....................
   (बी) राष्ट्रीयताः ....................
5. (ए) श्रेणी (सामान्य/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/पीएच/ तीसरा लिंग): ....................
   (बी) जन्मतिथिः ....................
   (सी) आवेदन की तिथि पर आयुः वर्ष.................. महीने .................. दिन ....................
6. संपर्क के लिए पताः ....................
   ....................
   ....................
   राज्यः .................... पिन कोडः ....................
   संपर्क विवरणः लैंडलाइन (एसटीडी कोड सहित) .................... मोबाइल नंबरः ....................
   ई-मेल पता : ....................
7. स्थायी आवासीय पताः ....................
   ....................
   ....................
   राज्यः .................... पिन कोडः ....................
8. **शैक्षणिक योग्यता (एसएससी/मैट्रिक से आगे की योग्यता के लिए, स्व-सत्यापित प्रतियां संलग्न करें)**

| उत्तीर्ण परीक्षा | विषय | विश्वविद्यालय/बोर्ड | उत्तीर्णता का वर्ष | डिवीजन/श्रेणी | प्रतिशत अंक/सीजीपीए |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

9. **अनुभव, यदि कोई हो :**

| संगठन का नाम | पद का नाम/विषय | सेवा की अवधि | | पद छोड़ने का कारण |
|---|---|---|---|---|
| | | तिथि से | तिथि तक | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

(शेष पृष्ठ 5 पर)

(पृष्ठ 4 का शेष)

10. क्या आप यूजीसी/सीएसआईआर/नेट/गेट परीक्षा में उत्तीर्ण हैं: हां/नहीं
यदि हां, तो विस्तृत जानकारी दें (प्रमाण संलग्न करें)

11. कोई अन्य विवरण:

**घोषणा:**

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि ऊपर दी गई सभी जानकारियां मेरी जानकारी के अनुसार सही हैं और मैंने कुछ भी नहीं छिपाया है. यदि किसी भी समय यह पाया जाता है कि मैंने कोई जानकारी छुपाई/विकृत की है, तो मेरी फेलोशिप बिना किसी पूर्व सूचना के तत्काल समाप्त की जा सकती है. मैं मुझे सौंपे गए कर्तव्यों को निभाने और उनका निर्वहन करने के लिए तैयार हूं.

स्थानः .......................

तारीख : ....................... (उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

**अनुलग्नक-II**

**कैडर नियंत्रण प्राधिकारी (सीसीए) को सूचना देने संबंधी घोषणा**

मैं ................................................ नियमित/ तदर्थ/ संविदा आधार पर ............ .........................कार्यालय में वेतन बैंड ............... में ग्रेड पे ...................... के अनुसार ........................ रुपये/समेकित वेतन रुपये प्रति माह के हिसाब से कार्यरत हूं. मैं यह भी प्रमाणित करता हूं कि मैंने अपने कैडर नियंत्रण प्राधिकारी (सीसीए) को सूचित कर दिया है कि सीवीआरडीई, अवाडी, चेन्नई में .......................................... पद के लिए आवेदन किया है.

**(* जो भी लागू न हो उसे काट दें)**

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

**अनुलग्नक III**

**अनापत्ति प्रमाणपत्र**

प्रमाणित किया जाता है कि श्रीमान/श्रीमती .......................................... इस कार्यालय में नियमित/तदर्थ/अनुबंध आधार पर कार्यरत हैं.उनका वेतनमान............................ है और समेकित वेतन ...................... है, जिसमें ग्रेड पे ............................ प्रति माह शामिल है. इस कार्यालय को डीआरडीओ में नियुक्ति के लिए उनकी उम्मीदवारी पर विचार किए जाने पर कोई आपत्ति नहीं है. यदि उनका चयन होता है, तो उन्हें उनकी नियुक्ति की शर्तों के अनुसार पद से मुक्त कर दिया जाएगा.

**(* जो लागू न हो उसे काट दें)**

**(मुहर सहित कार्यालय प्रमुख के हस्ताक्षर)**

CBC 10301/11/0051/2627 EN 14/66

भारत सरकार

# नागर विमानन मंत्रालय

राजीव गांधी भवन

**सफदरजंग एयरपोर्ट क्षेत्र, नई दिल्ली-03**

नागर विमानन मंत्रालय, नागरिक विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) में पे मैट्रिक्स में लेवल 13ए में **उप महानिदेशक (डीजी)** के 04 रिक्त पदों को प्रतिनियुक्ति आधार पर भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है. विस्तृत विज्ञापन, आवेदन जमा करने की प्रक्रिया के साथ, मंत्रालय की वेबसाइट **www.civilaviation.gov.in** पर, **शीर्षक - टेंडर एवं नोटिस - भर्ती अधिसूचना (वेब लिंक https://www.civilaviation.gov.in/tenders-notices/recruitment)** - के अंतर्गत, शीर्षक 'बीसीएएस में पे मैट्रिक्स में लेवल-13ए में डीडीजी के पद को प्रतिनियुक्ति आधार पर भरना' के साथ उपलब्ध है.

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि रोज़गार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **छह सप्ताह** है.

CBC 03101/11/0001/2627 EN 14/69

# भारी उद्योग मंत्रालय

भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई) पूर्णतः अनुबंध के आधार पर अंतरराष्ट्रीय सहयोग प्रभाग के लिए समयबद्ध इनपुट करने हेतु अंतरराष्ट्रीय सहयोग प्रभाग में **01 (एक) परामर्शदाता ग्रेड-2** को नियुक्त करने हेतु आवेदन आमंत्रित करता है. पद का विवरण, पारिश्रमिक, निबंधन और शर्तें तथा अनुबंध की अवधि, पात्रता, अनुभव आदि भारी उद्योग मंत्रालय के पोर्टल (**https://heavyindustries.gov.in/**) पर दिए गए विज्ञापन के अनुसार हैं. पात्र उम्मीदवार भारी उद्योग मंत्रालय के पोर्टल (**https://heavyindustries.gov.in/**)/ रोज़गार समाचार (जो भी बाद में हो) पर विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **15 दिनों के भीतर** विज्ञापन में दिए गए लिंक पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे. भारी उद्योग मंत्रालय के अंतरराष्ट्रीय सहयोग प्रभाग में अनुबंध के आधार पर परामर्शदाता ग्रेड-2 के लिए गूगल फॉर्म आवेदन लिंक भी भारी उद्योग मंत्रालय के पोर्टल (**https://heavyindustries.gov.in/**) पर विस्तृत विज्ञापन के साथ उपलब्ध कराया गया है.

EN 14/37

# संघ लोक सेवा आयोग

सत्यमेव जयते

## घोषणा

**भारतीय वन सेवा (प्रधान) परीक्षा, 2026 में प्रवेश हेतु अर्हता प्राप्त उम्मीदवारों के लिए सिविल सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2026 का परिणाम.**

आयोग ने सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा, 2026 के ज़रिए आयोजित स्क्रीनिंग टेस्ट का परिणाम घोषित कर दिया है. यह परिणाम उन उम्मीदवारों के लिए है जो भारतीय वन सेवा (मुख्य) परीक्षा, 2026 में शामिल होने के लिए योग्य पाए गए हैं. परिणाम आयोग की वेबसाइट **(www.upsc.gov.in)** पर उपलब्ध है. सभी योग्य उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि उन्हें आयोग की वेबसाइट पर नीचे दी गई जानकारी भरने और जमा करने के लिए एक विंडो (समय-सीमा) दी जाएगी:-

(क) भारतीय वन सेवा (प्रधान) परीक्षा, 2026 में प्रवेश के लिए शुल्क से छूट प्राप्त उम्मीदवारों, जैसे महिला/पीडब्ल्यूबीडी/अ.जा./अ.ज.जा. उम्मीदवारों, को छोड़कर शेष सभी उम्मीदवारों को 200 रुपए का शुल्क जमा करने हेतु.

(ख) स्क्राइब विवरण, सहायक विवरण तथा बड़े फॉन्ट में प्रश्न-पत्र (प्रधान परीक्षा के लिए) के लिए विवरण प्रस्तुत करने/अद्यतन करने हेतु.

(ग) भारतीय वन सेवा (प्रधान) परीक्षा, 2026 के लिए संवर्ग वरीयता प्रस्तुत करने हेतु.

अपेक्षित विवरण भरने तथा इसे प्रस्तुत करने हेतु ऑनलाइन विंडो खुलने की तारीख की घोषणा आयोग की वेबसाइट पर यथासमय की जाएगी.

यह नोट किया जाए कि दिनांक 04.02.2026 की भारतीय वन सेवा (प्रधान) परीक्षा नियमावली, 2026 में यह स्पष्ट रूप से उल्लिखित है कि भारतीय वन सेवा (प्रधान) परीक्षा के लिए अर्हता प्राप्त सभी उम्मीदवारों को इस विंडो के दौरान पोर्टल **(https://upsconline.nic.in)** पर **अनिवार्य रूप से लॉग-इन** करना होगा और अपने विवरण आदि को अद्यतन और/या उसकी पुनः पुष्टि करनी होगी तथा आवेदन पत्र जमा करना होगा ताकि आयोग ई-प्रवेश पत्र जारी कर सके ऐसा न करने पर ऐसे उम्मीदवारों को परीक्षा के अगले चरणों में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

जिन उम्मीदवारों ने अपेक्षित दस्तावेज/जानकारी पहले ही अपलोड कर दी है और जिनके पास अद्यतन/भरने के लिए कोई जानकारी नहीं है, उन्हें भी लॉग-इन करना होगा और विवरणों को सत्यापित करने के बाद अंत में जमा करना होगा ताकि भारतीय वन सेवा (प्रधान) परीक्षा, 2026 के लिए प्रवेश-पत्र जारी हो सके.

भारतीय वन सेवा (प्रधान) परीक्षा, 2026 में प्रवेश हेतु अर्हता प्राप्त करने वाले सिविल सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2026 के उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे अधिक जानकारी के लिए कृपया आयोग की वेबसाइट का अवलोकन करें.

CBC 55101/11/0004/2627 EN 14/43

No. Admin-12011(16)/2/2024-eoffice

भारत सरकार

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय

# केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन

## (औषध अनुभाग)

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, क्षेत्रीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला, गुवाहाटी में प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) के आधार पर नीचे उल्लिखित पद को भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है. इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे अपना आवेदन पूर्ण बायोडाटा सहित श्री पवन कुमार, उप निदेशक (प्रशा.), केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ), एफडीए भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली-110002 को रोज़गार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर प्रस्तुत करें.

2. अधिक विवरण के लिए कृपया सीडीएससीओ की वेबसाइट **https://cdsco.gov.in** देखें.

| क्र. सं. | पद का नाम | 7वें सीपीसी के अनुसार वेतन | पदों की संख्या | कार्यालय, जिसके लिए पद भरा जाना है |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वैज्ञानिक अधिकारी | 7वें सीपीसी का वेतन स्तर-10 (रु. 56100 - 177500) | 01 | क्षेत्रीय औषध परीक्षण प्रयोगशाला, गुवाहाटी |

निदेशक (प्रशा.)

सी.डी.एस.सी.ओ. मुख्यालय, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली-110002

CBC 17194/11/0011/2627 EN 14/64

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
बेटी बचाओ
बेटी पढ़ाओ

# पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे

**मालीगांव, गुवाहाटी, असम**
**संस्कृत कोटे के तहत भर्ती 2026-27**
**रोज़गार सूचना सं. 2/2026**
**शुरुआत की तिथि - 04.07.2026, अंतिम तिथि - 03.08.2026**

इस अधिसूचना में दिए गए निर्धारित प्रारूप के अनुसार लेवल-2 (जीपी 1900) के निम्नलिखित पदों पर सांस्कृतिक कोटा के अंतर्गत भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

| क्र. सं. | सांस्कृतिक प्रतिभा (विषय/क्षेत्र) | पद की सं. |
|---|---|---|
| 1 | सैक्सोफोन वादक | 01 |
| 2 | पश्चिमी शास्त्रीय पियानोवादक | 01 |

**1. योग्यताएं: (ए) अनिवार्य: न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता**

एनटीपीसी श्रेणियों के लिए कुल मिलाकर कम से कम 50% अंकों के साथ 12वीं (+2 चरण) या इसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है; अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पूर्व सैनिक/दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) और अनिवार्य न्यूनतम योग्यता से अधिक योग्यता वाले उम्मीदवारों के लिए यह आवश्यक नहीं है.

**अथवा**

तकनीकी श्रेणियों के लिए मैट्रिकुलेशन के साथ-साथ एनसीवीटी/एससीवीटी द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रम पूर्ण किया हुआ एक्ट अप्रेंटिस.

**अथवा**

तकनीकी श्रेणियों के लिए मैट्रिकुलेशन के साथ-साथ एनसीवीटी/एससीवीटी द्वारा अनुमोदित आईटीआई की योग्यता आवश्यक है.

आवेदन जमा करने की तिथि पर उम्मीदवारों के पास अपेक्षित शैक्षणिक और व्यावसायिक योग्यता होनी चाहिए. जो उम्मीदवार अंतिम परीक्षा में शामिल हो रहे हैं या परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे हैं, वे पात्र नहीं हैं.

**नोट:** टाइपिस्ट श्रेणी में नियुक्त होने वाले व्यक्ति को टाइपिंग कौशल आवश्यक है.

नियुक्ति की तिथि से दो वर्ष की अवधि के भीतर अंग्रेजी में 30 शब्द प्रति मिनट या हिंदी में 25 शब्द प्रति मिनट की दक्षता प्राप्त करना आवश्यक है और तब तक इस श्रेणी में उनकी नियुक्तियां अस्थायी रहेंगी.

(ii) सांस्कृतिक प्रतिभा के संबंधित क्षेत्र में अधिसूचित डिग्री, डिप्लोमा/प्रमाण पत्र, सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त संस्थान से प्रमाणपत्र प्राप्त होना चाहिए.

**(बी) वांछनीय:**

(i) अनुप्रयुक्त विषय में क्षेत्र का अनुभव और अखिल भारतीय रेडियो, दूरदर्शन आदि पर प्रदर्शन

(ii) अनुप्रयुक्त विषय में राष्ट्रीय स्तर पर जीते गए पुरस्कार/इनाम)

**2(ए) आयु सीमा: (01.07.2026 को आयु)**

| अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति |
|---|---|---|
| 18 से 30 वर्ष | 18 से 33 वर्ष | 18 से 35 वर्ष |

किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड से प्राप्त मैट्रिकुलेशन या उसके समकक्ष प्रमाणपत्र की प्रति, या जन्म प्रमाणपत्र जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए.

**2 (बी). आयु में छूट की सीमा:**

(i) रेलवे में कार्यरत कर्मचारी, जिनमें आकस्मिक श्रमिक भी शामिल हैं, जिन्होंने तीन वर्ष की निरंतर सेवा पूरी कर ली है और वे स्थानापन्न कर्मचारी, जिन्होंने तीन वर्ष की निरंतर सेवा या तीन वर्ष की खंडित सेवा पूरी कर ली है. अधिकतम आयु: अनारक्षित-40 वर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग-43 वर्ष और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति-45 वर्ष.

(ii) विधवा/तलाकशुदा महिलाएं और न्यायिक रूप से अलग हुई महिलाएं, जिन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया है. अधिकतम आयु: अनारक्षित-35 वर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग-38 वर्ष, अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति-40 वर्ष

(iii) (मानक दिव्यांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी). संबंधित समुदायों में दिव्यांगता प्रमाणपत्र उचित प्रारूप में प्रस्तुत करने पर आयु में 10 वर्ष की छूट दी जाएगी.

(iv) **पूर्व सैनिक:** पूर्व सैनिकों के लिए ऊपरी आयु सीमा में रक्षा बलों में दी गई सेवा अवधि के अतिरिक्त 3 वर्ष, बशर्ते उन्होंने लगातार कम से कम 6 महीने की सेवा की हो, अधिकतम सीमा तक छूट दी जा सकती है. पूर्व सैनिक जो आयु में छूट का लाभ उठाने के बाद नागरिक क्षमता में सरकारी सेवा में शामिल हो चुके हैं, वे इस लाभ के पात्र नहीं हैं.

(v) वे व्यक्ति जो 01.01.1980 से 31.12.1989 की अवधि के दौरान सामान्यतः जम्मू-कश्मीर राज्य में अधिवासित थे: 05 वर्ष तक की छूट.

3. **चिकित्सा मानक:** चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति से पहले रेलवे चिकित्सा प्राधिकरण द्वारा पद के लिए निर्धारित चिकित्सा परीक्षा से गुजरना होगा.

4. **तैनाती एवं प्रशिक्षण का स्थान:**

(i) चयनित उम्मीदवारों को एनएफ रेलवे के अधिकार क्षेत्र में किसी भी स्थान पर तैनात किया जा सकता है.

(ii) चयनित उम्मीदवारों को पद के लिए निर्धारित प्रशिक्षण से गुजरना होगा और उन्हें एक वचन पत्र पर हस्ताक्षर करके निर्धारित न्यूनतम अवधि के लिए रेलवे प्रशासन की सेवा करने के लिए सहमत होना होगा.

(iii) चयनित उम्मीदवारों को रेलवे प्रशासन द्वारा समय-समय पर आयोजित सभी सांस्कृतिक कार्यक्रमों/प्रतियोगिताओं में भाग लेना होगा.

5. **शर्तें और प्रक्रिया:**

(i) आवेदन की तिथि तक सांस्कृतिक गतिविधियों से संबंधित आवश्यक प्रमाणपत्र, साथ ही आयु, योग्यता आदि से संबंधित प्रमाणपत्रों की प्रतियां, सभी विधिवत स्व-सत्यापित करके आवेदन के साथ संलग्न की जानी चाहिए.

(ii) आवेदन के साथ 24 सेमी x 10 सेमी आकार के सही पते वाले लिफाफे, जिन पर 6 रुपये का डाक टिकट लगा हो, भेजे जाने चाहिए. (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को ऐसे लिफाफे भेजने की आवश्यकता नहीं है.)

(iii) **फोटोग्राफ:** आवेदन पत्र के साथ ऊपर विधिवत हस्ताक्षरित पासपोर्ट आकार के तीन हालिया फोटोग्राफ संलग्न किए जाने चाहिए और दो प्रतियां (जिन पर हस्ताक्षर भी किए गए हों) जमा करनी चाहिए.

(iv) सांस्कृतिक कोटा भर्ती के लिए समुदायवार आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है. यह चयन सभी उम्मीदवारों के लिए खुला है और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को, अधिसूचना के विरुद्ध आवेदन करने पर, अपनी नियुक्ति श्रेणियों के अनुसार आवश्यक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने होंगे. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए अनुलग्नक- 'सी' में दिए गए प्रमाणपत्र के अनुसार अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को यह प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा कि वे 'क्रीमी लेयर' से संबंधित नहीं हैं, जैसा कि अनुलग्नक-डी में दिया गया है.

(v) आवेदन केवल नीचे दिए गए विशिष्ट प्रपत्र में ही किए जाने हैं. क्रमांक 1 से 10 तक के सभी विकल्प केवल अंग्रेजी में ही भरे जाने चाहिए.

(vi) उपयुक्त पाए गए और रेलवे में नियुक्त उम्मीदवारों को निर्दिष्ट और संबंधित पद के लिए लागू प्रशिक्षण से गुजरना होगा.

(vii) सांस्कृतिक पदों के लिए नियुक्त उम्मीदवारों को उच्च वेतन निर्धारण स्वीकार्य नहीं होगा.

6. **आवेदन किस पते पर करें:**

(i) आवेदन पत्र को **वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी/भर्ती प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी कार्यालय, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे मुख्यालय, मालीगांव, गुवाहाटी-781011, जिला - कामरूप (एम)**, असम के पते पर दाखिल करें.

(ii) लेवल 2 (जीपी रु. 1900) के पदों के लिए अपना आवेदन (निर्धारित प्रारूप में) सभी आवश्यक संलग्नक के साथ, केवल साधारण डाक/ स्पीड पोस्ट द्वारा अथवा भर्ती अनुभाग, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी कार्यालय, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे मुख्यालय, मालीगांव, गुवाहाटी के पते पर भेजें अथवा वहां रखे गए आवेदन बॉक्स में जमा करें.

(iii) आवेदन पत्र **03-08-2026** को या उससे पहले **17:30 बजे** तक सही पते पर पहुंच जाना चाहिए (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, जम्मू-कश्मीर, लाहौल और स्पीति जिलों, हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के पांगी उपमंडल, लक्षद्वीप और विदेश में रहने वाले उम्मीदवारों के लिए अंतिम तिथि **13-08-2026** है). डाक में देरी या गलत डिलीवरी के लिए रेलवे प्रशासन जिम्मेदार नहीं है.

(iv) आवेदन वाले लिफाफे के शीर्ष पर स्पष्ट रूप से "सांस्कृतिक कोटा के तहत आवेदन, ई.एन. संख्या 02/2026, जीपी- रु. 1900/-, विषय --------- और समुदाय ------------" अंकित होना चाहिए.

7. **परीक्षा शुल्क का भुगतान:**

(i) उप-पैरा (1) में उल्लिखित उम्मीदवारों को छोड़कर सभी उम्मीदवारों के लिए: केवल 500/- रुपये (पांच सौ रुपये) (लिखित परीक्षा में वास्तव में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को 400/- रुपये की वापसी का प्रावधान सहित). आईपीओ पीएफए/एनएफ रेलवे के पक्ष में जारी किया जाना चाहिए और मालीगांव डाकघर, गुवाहाटी-781011 में देय होना चाहिए. उम्मीदवारों को आईपीओ में अपना नाम और पूरा पता लिखना होगा.

(ii) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पूर्व सैनिक/मानक विकलांगता वाले व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी), महिला, अल्पसंख्यक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों के लिए: मात्र 250/- रुपये (दो सौ रुपये), लिखित परीक्षा में वास्तव में उपस्थित होने वालों को यह राशि वापस करने के प्रावधान सहित.

(iii) 'अल्पसंख्यक' से तात्पर्य मुस्लिम, ईसाई, बौद्ध, पारसी और सिखों से है. आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग से तात्पर्य उन उम्मीदवारों से है जिनकी पारिवारिक आय 50,000/- रुपये प्रति वर्ष से कम है. आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों की पहचान के लिए आय प्रमाण पत्र जारी करने हेतु निम्नलिखित अधिकारी अधिकृत हैं:

(ए) जिला मजिस्ट्रेट या तहसीलदार स्तर तक का कोई अन्य राजस्व अधिकारी.

(बी) लोकसभा के मौजूदा सांसद अपने निर्वाचन क्षेत्र के व्यक्तियों के लिए.

(सी) बीपीएल कार्ड या केंद्र सरकार द्वारा किसी मान्यताप्राप्त गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जारी किया गया कोई अन्य प्रमाण पत्र या रेलवे द्वारा जारी किया गया इज्जत एमएसटी.

(डी) केंद्रीय मंत्री देश के किसी भी हिस्से से किसी भी व्यक्ति के लिए सिफारिश कर सकते हैं.

(ई) राज्यसभा के मौजूदा सांसद उस जिले के व्यक्तियों के लिए, जिसमें सांसद सामान्यतः निवास करते हैं.

उपरोक्त पैरा-3(ii) में उल्लिखित प्राधिकारियों द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र संलग्न अनुलग्नक-बी में दिए गए प्रारूप के अनुसार होना चाहिए. यह प्रमाण पत्र जारीकर्ता प्राधिकारी के लेटरहेड पर जारी किया जाना चाहिए.

8. **भर्ती योजना:** (i) अधिसूचना के उत्तर में आवेदन करने वाले और सांस्कृतिक कोटा के तहत नियुक्ति के लिए पात्र पाए जाने वाले उम्मीदवारों का मूल्यांकन निम्नलिखित आधार पर किया जाएगा:

| | | |
|---|---|---|
| चरण-I | लिखित परीक्षा (लिखित परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न शामिल होंगे) | 50 अंक |
| चरण- II | संबंधित क्षेत्र में प्रतिभा का मूल्यांकन | |
| | (i) व्यावहारिक प्रदर्शन के आधार पर | 35 अंक |
| | (ii) प्रशंसापत्र/पुरस्कार आदि | 15 अंक |
| | **कुल अंक: (चरण I + चरण II)** | **100 अंक** |

(ii) **लिखित परीक्षा में नकारात्मक अंकन होगा और वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए आवंटित अंकों का 1/3 भाग प्रत्येक गलत उत्तर के लिए काटा जाएगा.**

(iii) लिखित परीक्षा का माध्यम या तो हिंदी या अंग्रेजी होगा.

(iv) प्रथम और द्वितीय चरण के लिए न्यूनतम अर्हता प्रतिशत 40% है. प्रथम चरण में उत्तीर्ण होने पर ही उम्मीदवार द्वितीय चरण भर्ती प्रक्रिया के लिए पात्र होंगे.

(v) रिक्तियों की संख्या के केवल 5 गुना तक, योग्यता क्रम के अनुसार, वे उम्मीदवार जिन्होंने लिखित परीक्षा में 50 अंकों में से न्यूनतम 40% अंक प्राप्त किए हैं, उन्हें व्यावहारिक प्रदर्शन और प्रमाण पत्र/पुरस्कार आदि के अंकन के लिए बुलाया जाएगा. लिखित परीक्षा की योग्यता सूची ही चयन का मानदंड होगी.

(vi) प्रथम और द्वितीय चरण उत्तीर्ण करने के बाद और भर्ती समिति की सिफारिश के बाद, उम्मीदवार को योग्यता क्रम के अनुसार प्राप्त अंकों के आधार पर रेलवे अस्पताल में चिकित्सा परीक्षा के लिए भेजा जाएगा. अंतिम पैनल 100 अंकों में से प्राप्त अंकों के आधार पर योग्यता क्रम के अनुसार तैयार किया जाएगा.

(vii) ऐसे उम्मीदवार के लिए रेलवे चिकित्सा प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित पद के लिए निर्धारित चिकित्सा श्रेणी में फिट घोषित किया जाना अनिवार्य है.

(viii) लिखित परीक्षा में प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के बहुविकल्पीय होंगे, (इसमें सामान्य ज्ञान, सामान्य विज्ञान, सामान्य गणित, योग्यता कौशल आदि शामिल हैं. लिखित परीक्षा की अवधि 60 मिनट है और सामान्य अंग्रेजी और हिंदी भाषा, व्यावसायिक ज्ञान, तर्क क्षमता में उत्तीर्ण होने के लिए 40% अंक आवश्यक हैं.)

(ix) संबंधित सांस्कृतिक क्षेत्र में प्रतिभा का मूल्यांकन प्रासंगिक व्यावहारिक प्रदर्शन/दस्तावेज/ प्रमाण पत्र/ पुरस्कार के आधार पर.

(x) लिखित परीक्षा, व्यावहारिक प्रदर्शन / प्रैक्टिकल परीक्षा / कागजात के सत्यापन का समय और स्थान.

रेलवे द्वारा लिखित परीक्षा/प्रैक्टिकल परीक्षा स्थगित करने के अनुरोध के लिए पात्र उम्मीदवारों को उचित समय पर सूचित किया जाएगा. किसी भी परिस्थिति में कोई भी अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा.

**नोट:** लिखित परीक्षा और दक्षता परीक्षा मालीगांव, गुवाहाटी में आयोजित की जाएगी.

लिखित परीक्षा में शामिल होने के लिए रेलवे पास (जब भी मान्य हो) अनिवार्य है.

9. **निःशुल्क यात्रा सुविधा:** अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को वैध जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर द्वितीय श्रेणी या व्यावहारिक प्रदर्शन के लिए निःशुल्क यात्रा पास जारी किए जाएंगे. अन्य सभी उम्मीदवारों को अपने खर्च पर परीक्षा में शामिल होना होगा.

10. **अनिवार्य संलग्नक:** स्व-सत्यापित फोटोकॉपी (i) आयु प्रमाण पत्र, (ii) शैक्षिक/तकनीकी योग्यता, (iii) सांस्कृतिक योग्यता, (iv) अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग (एससी/एसटी/ओबीसी) प्रमाण पत्र, (v) कार्यक्रम भागीदारी प्रमाण पत्र और पुरस्कार (vi) अन्य योग्यता प्रमाण पत्र आदि.

11. **महत्वपूर्ण निर्देश:**

(i) पात्रता, स्वीकृति या अस्वीकृति से संबंधित सभी मामलों में पूर्वोत्तर सीमा रेलवे प्रशासन का निर्णय उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा और इस संबंध में किसी भी प्रकार की पूछताछ या पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा.

(शेष पृष्ठ 7 पर)

(पृष्ठ 6 का शेष)

(ii) अधिसूचना के अंतर्गत पद(पदों) के लिए आवेदन करने से पहले, उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे आयु, शैक्षणिक योग्यता, सांस्कृतिक योग्यता सहित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं. यदि उम्मीदवार अधिसूचना के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तक किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड, विश्वविद्यालय/संस्थान से आवश्यक तकनीकी/शैक्षणिक/सांस्कृतिक योग्यता प्राप्त कर चुके हैं, तो वे पात्र नहीं होंगे और इसलिए उन्हें आवेदन नहीं करना चाहिए. निर्धारित योग्यता के लिए अंतिम परीक्षा के परिणामों की प्रतीक्षा कर रहे उम्मीदवारों को भी आवेदन नहीं करना चाहिए.

(iii) आवेदन पत्र में नाम, पिता का नाम और अन्य विवरणों की वर्तनी मूल प्रमाण पत्र के अनुसार होनी चाहिए. यदि कोई विसंगति पाई जाती है, तो चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में आवेदन को अस्वीकार किया जा सकता है.

(iv) अनिवार्य संलग्नकों के बिना आवेदन अस्वीकृत कर दिए जाएंगे. मूल जाति प्रमाण पत्र अनुलग्नक-सी एवं डी के बिना, जहां भी लागू हो, आवेदन अस्वीकृत कर दिए जाएंगे.

(v) जो आवेदन प्रारूप (अनुलग्नक-ए) के अनुसार नहीं होगा, उसे अस्वीकार कर दिया जाएगा.

(vi) बिना हस्ताक्षर वाले आवेदन, बड़े अक्षरों में किए गए हस्ताक्षर, या अपूर्ण आवेदन अस्वीकृत कर दिए जाएंगे.

(vii) यदि आवेदन पत्र पर बाएं हाथ के अंगूठे का निशान नहीं लगा है/धुंधला है/गंदा है, तो आवेदन अस्वीकृत कर दिया जाएगा.

(viii) आवेदन अस्वीकृत कर दिया जाएगा यदि आवेदक की आयु अधिक पाई जाती है, कम पाई जाती है, या जन्मतिथि अधूरी या गलत भरी हुई पाई जाती है.

(ix) इस रोजगार सूचना के जारी होने की तिथि से पहले जारी किया गया आईपीओ स्वीकार नहीं किया जाएगा और आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा.

(x) उम्मीदवार आईपीओ पर अपना नाम और पता लिखें और इसे आवेदन पत्र के साथ एक स्व-संबोधित स्टाम्पयुक्त (6 रुपये मूल्य का) लिफाफा (आकार 24x10 सेमी) संलग्न करें.

(x) आईपीओ पीएफए/एमएलजी के पक्ष में जारी किया जाना चाहिए और केवल मालिगांव डाकघर में ही देय होना चाहिए, अन्यथा आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा. आईपीओ पर किसी भी प्रकार की काट-छांट, मिटाने या दोबारा लिखने पर आवेदन तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा.

(xi) नकद/चेक/केंद्रीय भर्ती स्टाम्प या मनी ऑर्डर के साथ प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे.

(xii) नकद/चेक/ केंद्रीय भारतीय स्टैंप अथवा मनी ऑर्डर के साथ प्राप्त किए गए आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएंगे.

(xiii) आवेदन पत्र के साथ केवल स्व-सत्यापित प्रतियां ही भेजी जा सकती हैं. चयन साक्षात्कार के समय मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने होंगे.

(xiv) चयनित उम्मीदवार निर्धारित प्रशिक्षण के अधीन सीमांत रेलवे में सेवा करने के लिए उत्तरदायी होंगे. पूर्वोत्तर में कहीं भी किसी भी पद/विभाग में सेवा करने के लिए भी वे उत्तरदायी होंगे.

(xv) चयनित उम्मीदवारों को विभिन्न पदों के लिए निर्धारित मानदंडों के अनुसार चिकित्सा परीक्षा से गुजरना होगा.

(xvi) पहले से कार्यरत उम्मीदवारों को उचित माध्यम से अपना आवेदन जमा करना चाहिए या नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करना चाहिए.

(xvii) उम्मीदवारों को आवेदन पत्र में दिए गए स्थान पर अपना मोबाइल नंबर और ईमेल पता अवश्य देना चाहिए.

(xviii) इस अधिसूचना में दी गई किसी भी शर्त को पूरा न करने वाले आवेदनों को तत्काल अस्वीकार कर दिया जाएगा.

(xix) आवेदक के पास आवेदन जमा करने की तिथि पर अपेक्षित शैक्षणिक और सांस्कृतिक योग्यताएं होनी चाहिए.

(xx) चयन/लिखित परीक्षा आदि में उपस्थित होने के लिए कोई टीए/डीए/आवास नहीं दिया जाएगा.

12. सिफारिश करनाः उम्मीदवार द्वारा किसी भी रूप में सिफारिश करना, दुर्व्यवहार करना या कदाचार करना.

किसी भी कानूनी विवाद के लिए क्षेत्राधिकार गुवाहाटी के केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण के अधीन होगा.

यह निषिद्ध है और इस प्रकार की गतिविधि में लिप्त होने को गंभीरता से लिया जाएगा. ऐसे उम्मीदवारों की उम्मीदवारी तत्काल रद्द कर दी जाएगी और इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा. इस मामले में सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा और किसी भी मंच पर इस पर सवाल नहीं उठाया जा सकता.

नोटः उपरोक्त अधिसूचना और आवेदन पत्र हमारी आधिकारिक वेबसाइट www.nfr.indianrailways.gov.in पर भी उपलब्ध हैं. उपरोक्त अधिसूचना में किसी भी परिवर्तन/संशोधन को हमारी आधिकारिक वेबसाइट www.nfr.indianrailways.gov.in पर प्रकाशित किया जाएगा. सभी उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे नियमित रूप से उपरोक्त वेबसाइट पर जाकर इस संबंध में नवीनतम जानकारी प्राप्त करते रहें.

प्रयुक्त संक्षिप्त रूपः 1. जीपी (ग्रेड पे), 2. अनुसूचित जाति (एससी), 3. अनुसूचित जनजाति (एसटी), 4. अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), 5. गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल), 6. मासिक मौसमी टिकट (एमएसटी).

वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी/भर्ती
पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे/मालीगांव
गुवाहाटी-781011

**पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे**

मुस्कान के साथ ग्राहक सेवा

EN 14/9

---

# अंतर-विश्वविद्यालय त्वरक केंद्र

(विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का एक स्वायत्त निकाय)

अरुणा आसफ अली मार्ग,
नई दिल्ली-110067

## विज्ञापन सं. 06/2026

अंतर-विश्वविद्यालय त्वरक केंद्र (आईयूएसी), जो भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का एक स्वायत्त केंद्र है, पात्र भारतीय नागरिकों से सीधी भर्ती के आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता हैः-

| क्र. सं. | पदनाम | पदों की संख्या | आयु सीमा | वेतन स्तर (7वें वेतन आयोग के अनुसार) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वैज्ञानिक-सी | 05 (अनारक्षित-03, ई.डब्ल्यू.एस.-01 अनुसूचित जनजाति-01) | 26 वर्ष | लेवल-10 (रु. 56100-177500) |
| 2 | कनिष्ठ अभियंता-सी | 02 (अनारक्षित -01, (अन्य पि. वर्ग-01) | 30 वर्ष | लेवल-6 (रु. 35400-112400) |
| 3 | पुस्तकालय सहायक-सी | 01 (अनारक्षित) | 34 वर्ष | लेवल-6 (रु. 35400-112400) |

पदों से संबंधित पूरी जानकारी के लिए कृपया www.iuac.res.in/vacancies देखें। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 4 अगस्त, 2026 है। यदि कोई परिशिष्ट/शुद्धिपत्र/अद्यतन होगा, तो वह केवल IUAC की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।

-कृते-
प्रशासनिक अधिकारी
(कार्मिक)

EN 14/23

---

# सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी

Sardar Vallabhbhai Patel National Police Academy

(भारत सरकार : गृह मंत्रालय)
(Government of India : Ministry of Home Affairs)
हैदराबाद- 500052 : Hyderabad - 500052

संख्या 15011/01/2021/Estt/A4-P1/ दिनांकः 16.06.2026

सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, शिवरामपल्ली, हैदराबाद - 500052 में प्रतिनियुक्ति के आधार पर नीचे दिए गए पदों को भरने के लिए केंद्र सरकार के कार्यालयों/विभागों/संगठनों/पीएसयू के योग्य अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

| क्र. सं. | पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | सीनियर साइंटिफिक असिस्टेंट | 02 |
| 2. | लैंग्वेज इंस्ट्रक्टर | 01 |
| 3. | स्टेनोग्राफर ग्रेड 1 | 03 |
| 4. | जूनियर लेबोरेटरी असिस्टेंट | 01 |
| 5. | इलेक्ट्रीशियन | 01 |

2. प्रत्येक पद के लिए वेतन, जरूरी योग्यता, अन्य पात्रता शर्तें और आवेदन फॉर्म की जानकारी अकादमी की वेबसाइट http://www.svpnpa.gov.in/vacancies पर उपलब्ध है. पूरी तरह से भरा हुआ आवेदन और सभी जरूरी दस्तावेज, 'रोजगार समाचार' में इस रिक्ति परिपत्र के छपने की तारीख से छह हफ्ते (42 दिन) के अंदर उपयुक्त माध्यम से सहायक निदेशक, (स्थापना), सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, शिवरामपल्ली, हैदराबाद-500 052 के पास पहुंच जाने चाहिए.

प्रशासनिक अधिकारी (स्थापना)
एसवीपी एनपीए, हैदराबाद

EN 14/39

---

भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

# केन्द्रीय सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार (सीआरसीएस) का कार्यालय

विज्ञापन संख्या EN 4/76 की ओर संदर्भ आमंत्रित किया जाता है, जो रोजगार समाचार के 25 अप्रैल - 1 मई 2026 संस्करण में प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध (एसटीसी) सहित) आधार पर निम्नलिखित तकनीकी पदों को भरने के लिए प्रकाशित किया गया था, जिसमें आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 10.06.2026 निर्धारित की गई थीः

| क्र. सं. | पद का नाम (वेतन स्तर) | रिक्तियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अतिरिक्त रजिस्ट्रार (स्तर 13) | 02 |
| 2 | संयुक्त रजिस्ट्रार (स्तर 12) | 05 |
| 3 | उप रजिस्ट्रार (स्तर 11) | 02 |
| 4 | सहायक रजिस्ट्रार (स्तर-10) | 01 |
| 5 | वरिष्ठ सहकारी अधिकारी (स्तर 7) | 02 |

2. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 10.07.2026 तक बढ़ा दी गई है. विज्ञापन के अन्य नियम और शर्तें यथावत रहेंगी.

3. विवरण सहकारिता मंत्रालय की वेबसाइट www.cooperation.gov.in (लिंक-What's New-Vacancies) और सीआरसीएस वेबसाइटः www.crcs.gov.in पर भी देखे जा सकते हैं.

EN 14/47

# राष्ट्रीय बहु दिव्यांगता जन सशक्तिकरण संस्थान (दिव्यांगजन) (एनआईईपीएमडी)

(दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (दिव्यांगजन),
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार)
मुत्तुकाडु, ईस्ट कोस्ट रोड, कोवलम (पी.ओ.),
चेन्नई– 603 112 तमिल नाडु – भारत।
फोनः 044 – 27472113, 27472423. मेबाइल : 94443 14716
टोल–फ्री नंबर : 18004250345 www.niepmd.nic.in.
ईमेल : niepmd@gmail.com, niepmdhrd@gmail.com
~ (NAAC B+2nd Cycle द्वारा पुनः मान्यता प्राप्त) ~

## एडमिशन सूचना – 2026–27

| | |
|---|---|
| क्लिनिकल साइकोलॉजी में मास्टर्स (2 साल)* | एनआईईपीएमडी (डी) प्रवेश परीक्षा के माध्यम से दाखिला, कृपया www.niepmd.nic.in पर जाएँ। |
| अर्ली इंटरवेंशन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा PGDEI (1 साल) | 15.07.2026 |
| एम.एड. स्पेशल एजुकेशन (एक से ज्यादा विकलांगताएँ) (2 साल) | 14.08.2026 |
| बी.एड. स्पेशल एजुकेशन (एक से ज्यादा विकलांगताएँ) (2 साल) | 30.07.2026 |
| डी.एड. स्पेशल एजुकेशन (एक से ज्यादा विकलांगताएँ) (2 साल) | RCI की ओर से एडमिशन प्रोसेस की घोषणा की जाएगी। |
| ऑफिस ऑटोमेशन और असिस्टिव टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा (1 साल)** | BDU के जरिए एडमिशन के लिए, कृपया https://onlinesbi.sbi.bank.in/sbicollect/icollecthome.htm?corpID=378892 पर जाएँ। |
| केयर गिविंग में सर्टिफिकेट कोर्स (RCI) (1 साल) | RCI की ओर से एडमिशन प्रोसेस की घोषणा की जाएगी। |

* सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए RCI और एफिलिएशन के लिए तमिलनाडु डॉ. एम जी आर मेडिकल यूनिवर्सिटी की मंजूरी जरूरी है।
** पात्रता केवल दिव्यांगजनों (PwD) के लिए

- दिव्यांगजनों (PwD) के लिए कोई आवेदन शुल्क नहीं है।
- आवेदन प्रक्रिया, पात्रता, नियमों, दिशानिर्देशों और एनआईईपीएमडी (डी) में पेश किए जा रहे पाठ्यक्रम व अन्य कोर्स के बारे में विस्तार से जानने के लिए, कृपया www.niepmd.nic.in पर प्रोस्पेक्टस देखें।
- तमिलनाडु सरकार/राज्य सरकार/नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल की योजनाओं के अनुसार OBC/SC/ST/PwD स्कॉलरशिप लागू हैं।

हस्ता/–
निदेशक

EN 14/34

# भारतीय थल सेना
## JOIN INDIAN ARMY AS AN OFFICER
www.joinindianarmy.nic.in

## अधिकारी प्रविष्टियां

1. निम्नलिखित कोर्सों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :-

(क) 68वां अल्पसेवा कमीशन (तकनीकी) कोर्स (महिला) अप्रैल 2027 के लिए.

(ख.) 68वां अल्पसेवा कमीशन (तकनीकी) कोर्स (पुरुष) अप्रैल 2027 के लिए.

2. ऑनलाइन आवेदन निम्नलिखित अवधि तक खुले रहेंगे :-

(क) अल्पकालिक सेवा कमीशन (तकनीकी) कोर्स - महिला - 08 जुलाई से 06 अगस्त 2026

(ख) अल्पकालिक सेवा कमीशन (तकनीकी) कोर्स - पुरुष - 09 जुलाई से 07 अगस्त 2026

## Officer Entries

1. Applications are invited for the following courses.-

(a) 68th Short Service Commission (Tech) Women Course - April 2027

(b) 68th Short Service Commission (Tech) Men Course - April 2027

2. Online applications will remain open as under:-

(a) SSCW (Tech) Course - Women - 08 July to 06 August 2026

(b) SSC (Tech) Course - Men - 09 July to 07 August 2026

नोट

1. सेना में भर्ती पूर्णतया पारदर्शी और मुफ्त है. दलालों से सावधान रहें.

2. विस्तृत नोटिफिकेशन और जानकारी के लिए, कृपया www.joinindianarmy.nic.in पर जाएं.

Note:

1. Recruitment in the Army is totally transparent and free. Beware of touts.

2. For detailed Notification, please visit www.joinindianarmy.nic.in.

CBC 10601/11/0008/2627 EN 14/87

भारत सरकार/Government of India

# उपभोक्ता मामले विभाग
## Department of Consumer Affairs
कृषि भवन, नई दिल्ली

दिनांक : 18.06.2026

### रिक्ति सूचना

पूर्णतः अस्थायी आधार पर रु. 40,000/- प्रति माह के समेकित मासिक पारिश्रमिक पर 02 [दो] यंग प्रोफेशनल्स की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.
2. आवश्यक योग्यताओं, अनुभव, अन्य नियमों और शर्तों तथा आवेदन के प्रारूप/मोड के विवरण के लिए, http://www.consumeraffairs.nic.in पर जाएं. इच्छुक उम्मीदवार (केवल भारतीय नागरिक) केवल ऑनलाइन [URL: https://jagograhakjago.gov.in/vacancy] पर आवेदन कर सकते हैं. उम्मीदवार 19.07.2026 (शाम 5.30 बजे तक) तक आवेदन कर सकते हैं. ऑनलाइन मोड के अलावा प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा.

भारत सरकार के अवर सचिव
उपभोक्ता मामले विभाग

EN 14/49

वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग

# प्रवर्तन निदेशालय

प्रवर्तन निदेशालय में प्रतिनियुक्ति के आधार पर निम्नलिखित पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

| क्रम संख्या | पद का नाम | वेतनमान |
|---|---|---|
| 1. | सहायक प्रवर्तन अधिकारी | वेतन मैट्रिक्स स्तर-7 में (44,900-1,42,400 रुपए) |
| 2. | सहायक | वेतन मैट्रिक्स स्तर-6 में (35,400-1,12,400 रुपए) |
| 3. | उच्च श्रेणी लिपिक | वेतन मैट्रिक्स स्तर-4 में (25,500- 81,100 रुपए) |
| 4. | स्टाफ कार चालक (ग्रेड-II) | वेतन मैट्रिक्स स्तर-4 में (25,500 - 81,100 रुपए) |

पात्रता संबंधी निबंधन एवं अन्य शर्तों के ब्यौरे हेतु, कृपया हमारी वेबसाइट https://www.enforcementdirectorate.gov.in/others/vacancies/ देखें. आवेदन निर्धारित प्रारूप में सभी प्रकार से पूर्ण तथा संबंधित दस्तावेजों सहित उचित माध्यम से **संयुक्त निदेशक (स्थापना), प्रवर्तन निदेशालय, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम रोड, नई दिल्ली-110011** को भेजा जाये. ये खुली रिक्तियों का परिपत्र है तथा प्रत्येक माह के अंतिम दिन तक प्राप्त पूर्ण आवेदनों पर उपलब्ध रिक्तियों के लिए अगले माह में चयन हेतु विचार किया जाएगा. यह प्रक्रिया तब तक जारी रहेगी जब तक सभी रिक्तियां भर नहीं जाती.

सहायक निदेशक (स्थापना)
(ई-मेल आईडी/ E-mail id: adest-ed@gov.in)

CBC 15304/11/0003/2627 EN 14/92

# सरदार वल्लभभाई राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान
सूरत- 395007, गुजरात (भारत)
## Sardar Vallabhbhai National Institute of Technology
Surat-395 007, Gujarat (India)

### एम. टेक. प्रवेश 2026-27
इंस्टीट्यूट स्पॉट राउंड (सीसीएमटी-2026 की बची हुई सीटें)
GATE, Non-GATE और स्पॉन्सर्ड कैंडिडेट्स

शैक्षणिक वर्ष 2026-27 के लिए सीसीएमटी 2026 की प्रक्रिया पूरी होने के बाद, अगर कोई सीट खाली रह जाती है, तो उन्हें भरने के लिए इंस्टीट्यूट स्पॉट राउंड के जरिए दो साल (यानी चार सेमेस्टर) के फुल-टाइम एम. टेक. प्रोग्राम में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. इसके अलावा, सभी प्रोग्राम में स्पॉन्सर्ड कैंडिडेट्स के लिए 5 सीटें (बिना स्टाइपेंड वाली) उपलब्ध हैं. ज्यादा जानकारी के लिए कृपया https://www.svnit.ac.in/web/admission.php पर जाएं.

**आवेदन करने के लिए, कृपया यहां जाएंः**
**https://mis.svnit.ac.in/svmtech**

कृपया ध्यान दें कि सभी मामलों में SVNIT सूरत के डायरेक्टर का फ़ैसला अंतिम होगा.

EN 14/31 रजिस्ट्रार

## वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद्
# वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग
**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार**
अनुसंधान भवन, 2 रफ़ी मार्ग, नई दिल्ली-110001

सहायक अनुभाग अधिकारी के पद हेतु भर्ती सूचना
(यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा 2024 के गैर-अनुशंसित उम्मीदवारों से)
विज्ञापन संख्या E-I/RC/2026/2

ऑनलाइन आवेदन जमा करने की आरंभ तिथिः 23.06.2026
ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथिः 13.07.2026

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा-2024 के गैर-अनुशंसित अभ्यर्थियों से वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (डीएसआईआर, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त निकाय) में सीधी भर्ती के आधार पर वेतन मैट्रिक्स लेवल-7 में **सहायक अनुभाग अधिकारी** के 100 पदों को भरने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. रिक्तियों, योग्यता, आयु सीमा और ऑनलाइन आवेदन पत्र आदि की पूरी जानकारी CSIR की वेबसाइट **https://www.csir.res.in** पर उपलब्ध है.

उप सचिव (आरसी)

CBC 36202/11/0005/2627

EN 14/8

## डिस्क्लेमर

रोजगार समाचार में प्रकाशित आलेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने होते हैं. यह आवश्यक नहीं है कि ये विचार सरकार अथवा उस संगठन के हों, जिससे वे संबंधित हैं. रोजगार समाचार में प्रकाशित विज्ञापनों की सामग्री संगठन अथवा उनके प्रतिनिधियों से संबंधित होती है. अभ्यर्थियों को आवेदन करने से पहले सामग्रियों के सही होने और उनके प्रभावों के बारे में स्वयं को अवश्य संतुष्ट कर लेना चाहिए. इन विज्ञापनों की विषयवस्तु/पाठ्य सामग्री को लेकर उत्पन्न किसी भी दायित्व के प्रति रोज़गार समाचार जिम्मेदार नहीं है.

## इस्लामिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

अवंतीपोरा, कश्मीर

टेली 01933-247954/247955 वेबसाइट www.iust.ac.in

### संक्षिप्त विज्ञापन सूचना सं.: 07/ 2026

**दिनांकः 19-06-2026**

कश्मीर स्थित इस्लामिक यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (आईयूएसटी) के निम्नलिखित विभागों/केंद्रों में प्रोफेसरों के स्थायी/प्रतिनियुक्त पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. नियुक्तियां विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) विनियम, 2018 (समय-समय पर संशोधित), लागू नियमों, अध्यादेशों और विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार होंगी.

- अरबी भाषा एवं साहित्य विभाग
- इस्लामी अध्ययन विभाग
- अंग्रेजी भाषा एवं साहित्य विभाग
- उर्दू भाषा एवं साहित्य संवर्धन केंद्र
- शिक्षा विभाग
- अंतर्राष्ट्रीय संबंध केंद्र
- दर्शनशास्त्र विभाग
- गणितीय विज्ञान विभाग
- रसायन विज्ञान विभाग
- प्राणीशास्त्र विभाग
- मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग
- इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार इंजीनियरिंग विभाग
- वाटसन क्रिक सेंटर फॉर मॉलिक्यूलर मेडिसिन्स
- मंताकी विज्ञान एवं समाज केंद्र
- आध्यात्मिक अध्ययन के लिए अंतर्राष्ट्रीय केंद्र
- व्यावसायिक अध्ययन केंद्र

**नोटः दिनांक 01-01-2026 तक आवेदकों की आयु 60 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए.**

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन फॉर्म उपलब्धता की तिथिः | 20-06-2026 |
| ऑनलाइन आवेदन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि | 10-07-2026 (**शाम 4:30 बजे**) |
| आवेदन पत्र की हार्डकॉपी जमा करने की अंतिम तिथि | 15-07-2026 (**शाम 5:00 बजे**) |

विस्तृत विज्ञापन सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.iust.ac.in पर उपलब्ध है.

***क्रमांक** आईयूएसटी/रेग/एडम/एडीवी/26/289*

***दिनांकः** 19-06-2026* **रजिस्ट्रार**

EN 14/22

## केरल केंद्रीय विश्वविद्यालय

**(केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 के तहत स्थापित)**

**तेजस्विनी हिल्स, पेरिया डाक, कासरगोड-671325**

सं. सीयूके/आरसी/10/टीईएसीएच/ईएन/2026 दिनांक : 10 जून, 2026

### विभिन्न शिक्षण पदों के लिए विज्ञापन

विभिन्न रिक्त शिक्षण पदों को नियमित आधार पर भरने के लिए पात्र भारतीय नागरिकों/भारत के प्रवासी नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

1. विज्ञापन सं. सीयूके/आरसी/10/टीईएसीएच/ईएन/2026 दिनांकित : 10.06.2026 (विभिन्न विभागों में रिक्त शिक्षण पदों के लिए).
2. विज्ञापन सं. सीयूके/आरसी/11/टीईएसीएच/आईटीईपी/ईएन/2026 दिनांकित : 10.06.2026 (इंटीग्रेटेड टीचर एज्युकेशन प्रोग्राम - आईटीईपी में रिक्त विभिन्न शिक्षण पदों के लिए).

**अधिक जानकारी के लिए कृपया www.cukerala.ac.in देखें.**

**ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने का लिंकः https://curec.samarth.ac.in**

**ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि : 10.07.2026, 11:59 पी.एम.**

**हार्ड कॉपी आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि : 25.07.2026, 05:00 पी.एम.**

**कुलसचिव**

CBC 21353/11/0001/2627

EN 14/85

## श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय

काकरयाल, कटरा - 182320 (जम्मू-कश्मीर)

(UGC की धारा 2(f) और 12(B) के तहत मान्यताप्राप्त एक राज्य विश्वविद्यालय)

### संकाय भर्ती सूचना 2/2026

श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय (एसएमवीडीयू) विभिन्न विषयों में अलग-अलग अकादमिक पदों (प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर) पर सीधी भर्ती के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है.

योग्यता के मानदंड, क्वालिफिकेशन, रिक्ति का वितरण, आरक्षण, सामान्य शर्तें और आवेदन प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी एसएमवीडीयू की वेबसाइट **www.smvdu.ac.in** पर 'JOBS' सेक्शन में उपलब्ध है. सभी इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले वहां उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन को ध्यान से पढ़ लें.

**ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 22-07-2026 है और डाउनलोड किए गए आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी दस्तावेजों के साथ जमा करने की अंतिम तिथि 03-08-2026 है.**

EN 14/50

## राजीव गाँधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान (आरजीआईपीटी)

**संसद के अधिनियम के अधीन स्थापित राष्ट्रीय महत्व का एक संस्थान**

वेबसाइटः www.rgipt.ac.in

### भर्ती सूचना

राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान (RGIPT) निम्नलिखित अस्थायी पदों पर अनुबंध के आधार पर योग्य एवं प्रतिभाशाली भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है।

| पद का नाम | विज्ञापन संख्या | रिक्तियाँ | अधिकतम आयु | समेकित वेतन |
|---|---|---|---|---|
| प्रशिक्षण एवं नियोजन अधिकारी | RGIPT/Rect./TPO/ 2026/01 | 02 | 45 वर्ष | ₹2,00,000/- प्रतिमाह |
| अधीक्षक (ग्रेड-I) लेखा | RGIPT/Jais/NTS/Contract/06/2026 | 01 | 35 वर्ष | ₹50,000/- से ₹60,000/- प्रतिमाह |

पात्रता मानदंड, ऑनलाइन आवेदन एवं अन्य विवरणों के लिए **https://rgipt.ac.in/en/page/recruitment** पर जाएं।

विशेष जानकारी हेतु ई-मेल करें: recruitment_nts@rgipt.ac.in

संस्थान विज्ञापित किसी भी पद को न भरने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथिः 15 जुलाई 2026**

EN 14/13

## एमएसएमई प्रौद्योगिकी केन्द्र, भोपाल

**(सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के अंतर्गत भारत सरकार की संस्था)**

**प्रवेश सूचना 2026-27 एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त डिप्लोमा पाठ्यक्रम**

एमएसएमई प्रौद्योगिकी केन्द्र भोपाल सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के अंतर्गत अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण एवं प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए भारत सरकार (स्वायत्तशासी) के द्वारा स्थापित किया गया संस्थान है। एमएसएमई प्रौद्योगिकी केन्द्र भोपाल निम्नलिखित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश की घोषणा करता है।

| पाठ्यक्रम | कोर्स अवधि | सीटें | न्यूनतम योग्यता | संस्थान का प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| डिप्लोमा इन टूल एंड डाई मेकिंग (**डीटीडीएम**) (एआईसीटीई और आरजीपीवी भोपाल से मान्यता प्राप्त) | 3 वर्ष | 60 | गणित और विज्ञान विषयों के साथ उम्मीदवार को 10वीं पास होना चाहिए। | केंद्र सरकार स्वायत्त संस्था |
| डिप्लोमा इन मेकाट्रोनिक्स (डीआईएम) (एआईसीटीई और आरजीपीवी भोपाल से मान्यता प्राप्त) | 3 वर्ष | 60 | | |

**आवेदन कैसे करें:** उपरोक्त दोनों पाठ्यक्रमों में प्रवेश मध्य प्रदेश राज्य डीटीई काउन्सलिंग (डिप्लोमा पाठ्यक्रम) के माध्यम से किया जाएगा। ऑनलाइन पंजीकरण निकटतम एमपी ऑनलाइन कियोस्क अथवा वेब पोर्टल dte.mponline.gov.in के माध्यम से किया जा सकता है। डीटीई – मध्य प्रदेश पोर्टल पर सीएलसी राउंड के लिए **04.07.2026** से **12.08.2026** तक है। अधिक जानकारी के लिए डीटीई मध्य प्रदेश की वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** देखें।

**पंजीयन-सह-विकल्प भरण शुल्क:** तकनीकी शिक्षा निदेशालय मध्यप्रदेश (MP-DTE) के दिशा-निर्देशों के अनुसार।

**सीट आरक्षण: अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर)/आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग (EWS)** के लिए शासकीय नियमानुसार आरक्षण लागू होगा, जो संबंधित अभ्यर्थी पर प्रभावी होगा, बशर्ते वे प्रमाणिक जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करें।

**शिक्षण शुल्क:** प्रत्येक पाठ्यक्रम के हेतु रु.19,000/- प्रति सेमेस्टर।

**अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति** के उम्मीदवारों से कोई प्रशिक्षण शुल्क नहीं लिया जाएगा, हालांकि अन्य शुल्क जो लागू होंगे, लिए जाएंगे।

**चयन की प्रक्रिया:** तकनीकी शिक्षा निदेशालय मध्यप्रदेश (एमपी-डीटीई) के दिशा-निर्देशों के अनुसार।

**प्लेसमेंट:** एमएसएमई प्रौद्योगिकी केन्द्र भोपाल द्वारा पाठ्यक्रम पूरा होने के बाद अपने छात्रों को रोजगार दिलाने के लिए साक्षात्कार की व्यवस्था की जाएगी।

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:**

एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर, भोपाल, प्लॉट नंबर 259/2, 261, 267/2/1, इंडस्ट्रियल एस्टेट, स्पेशल एजुकेशन जोन, अचारपुरा, भोपाल – 462038 (एमपी) भारत,

संपर्क नंबर. 8976205645, 8983124588, 8788552414, 9618840013, 9039851511

ईमेलः msmetcbhopal@gmail.com वेबसाइटः www.msmetcbhopal.org

EN 14/52

संख्याः 46/2/2026-प्रशासन-I

भारत सरकार

## नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

**अटल अक्षय ऊर्जा भवन, केंद्रीय कार्यालय परिसर के सामने**

**लोधी रोड, नई दिल्ली-110003**

सत्यमेव जयते

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय में **वैज्ञानिक 'डी' (03 पद)** और **वैज्ञानिक 'सी' (03 पद)** पे लेवल-12 (रु. 78,800-2,09,200/-) और लेवल-11 (रु. 67,700-2,08,700/-), क्रमशः, को प्रतिनियुक्ति/अल्पकालिक अनुबंध के आधार पर भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. रिक्ति परिपत्र का पूरा विवरण नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की वेबसाइट **'www.mnre.gov.in'** पर उपलब्ध है.

**उपरोक्त पते पर निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोज़गार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन है.**

**भारत सरकार के अवर सचिव**

CBC 28101/11/0001/2627 EN 14/41

आज़ादी का अमृत महोत्सव

# सी एस आई आर - केन्द्रीय यांत्रिक अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान
वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद
महात्मा गाँधी एवेन्यू, दुर्गापुर-713209 (पश्चिम बंगाल)

## विज्ञापन सं. 01/2026

**ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ होने की तारीख : 04.07.2026 को सुबह 10.00 बजे IST**
**ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख: 03.08.2026 को अपराह्न 05.00 बजे IST**

**सीएसआईआर/भारत सरकार ऐसे कार्यबल बनाने के लिए प्रयासरत है, जिससे आर एंड डी के लिए सहायक कर्मियों में लैंगिक संतुलन कायम रहे एवं महिला कर्मी आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित हो**
सीएसआईआर-केंद्रीय यांत्रिक अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीएमईआरआई), दुर्गापुर वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के अधीन एक प्रमुख संस्थान है, जो आर्थिक, पर्यावरण तथा भारत के लोगों के सामाजिक हितों के लिए वैज्ञानिक परिक्षेत्रों में मूलभूत तथा प्रयुक्त प्रकृति दोनों के एकाधिक परिक्षेत्र के अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रमों में शामिल है। यांत्रिक अभियांत्रिकी के लिए समर्पित एक मात्र राष्ट्रीय प्रयोगशाला के रूप में, सीएसआईआर-सीएमईआरआई का मुख्य मिशन यांत्रिक अभियांत्रिकी एवं संबंधित क्षेत्रों में अनुसंधान करना एवं लागत प्रभावी तथा मूल्य वर्द्धित प्रौद्योगिकी का विकास करना है। सीएसआईआर-सीएमईआरआई के मिशन का एक और तत्व स्थाई सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय कौशल विकास की पहल में महत्वपूर्ण योगदान करना है। सीएसआईआर-सीएमईआरआई का लक्ष्य एक वैश्विक अनुसंधान एवं विकास संस्थान के रूप में उभरना है, जिसमें उद्योगों का भरोसा हो एवं यांत्रिक अभियांत्रिकी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में समाज के लिए दृष्टिगोचर हो।
सीएसआईआर-सीएमईआरआई, दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल) तथा लुधियाना (पंजाब) में स्थित इसके विस्तारित केंद्र में नीचे उल्लेखित ट्रेडों में 27 अदद टेक्निशियन-1 (ग्रुप-II) पदों को भरने के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पदों तथा अन्य विवरण का ब्यौरा नीचे उल्लेखित है:

| पद कोड | पद का नाम | ट्रेड | पदों की सं. एवं आरक्षण की स्थिति | पे लेवल/ पे मैट्रिक्स | आवश्यक अहर्ता | आयु की सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 260101 | टेक्निशियन (1) | फिटर | 14 [एससी-04, ओबीसी (एनसीएल)- 04, ईडब्ल्यूएस- 03, यूआर-03] | लेवल - 2 पे मैट्रिक्स (7वाँ सीपीसी) रु. 19900 - रु. 63200 (कुल परिलब्धियाँ लगभग रु. 39,000/- प्रति माह) | एसएससी/ 10 वीं कक्षा/एसएससी अथवा समकक्ष परीक्षा विज्ञान विषय के साथ न्यूनतम 55% अंकों होने चाहिए तथा मान्यताप्राप्त संस्थान से **फिटर, इलेक्ट्रिशियन/मेकानिक (इलेक्ट्रिकल पावर ड्राइव्स), इलेक्ट्रॉनिक्स मेकानिक /इंस्ट्रूमेंट मेकानिक, मशीनिस्ट, फाउंड्रीमैन, मेकानिक (मोटर वाहन/डीजल), रेफ्रिजेरेशन एवं एयर-कंडीशनिंग** में आईटीआई प्रमाणपत्र अथवा राष्ट्रीय/राज्य ट्रेड प्रमाणपत्र<br>अथवा<br>एसएससी/10वीं कक्षा अथवा समकक्ष परीक्षा विज्ञान विषय के साथ न्यूनतम 55% अंकों होने चाहिए तथा मान्यताप्राप्त संस्थान से **फिटर, इलेक्ट्रिशियन/मेकानिक (इलेक्ट्रिकल पावर ड्राइव्स), इलेक्ट्रॉनिक्स मेकानिक /इंस्ट्रूमेंट मेकानिक, मशीनिस्ट, फाउंड्रीमैन, मेकानिक (मोटर वाहन/डीजल), रेफ्रिजेरेशन एवं एयर-कंडीशनिंग** में एक अप्रेंटिस प्रशिक्षु के रूप में 2 वर्षों का पूर्णकालिक अनुभव।<br>अथवा<br>एसएससी/10वीं कक्षा अथवा समकक्ष परीक्षा विज्ञान विषय के साथ न्यूनतम 55% अंकों होने चाहिए तथा भारत सरकार/राज्य/केंद्र शासित के अधीन मंत्रालय/विभाग/संगठन/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/स्वायत्तशासी निकाय में **फिटर, इलेक्ट्रिशियन/मेकानिक (इलेक्ट्रिकल पावर ड्राइव्स), इलेक्ट्रॉनिक्स मेकानिक /इंस्ट्रूमेंट मेकानिक, मशीनिस्ट, फाउंड्रीमैन, मेकानिक (मोटर वाहन/डीजल), रेफ्रिजेरेशन एवं एयर-कंडीशनिंग** में 3 वर्षों का कार्य अनुभव। | 18 वर्ष से 28 वर्ष (भारत सरकार के नियमानुसार एससी/ओबीसी-एनसीएल/ पीडब्ल्यूबीडी/ईएसएम आदि के लिए छूट उपलब्ध है) |
| 260102 | टेक्निशियन (1) | इलेक्ट्रिशियन / मेकानिक (इलेक्ट्रिकल पावर ड्राइव्स) | 04 [यूआर-04] | | | |
| 260103 | टेक्निशियन (1) | इलेक्ट्रॉनिक्स मेकानिक/ इंस्ट्रूमेंट मेकानिक | 04 [यूआर-पीडब्ल्यूबीडी (एचएच)-01, यूआर-पीडब्ल्यूबीडी (ओएच)-01, यूआर-02] | | | |
| 260104 | टेक्निशियन (1) | मशीनिस्ट | 02 [ईडब्ल्यूएस-01, यूआर-01] | | | |
| 260105 | टेक्निशियन (1) | फाउंड्रीमैन | 01 [यूआर-01] | | | |
| 260106 | टेक्निशियन (1) | मेकानिक (मोटर वाहन/ डीजल) | 01 [ओबीसी (एनसीएल)-01] | | | |
| 260107 | टेक्निशियन (1) | रेफ्रिजेरेशन एवं एयर-कंडीशनिंग | 01 [यूआर-01] | | | |

**उपरोक्त उल्लिखित कुल 27 पदों में से 02 पद ESM के लिए क्षैतिज रूप से आरक्षित है।**

विस्तृत विज्ञापन, नियम एवं शर्तों, अन्य आवश्यक जानकारी तथा ऑनलाइन आवेदन जमा करने एवं तत्पश्चात संयोजन/संशोधन इत्यादि से संबंधित और अधिक जानकारी के लिए इच्छुक पात्र उम्मीदवार संस्थान की वेबसाइट : **www.cmeri.res.in ➡ career ➡ vacancies ➡ Advt. No. 01/2026** पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

प्रशासन नियंत्रक/
**Controller of Administration**

EN 14/35

---

भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय

# ग्रामीण विकास विभाग

(प्रशिक्षण प्रभाग)
कर्तव्य भवन-3, नई दिल्ली - 110001

**भर्ती सूचना**

राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडी एंड पीआर), हैदराबाद, ग्रामीण विकास मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन एक स्वायत्त संगठन है. एनआईआरडी एंड पीआर ग्रामीण विकास में प्रशिक्षण, अनुसंधान, क्रियात्मक अनुसंधान और परामर्श संबंधी कार्य करता है. यह उत्कृष्ट अवसंरचना तथा अत्याधुनिक अनुसंधान और कंप्यूटर सुविधाओं से समर्थित एक अंत:विषयक शैक्षणिक वातावरण प्रदान करता है.

ग्रामीण विकास मंत्रालय, एनआईआरडी एंड पीआर, हैदराबाद में **रजिस्ट्रार एवं निदेशक (प्रशासन)** के पद के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित करता है.

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेतन बैंड और ग्रेड वेतन (6ठे सीपीसी) | रु. 37400-67000 + जी.पी. रु. 8700 (6ठे सीपीसी के अनुसार) |
| 2 | भर्ती की पद्धति | प्रतिनियुक्ति आधार |
| 3 | कार्यकाल | तीन वर्ष |
| 4 | आयु सीमा | 56 वर्ष, आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख तक |

निर्धारित प्रारूप में आवेदन कैडर नियंत्रक प्राधिकारी/विभाग के माध्यम से उप सचिव (प्रशिक्षण), ग्रामीण विकास मंत्रालय, ग्रामीण विकास विभाग, 5बी, द्वितीय तल, इंडिया हैबिटेट सेंटर, लोधी रोड, नई दिल्ली - 110003 को भेजे जाने चाहिए. अर्हताओं और अनुभव के विवरण सहित आवेदन पत्र **https://www.dord.gov.in/** या **https://nirdpr.org.in/** से डाउनलोड किया जा सकता है.

**अंतिम तारीख: विज्ञापन की तारीख से 30 दिन.**

उप सचिव, भारत सरकार
ईमेल आईडी: **pradeep.kr67@nic.in**

CBC 35101/11/0002/2627 EN 14/90

---

BRIC a DBT Organization | ILS INSTITUTE OF LIFE SCIENCES SEEKING INSIGHTS INTO LIFE

# बीआरआईसी-इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ साइंसेज, भुवनेश्वर

*(भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग का एक स्वायत्त अनुसंधान संस्थान)*

## प्रयोगशाला तकनीशियन के पद के लिए विज्ञापन

विज्ञापन क्रमांक 20/2026 दिनांक: 17.06.2026

बीआरआईसी-इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ साइंसेज (आईएलएस), भुवनेश्वर, की ओर से केवल पात्र भारतीय नागरिकों से **लैब टेक्नीशियन** के 01 पद श्रेणी: ओबीसी (**नॉन-क्रीमी लेयर**) के लिए आवेदन आमंत्रित हैं. विज्ञापन और आवेदन पत्र की विस्तृत जानकारी **www.dbtindia.nic.in** और **www.ils.res.in** पर उपलब्ध है.

पूर्ण आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोज़गार समाचार (एम्प्लॉयमेंट न्यूज) में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **21 दिन** है.

EN 14/21

भारत सरकार

**महानिदेशालय केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल**

(गृह मंत्रालय)

ब्लॉक-13, सीजीओ कॉम्प्लेक्स लोदी रोड, नई दिल्ली-110003

**केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में सहायक कमाण्डेन्ट/अग्नि (प्रतिनियुक्ति आधार पर सामान्य-02 पद) की रिक्तियों को भरना.**

केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में पे बैंड-3, रु. 15600-39100 सह ग्रेड पे रु. 5400/- (संशोधित पे लेवल-10 (रु. 56100-177500) पे मैट्रिक्स में 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार), **सहायक कमाण्डेन्ट (अग्नि)** (सामान्य केन्द्रीय सेवा, समूह 'क', राजपत्रित, गैर-मंत्रालयीय) के रैंक में 3 वर्षों के लिए प्रतिनियुक्ति के आधार पर 02 (दो) पद (सामान्य-02) को भरने के लिए आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं.

आवेदन-पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **60 दिन.**

विवरणों के लिए, कृपया सीआईएसएफ की वेबसाइट **www.cisf.gov.in** पर लॉग ऑन करें.

**CBC 19113/11/0005/2627**

**EN 14/3**

# राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस)
# National Institute of Open Schooling (NIOS)

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था)

(An Autonomous Institution under Ministry of Education, Govt. of India)

ए-24-25, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर-62, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201309

A-24-25, Institutional Area, Sector-62, NOIDA, Uttar Pradesh-201309

विद्याधनं सर्वधनप्रधानम् NIOS

## विश्व की सबसे बड़ी मुक्त विद्यालयी शिक्षा प्रणाली

## सांकेतिक रिक्ति अधिसूचना

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था है। यह संस्थान पूर्व-स्नातक स्तर तक मुक्त और दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। एनआईओएस निम्नलिखित समूह 'क', 'ख' एवं 'ग' पदों हेतु पात्र अभ्यर्थियों से प्रतिनियुक्ति आधार पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है :-

| क्र.सं. | पद का नाम | पे मैट्रिक्स का स्तर | पद(दों) की संख्या | समूह | आरक्षण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक निदेशक (शैक्षिक) | स्तर-11 (₹67700-208700) | तीन (03) | समूह क | लागू नहीं |
| 2. | शैक्षिक अधिकारी (हिंदी) | स्तर-10 (₹56100-177500) | एक (01) | समूह क | लागू नहीं |
| 3. | पुस्तकालयाध्यक्ष | स्तर-10 (₹56100-177500) | एक (01) | समूह क | लागू नहीं |
| 4. | अनुभाग अधिकारी | स्तर-7 (₹44900-142400) | चौदह (14) | समूह ख | लागू नहीं |
| 5. | सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी | स्तर-7 (₹44900-142400) | एक (01) | समूह ख | लागू नहीं |
| 6. | सहायक | स्तर-4 (₹25500-81100) | चौदह (14) | समूह ग | लागू नहीं |

उपर्युक्त रिक्तियां एनआईओएस मुख्यालय तथा पूरे भारत भर में स्थित इसके 20 क्षेत्रीय केंद्रों के लिए हैं। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे ऑनलाइन माध्यम से आवेदन पत्र भरते समय पदस्थापन के लिए अपनी पसंद के तीन विकल्प दें।

आवेदन www.nios.ac.in पर ऑनलाइन जमा किए जाएं। किसी भी ऑफलाइन आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन जमा करने संबंधी विस्तृत जानकारी हेतु कृपया एनआईओएस की कार्यालयी वेबसाइट www.nios.ac.in देखें।

निर्धारित एनआईओएस पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि रोज़गार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **30 दिन** तक होगी।

**एनआईओएस/आरसी/02/2026** **सचिव**

@nioshq @niostwit @in/nioshq1/ @nioslivevideo

**EN 14/53**

भारत सरकार

**परमाणु ऊर्जा विभाग परिवर्ती ऊर्जा साइक्लोट्रॉन केन्द्र**

संक्षिप्त विज्ञापन संख्या पऊसाके-5/2026

**पऊसाके, कोलकाता में 2 (दो) परियोजना सहायक-I (पीए-I) और 1 (एक) प्रधान परियोजना सहायक (पीपीए) की अस्थायी नियुक्ति के संबंध में.**

पऊसाके, कोलकाता में पूर्णतः अस्थायी तौर पर 2 (दो) **परियोजना सहायक-I (पीए-I)** और 1 (एक) **प्रधान परियोजना सहायक (पीपीए)** की नियुक्ति संबंधी विस्तृत विज्ञापन हेतु पऊसाके के होमपेज **www.vecc.gov.in** को देखें. आवेदन की अंतिम तिथि **10.07.2026** है.

**EN 14/30**


# राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस)
# National Institute of Open Schooling (NIOS)

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था)

(An Autonomous Institution under Ministry of Education, Govt. of India)

ए-24-25, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर-62, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201309

A-24-25, Institutional Area, Sector-62, NOIDA, Uttar Pradesh-201309

विद्याधनं सर्वधनप्रधानम् NIOS

## विश्व की सबसे बड़ी मुक्त विद्यालयी शिक्षा प्रणाली

## सांकेतिक रिक्ति अधिसूचना


राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था है। यह संस्थान पूर्व-स्नातक स्तर तक मुक्त और दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। एनआईओएस निम्नलिखित समूह 'क' पद हेतु पात्र अभ्यर्थियों से प्रतिनियुक्ति आधार पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है :-

| क्र.सं. | पद का नाम | पे मैट्रिक्स का स्तर | पद(दों) की संख्या | समूह | आरक्षण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उप निदेशक (लेखा) | स्तर-12 (₹78800-209200) | एक (01) | समूह क | लागू नहीं |

आवेदन www.nios.ac.in पर ऑनलाइन जमा किए जाएं। किसी भी ऑफलाइन आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन जमा करने संबंधी विस्तृत जानकारी हेतु कृपया एनआईओएस की कार्यालयी वेबसाइट www.nios.ac.in देखें।

निर्धारित एनआईओएस पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि रोज़गार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **30 दिन** तक होगी।

**एनआईओएस/आरसी/03/2026** **सचिव**

@nioshq @niostwit @in/nioshq1/ @nioslivevideo

**EN 14/44**

## महत्वपूर्ण सूचना

हम सं.लो.से.आ., क.च.आ., रेलवे भर्ती बोर्ड आदि द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के परिणाम प्रकाशित करते समय पूरी सावधानी रखते हैं. यद्यपि, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आधिकारिक अधिसूचना/गजट की जांच कर लें. अनजाने में हुई मुद्रण त्रुटि के लिए रोज़गार समाचार जिम्मेदार नहीं होगा.

## भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग

भारत सरकार
(आयुष मंत्रालय के अंतर्गत एक वैधानिक निकाय)
कार्यालयः पहली और दूसरी मंजिल, ब्लॉक धनवंतरि भवन, टी-19, रोड संख्या - 66 पंजाबी बाग (पश्चिम), नई दिल्ली - 110026

### रिक्ति सूचना

केंद्र सरकार, राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्वायत्त निकायों और सांविधिक निकायों के कर्मचारियों से निम्नलिखित पदों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | उप सचिव (वेतनमान रु. 78,800 - रु. 2,09,200 (स्तर -12) | 01 पद |
| 2. | उप परीक्षा नियंत्रक (वेतनमान रु. 67,700 - रु. 2,08,700 (स्तर -11) | 01 पद |
| 3. | अनुभाग अधिकारी (वेतनमान रु. 47,600 - रु. 1,51,100 (स्तर-08) | 06 पद |
| 4. | सहायक लाइब्रेरियन (वेतनमान रु. 35,400 - रु. 1,12,400 (स्तर -6) | 01 पद |

विस्तृत जानकारी के लिए, कृपयाः **https://ncismindia.org/advertisements.php** देखें.

**आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथिः** रोज़गार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से एक माह की अवधि तक.

CBC 17222/11/0001/2627 EN 14/25

---

जीवन ज्योत चैरिटेबल ट्रस्ट का

## कृषि विज्ञान केंद्र

जिंतूर रोड, परभणी. 431 401 फोनः 9421386929, 9420192735

कृषि विज्ञान केंद्र, परभणी, महाराष्ट्र 431 401, जो जीवन ज्योत चैरिटेबल ट्रस्ट, परभणी (एनजीओ) के प्रशासनिक नियंत्रण में है, की योजना स्कीम के अंतर्गत निम्नलिखित रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

| क्र. सं. | रिक्त पद | योग्यता |
|---|---|---|
| 1 | विषय वस्तु विशेषज्ञ — कृषि विस्तार (एक पद) | अनिवार्यः मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से कृषि विस्तार में मास्टर डिग्री या समकक्ष योग्यता.<br>वांछनीयः कृषि विस्तार में मास्टर डिग्री को प्राथमिकता दी जाएगी.<br>वेतनमानः लेवल 10 — प्रारंभिक वेतन 56,100/-<br>आयु सीमाः 35 वर्ष |
| 2 | सहायक — एक | अनिवार्यः मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री.<br>वांछनीयः बी.कॉम/एम.कॉम के साथ कंप्यूटर का कार्यसाधक ज्ञान और लेखांकन में टैली का अनुभव.<br>**वेतनमानः** पे लेवल-6 — प्रारंभिक वेतन 35,400/-<br>**आयु सीमाः** 20-30 वर्ष |

आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख रोज़गार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 30 दिन होगी.

योग्यता और अनुभव के विवरण के लिए कृपया हमारी वेबसाइट https://parbhani.kvk8.in पर लॉग ऑन करें.

EN 14/54

---

## राष्ट्रीय वित्तीय प्रतिवेदन प्राधिकरण

7वीं-8वीं मंजिल, हिंदुस्तान टाइम्स हाउस
18-20, के.जी. मार्ग, नई दिल्ली -110001

राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए), दिनांक 05 जून 2026 के रिक्ति परिपत्र के माध्यम से, गतिशील और प्रेरित चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए), कॉस्ट मैनेजमेंट अकाउंटेंट (सीएमए), कानूनी पेशेवरों और आईटी पेशेवरों से युवा पेशेवरों के रूप में नियुक्ति के लिए आवेदन-पत्र आमंत्रित करता है. यह नियुक्ति विशुद्ध रूप से संविदा आधार पर होगी, प्रारंभिक रूप से 2 (दो) वर्षों के लिए, जिसे एक बार में एक वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है, लेकिन अधिकतम कुल अवधि पांच (5) वर्ष अर्थात 2+1+1+1 वर्ष तक होगी. प्रारंभिक नियुक्ति पर वेतनमान 70,000/- रुपये प्रति माह होगा. संभावित रिक्तियां निम्न प्रकार हैं:

1. यंग प्रोफेशनल (सीए/सीएमए) - चार (04)
2. यंग प्रोफेशनल (कानूनी) - चार (04)
3. यंग प्रोफेशनल (आईटी)-वेब डिजाइनर / यूआई/यूएक्स डिजाइनर - एक (01)

विस्तृत रिक्ति परिपत्र, जिसमें पात्रता मानदंड, नियम और शर्त, और आवेदन प्रारूप शामिल हैं, एनएफआरए की वेबसाइट पर दिए गए लिंक **https://nfra.gov.in/young-professionals/** पर उपलब्ध है. इच्छुक और पात्र उम्मीदवार एनएफआरए वेबसाइट पर उपलब्ध रिक्ति परिपत्र में निर्दिष्ट अंतिम तिथि से पहले या उस तिथि तक निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं.

CBC 07122/11/0001/2627 EN 14/40

---

भारत सरकार

## इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में निम्नलिखित पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

| पद का नाम | रिक्तियों की संख्या | भर्ती का तरीका |
|---|---|---|
| उप निदेशक (राजभाषा)<br>[वेतन मैट्रिक्स का स्तर-11 (रु. 67,700-2,08,700)] | 01 | प्रतिनियुक्ति पर |

**पात्रता मापदंड**

केंद्र सरकार या राज्य सरकारों या संघ शासित प्रदेश प्रशासन या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या स्वायत्त निकायों के ऐसे अधिकारी:-

a) (i) मूल कैडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हों; **या**
(ii) वेतन मैट्रिक्स में लेवल-10 (56,100-1,77,500 रुपये) में पांच वर्ष की नियमित सेवा के साथ; **और**

b) मंत्रालय की वेबसाइट **www.meity.gov.in** और DoP&T की वेबसाइट **www.dopt.gov.in** पर दिए गए विस्तृत विज्ञापन में उल्लिखित सीधी भर्ती के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता और अनुभव रखना.

**आयु सीमाः** प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी.

नोटः आवेदन प्रारूप के लिए मंत्रालय की वेबसाइट **www.meity.gov.in** और डीओपीएंडटी की वेबसाइट **www.dopt.gov.in** पर लॉगऑन करें.

**निर्धारित प्रपत्र में विधिवत तैयार आवेदन पत्र रोज़गार समाचार में विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर उप सचिव (कार्मिक), इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन, 6, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली-110003 के पते पर पहुंच जाना चाहिए.**

CBC 06101/11/0011/2627 EN 14/26

---

संस्कृति मंत्रालय MINISTRY OF CULTURE

## साहित्य अकादेमी/SAHITYA AKADEMI

(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान / National Academy of Letters)
रवीन्द्र भवन, 35, फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110001
Rabindra Bhavan, 35, Ferozeshah Road, New Delhi-110001

### भर्ती सूचना

साहित्य अकादेमी संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था है. भारत की प्रमुख साहित्यिक संस्था होने के नाते अकादेमी स्वयं द्वारा मान्यता प्रदत्त 24 भारतीय भाषाओं में अकादेमी पुरस्कार महत्तर सदस्यता अनुदान साहित्यिक कार्यक्रमों कार्यशालाओं तथा प्रदर्शनियों के माध्यम से साहित्य को संरक्षित तथा उसे प्रोत्साहित करती है. अकादेमी भारतीय साहित्य को बढ़ावा देने के लिए विश्वभर के देशों के साथ साहित्यिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों का आयोजन करती है. अकादेमी सीधी भर्ती के आधार पर निम्नलिखित पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करती है:

| क्र.सं. | पद | पदों की संख्या | पे-लेवल (सातवां सीपीसी मैट्रिक्स) | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | उप-सचिव (सामान्य) | 02 (अनारक्षित) | लेवल-11/ रु. 67,700-2,08,700 | मुख्य कार्यालय, नई दिल्ली |
| 2. | क्षेत्रीय (सचिव) | 01-(अनारक्षित) | लेवल-11/ रु. 67,700-2,08,700 | क्षेत्रीय कार्यालय, मुंबई |

पात्रता सहित अधिक जानकारी के लिए, कृपया अकादेमी की वेबसाइट **https://sahitya-akademi.gov.in** देखें. आवेदन प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर केवल वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित प्रोफॉर्मा पर ही प्रस्तुत किया जाए.

विज्ञापन संख्याः सा.अ./50/1/2026

CBC 09104/11/0001/2627 EN 14/7

---

## सैनिक स्कूल सतारा

पोस्ट बॉक्स नंबर-20, सदर बाज़ार, ज़िला- सतारा- 415 001
सैनिक स्कूल सोसाइटी (रक्षा मंत्रालय) के तहत सीबीएसई, नई दिल्ली से संबद्ध आवासीय स्कूल

1. सैनिक स्कूल सतारा में निम्नलिखित रिक्त पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :-

| पद का नाम | रिक्ति की संख्या और श्रेणी | वेतन | उम्र | आवेदन की आखिरी तारीख |
|---|---|---|---|---|
| नर्सिंग असिस्टेंट/ नर्सिंग सिस्टर (नियमित आधार पर) | एक (01) यूआर | 7वें वेतन आयोग के अनुसार वेतन स्तर-4 बेसिक वेतन रु. 25,500/- प्रति माह | 21 जुलाई 26 को 18 से 50 साल के बीच | 21 जुलाई, 2026 |

2. इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित आवेदन फ़ॉर्म में **21 जुलाई 2026 तक प्रधानाचार्य, सैनिक स्कूल सतारा, PO बॉक्स नंबर-20, सदर बाज़ार, ज़िला- सतारा (महाराष्ट्र) - 415 001** को आवेदन कर सकते हैं.
3. योग्य और शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को चयन प्रक्रिया के लिए बुलाया जाएगा (दो हफ्ते की सूचना के साथ). परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों को कोई TA/DA नहीं दिया जाएगा.
4. स्कूल प्रशासन के पास प्रशासनिक/नीतिगत कारणों से रिक्ति में बदलाव करने या उसे रद्द करने का अधिकार है.
5. आवश्यक योग्यता, आवेदन फ़ॉर्म और ज्यादा जानकारी के लिए स्कूल की वेबसाइट www.sainiksatara.org पर जाएं

फ़ोनः : 02162-235860 Extn 224 **प्रधानाचार्य, सैनिक स्कूल सतारा**

EN 14/29

## भा.कृ.अनु.प.-राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो

क्षेत्रीय केंद्र, वेल्लानिक्करा, के.ए.यू. पोस्ट, तृश्शूर-680656, केरल

## ICAR-National Bureau of Plant Genetic Resources

Regional Station, Vellanikkara, KAU Post, Thrissur- 680 656, Kerala
Phone: (0487) 2370499, 2372589
E-mail: oicnbpgrthrissur@gmail.com, Web: www.nbpgr.org.in

No. IV-129/2020 - DBT (Sesame)/ Dated: 19.06.2026

ICAR-NBPGR, रीजनल स्टेशन, तृश्शूर में DBT-फंडेड प्रोजेक्ट "Mainstreaming of Sesame germplasm for productivity enhancement and sustainability through genomics assisted core development and trait discovery" के तहत साइंटिफिक एडमिनिस्ट्रेटिव असिस्टेंट/फील्ड वर्कर (1 पद) के लिए "वॉक्-इन-इंटरव्यू" में शामिल होने के लिए योग्य उम्मीदवारों को आमंत्रित किया जाता है. पद का विवरण नीचे दिया गया है.

प्रोजेक्ट का शीर्षकः Mainstreaming of Sesame germplasm for productivity enhancement and sustainability through genomics assisted core development and trait discovery: सब-प्रोजेक्ट 6 वाइड हाइब्रिडाइज़ेशन और जेनेटिक एन्हांसमेंट; कंपोनेंट 1

साक्षात्कार की तारीखः 30.07.2026

स्थानः ICAR-NBPGR रीजनल स्टेशन, वेल्लानिक्करा, KAU P.O., तृश्शूर 680656, केरल

| पद का नाम, संख्या और अवधि | प्रति माह वेतन/ भत्ता | योग्यता |
|---|---|---|
| **साइंटिफिक एडमिनिस्ट्रेटिव असिस्टेंट/फील्ड वर्कर (SAA/FW) (01 पद)** यह प्रोजेक्ट 28.02.2027 तक के लिए मंज़ूर है | रु.18,000/- + 18% HRA | **जरूरी योग्यता :** किसी भी विषय में ग्रेजुएट डिग्री. **वांछित योग्यताः** 1. जर्मप्लाज्म कलेक्शन में फील्ड एक्सपेरिमेंट, क्रॉसिंग का काम और डेटा रिकॉर्डिंग का दो या उससे ज्यादा साल का अनुभव. 2. कंप्यूटर की बेसिक जानकारी (MS Word, Excel, PowerPoint, आदि). **अधिकतम आयु सीमाः** 50 वर्ष |

अधिक जानकारी के लिए, कृपया ICAR-NBPGR पर जाएं. EN 14/45

## भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद्

**वी. रामलिंगस्वामी भवन, नई दिल्ली**

**विज्ञापन सं. आईसीएमआर/डीआईआर(एससी-एच)/ एनआईओएच-एनजीपी/01/2026-पर्स.**

### रिक्ति परिपत्र

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् (आईसीएमआर), जो स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के अधीन एक स्वायत्त संगठन है. आईसीएमआर-राष्ट्रीय एक स्वास्थ्य संस्थान, नागपुर के अंतर्गत सीधी भर्ती के तहत नियमित आधार पर वैज्ञानिक-एच स्तर के निदेशक पद के लिए **20 जुलाई, 2026 को शाम 5:30 बजे तक** ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं. इस पद के लिए वेतनमान के स्तर 15 (182200-224100 रुपये) (7वें सीपीसी स्केल) और आईसीएमआर कर्मचारियों को मिलने वाले सामान्य भत्ते लागू हैं. इस पद पर परिषद् के अधीन अखिल भारतीय स्थानांतरण दायित्व लागू होगा.

**विस्तृत विज्ञापन के लिए, कृपया आईसीएमआर की वेबसाइट https://www.icmr.gov.in या https://recruitment.icmr.org.in देखें.**

**प्रशासनिक अधिकारी**
**कृते सहायक महानिदेशक (ए)**

CBC 17152/11/0007/2627 EN 14/1

विज्ञापन संख्याः Q-16017/38/2024-CPA

भारत सरकार

## पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

द्वितीय तल, पृथ्वी विंग, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड, नई दिल्ली

**पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में संविदा आधार पर दो (02) सलाहकार 'बी' की नियुक्ति के संबंध में.**

पात्र अभ्यर्थियों से पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEF&CC) के सीपी प्रभाग के अंतर्गत स्थापित पर्यावरण संरक्षण निधि प्रकोष्ठ (EPF Cell) में **सलाहकार 'बी'** के दो (02) पदों पर चयन एवं नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. यह नियुक्ति वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981, जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 तथा पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत बनाए गए नियमों के क्रियान्वयन से संबंधित कार्यों में सहायता प्रदान करने हेतु की जाएगी.

उक्त पद पर नियुक्ति पूर्णतः संविदा के आधार पर प्रारंभिक रूप से एक वर्ष की अवधि के लिए होगी, जिसे संतोषजनक कार्य निष्पादन के मूल्यांकन तथा कार्यात्मक आवश्यकता के आधार पर प्रतिवर्ष बढ़ाया जा सकता है. विस्तृत विज्ञापन तथा आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप मंत्रालय की वेबसाइट अर्थात **https://moef.gov.in** पर उपलब्ध है.

**अवर सचिव, भारत सरकार**

CBC 13101/11/0006/2627 EN 14/5

## भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (भारतीय खनि विद्यापीठ), धनबाद
## Indian Institute of Technology (Indian School of Mines), Dhanbad

### भर्ती सूचना

संस्थान निम्नलिखित गैर-शिक्षण पदों पर नियुक्ति के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता हैः

**1. विज्ञापन संख्या 411002/2/2026-NFR दिनांक 22.06.2026**

**ग्रुप-बी पद**

| क्र. सं. | पद का नाम | खाली पदों की संख्या | | | | | | पे लेवल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | यू-आर | एस-सी | एस-टी | ओबीसी (एनसीएल) | ईडब्ल्यूएस | कुल | |
| 1. | जूनियर टेक्निकल सुपरिंटेंडेंट (नेटवर्क और सिस्टम्स) | 02 | - | - | 01 | - | 03 | L6 |
| 2. | जूनियर टेक्निकल सुपरिंटेंडेंट (केमिस्ट्री) | 01 | 1# | - | 01 | - | 03 | L6 |
| 3. | जूनियर टेक्निकल सुपरिंटेंडेंट (इलेक्ट्रिकल) | 01 | - | 1# | - | - | 02 | L6 |
| 4. | जूनियर टेक्निकल सुपरिंटेंडेंट (सिविल) | - | 1# | - | 1# | - | 02 | L6 |
विज्ञापन सं. T/I/2025, दिनांकः 10/09/2025, एतद्द्वारा रद्द किया जाता है और नियमित संकाय पदों (प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर) तथा गैर- शैक्षणिक पदों (परीक्षा नियंत्रक, उप पुस्तकालयाध्यक्ष और सहायक कुलसचिव) पर नियुक्ति के लिए नए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. उम्मीदवार जिन्होंने पूर्व में विज्ञापन सं. T/I/2025, के लिए आवेदन किया था, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है, हालांकि, वे अपने आवेदन अपडेट कर सकते हैं. उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन लिंक और विस्तृत निर्देशों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.mmmut.ac.in देखने की आवश्यकता है. ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 24/07/2026 है.

कुलसचिव

EN 14/77

---

बाइरैक इग्नाइट इनोवेट इंक्यूबेट
birac Ignite Innovate Incubate

## जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद्

**(भारत सरकार का उपक्रम)**

## Biotechnology Industry Research Assistance Council

**(A Govt. of India Enterprise)**

संदर्भ सं. BIRAC/VAC/ADV-22/जून/01

जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद् (बाइरैक), भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी), द्वारा स्थापित एक गैर–लाभकारी अनुभाग 8, अनुसूची बी, सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, निम्नलिखित पद के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता हैः–

| पद कोड | पद | रिक्तियों की संख्या |
|---|---|---|
| CON-64 | सह परामर्शदाता – स्वच्छ ऊर्जा | 01 |

योग्यता, अनुभव, पात्रता मानदण्ड, वेतनमान आदि से संबंधित अधिक जानकारी हेतु कृपया बाइरैक की वेबसाइट www.birac.nic.in देखें।

**ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथिः 12 जुलाई, 2026**

EN 14/81

---

**भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर**
**INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY, KHARAGPUR**

विज्ञापन सं.: R/06/2026 दिनांक जून 16, 2026

संस्थान विनोद गुप्ता स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में प्रोफेसर और डीन के पद के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है.

1. प्रोफेसर और संकायाध्यक्ष - 01 (पद)

विस्तृत विवरण एवं अद्यतन जानकारी के लिए देखें : https://erp.iitkgp.ac.in/Jobs/auth/facapps.htm

ऑनलाइन एप्लीकेशन जमा करने की आखिरी तारीख : 16.07.2026

कुलसचिव / Registrar

CBC 21255/11/0005/2627 EN 14/84

# एनटीपीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)

रजि. कार्यालयः एनटीपीसी भवन, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003, वेबसाइट : www.ntpc.co.in

**विज्ञापन संख्या - 09/26**

**भारत की अग्रणी ऊर्जा कंपनी – एनटीपीसी के साथ अपने करियर को नई ऊर्जा दें**

एनटीपीसी लिमिटेड भारत की सबसे बड़ी विद्युत कंपनी है, जिसकी स्थापित क्षमता **90 गीगावाट** से ज़्यादा है। हमारे देश के विकास की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए **वर्ष 2032 तक 149 गीगावाट की कुल स्थापित क्षमता** प्राप्ति की एक महत्वाकांक्षी योजना है। अपने महत्वाकांक्षी योजना को आगे बढ़ाने के लिए एनटीपीसी ऐसे होनहार, ऊर्जावान और बेहतरीन शैक्षिक रिकॉर्ड वाले युवा पेशेवरों की तलाश कर रही है जो **सहायक कैमिस्ट ट्रेनी** (एसीटी) के तौर पर संगठन से जुड़ सकें।

## सहायक कैमिस्ट ट्रेनी (एसीटी) – 40 पद

### शैक्षणिक योग्यता

किसी मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय / संस्थान से रसायन विज्ञान में कम से कम 60% अंक के साथ नियमित / पूर्णकालिक स्नातकोत्तर डिग्री हो। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और दिव्यांगजन वर्ग के उम्मीदवार, जिन्होंने सिर्फ पासिंग मार्क्स हासिल किए हैं, वे भी इस पद के लिए आवेदन कर सकते हैं। अंतिम वर्ष / सेमेस्टर के वे छात्र भी आवेदन कर सकते हैं जिनका परीक्षा परिणाम 31.07.2026 तक आ जाएगा।

### अधिकतम आयु सीमा

ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि तक अधिकतम 27 वर्ष। अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / दिव्यांगजन / भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थीओ के लिए आयु में छूट सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार लागू होगी।

### पारिश्रमिक

चुने गए अभ्यर्थियों को **रु.30,000 – रु.1,20,000 के वेतन–मान में रु.30,000 (E0 श्रेणी)** के मूल वेतन पर रखा जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान या नियमित रोज़गार मिलने के उपरांत, समय–समय पर लागू कंपनी के नियमों के अनुसार महंगाई भत्ता, अन्य सुविधाएं और भत्ते, सेवा निवृत्ति लाभ आदि दिए जाएंगे।

### अनुमानित रिक्तियां

पद के लिए श्रेणी–वार अनुमानित रिक्तियां निम्न हैं:

| पद का नाम | अनारक्षित | ईडब्ल्यूएस | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सहायक कैमिस्ट ट्रेनी | 17 | 04 | 10 | 06 | 03 | 40 |

*मौजूदा रोस्टर स्थिति के अनुसार वर्तमान रिक्तियों की गणना की गई है।

दिव्यांगजन अभ्यर्थियों हेतु आरक्षण भारत सरकार के दिशा – निर्देशों के अनुसार लागू होगा। **असिस्टेंट केमिस्ट ट्रेनी** पद के लिए चिन्हित दिव्यांगता की श्रेणियां इस प्रकार हैः क) एचएच ख) ओए, ओएल, बीएल, ओएएल, एलसी,डीडब्ल्यू, एएवी ग)एसएलडी, एमआई घ) एमडी जिसमें ऊपर बताई गई (क) से (ग) तक की श्रेणियां शामिल हैं। ऊपर दर्शाई गई कुल अनुमानित रिक्तियों की संख्या संगठनात्मक आवश्यकता के अनुसार एनटीपीसी प्रबंधन के विवेकाधिकार से बढ़ाई अथवा घटाई जा सकती है।

### स्वास्थ्य

पदभार ग्रहण करने से पूर्व अभ्यर्थियों को एनटीपीसी चिकित्सा बोर्ड / चिकित्सा अधिकारी द्वारा निर्धारित चिकित्सीय परीक्षण से गुजरना होगा तथा इस संबंध में उनका निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा। निर्धारित स्वास्थ्य मानकों में किसी प्रकार की छूट की अनुमति नहीं होगी। विस्तृत चिकित्सीय मानदंड **careers.ntpc.co.in** वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। अतः सभी अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि आवेदन करने से पूर्व चिकित्सा मानदंडों का भली–भांति अवलोकन कर लें।

### चयन प्रक्रिया

आगे की चयन प्रक्रिया हेतु अभ्यर्थियों की संख्या सीमित करने के लिए, योग्य अभ्यर्थियों को अखिल भारतीय स्तर पर होने वाले ऑनलाइन चयन परीक्षा में शामिल होना होगा। परीक्षा दो भाग में होगी – विषय ज्ञान परीक्षा और कार्यकारी योग्यता परीक्षा। अभ्यर्थीओ को दोनों भाग में अलग–अलग पास होना ज़रूरी है।

### स्थानन और सर्विस बॉन्ड

चयनित अभ्यर्थियों को अलग–अलग जगहों पर एक साल का प्रशिक्षण लेना होगा। प्रशिक्षण के उपरांत चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति एनटीपीसी के किसी भी कार्यालय, स्टेशन, परियोजना, संयुक्त उपक्रम (JV) अथवा अनुबंधी कंपनी में की जा सकती है। सभी पद प्रबंधन के विवेकाधिकार के अनुसार स्थानांतरणीय होंगे।

सामान्य, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के चुने गए अभ्यर्थियों को एक साल का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के उपरांत कम से कम 3 साल तक कंपनी में काम करने के लिए रु 2,50,000 का सर्विस बॉन्ड भरना होगा (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और दिव्यांगजन अभ्यर्थियों हेतु यह राशि रु 1,25,000 होगी)।

### सामान्य शर्तें

1. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं।
2. सभी शैक्षणिक योग्यताएं भारत में मान्यता प्राप्त एवं अनुमोदित विश्वविद्यालयों / संस्थानों से प्राप्त की गई हों।
3. आयु, शैक्षणिक योग्यता आदि से संबंधित सभी गणनाएं विज्ञापन में उल्लिखित ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि के आधार पर की जाएंगी। अंतिम परिणाम घोषित होने / अंतिम सेमेस्टर की अंकतालिका जारी होने की तिथि को ही योग्यता प्राप्त करने की तिथि माना जाएगा और इस संबंध में कोई छूट नहीं दी जाएगी। अंतिम वर्ष / सेमेस्टर के छात्र, जिन्हें 31.07.2026 तक अपने परिणाम आने की उम्मीद है, वे भी आवेदन कर सकते हैं। हालाँकि, उन्हें 31.07.2026 को या उससे पहले आवश्यक अंकों के प्रतिशत मानदंड के साथ अंतिम अंकतालिका / अस्थायी डिग्री / कोर्स पूरा होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
4. अभ्यर्थियों को ऑनलाइन चयन परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र / शहर चुनना होगा। हालाँकि, एनटीपीसी उस क्षेत्र / केंद्र के लिए उम्मीदवारों की प्रतिक्रिया के आधार पर किसी भी केंद्र को रद्द करने या जोड़ने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
5. ऑनलाइन आवेदन पत्र में एक बार अंकित की गई श्रेणी में किसी प्रकार का परिवर्तन स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा बाद में किसी अन्य श्रेणी का लाभ प्रदान नहीं किया जाएगा। किसी विशेष श्रेणी से संबंधित होने का दावा करने वाले अभ्यर्थियों के पास, यथास्थिति, सक्षम प्राधिकारी द्वारा भारत सरकार के नवीनतम निर्धारित प्रारूप में जारी वैध आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) / अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) / अनुसूचित जाति (SC) / अनुसूचित जनजाति (ST) / दिव्यांगता प्रमाण–पत्र होना अनिवार्य है। जहाँ ऐसी श्रेणी के लिए रिक्ति की पहचान की गई है, वहाँ अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग उम्मीदवारों के लिए 3 वर्ष और दिव्यांगजन उम्मीदवारों के लिए 10 वर्ष की छूट दी जाती है। पूर्व–सैनिकों को आयु में छूट सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार दी जाएगी।
6. संगठनात्मक आवश्यकता के अनुसार, एनटीपीसी प्रबंधन बिना कोई कारण बताए तथा बिना किसी पूर्व सूचना के रिक्तियों की संख्या को निरस्त करने, सीमित करने, घटाने अथवा बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
7. आवेदन करते समय अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वह निर्धारित तिथि तक विज्ञापन में उल्लिखित सभी पात्रता एवं अन्य शर्तों को पूरा करता / करती है तथा आवेदन में दी गई समस्त जानकारी सभी दृष्टियों से सही है। भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में यदि यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता / करती है अथवा उसके द्वारा कोई गलत / भ्रामक जानकारी दी गई है या किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाया गया है, तो उसकी अभ्यर्थिता स्वतः निरस्त कर दी जाएगी। यदि नियुक्ति के पश्चात भी ऐसी कोई कमी अथवा तथ्य प्रकाश में आता है, तो उसकी सेवाएं बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त की जा सकती हैं। किसी भी प्रकार का पक्ष–समर्थन (Canvassing) अभ्यर्थी को अयोग्य घोषित किया जा सकता है।
8. यह स्पष्ट किया जाता है कि विज्ञापन में निर्धारित न्यूनतम पात्रता मानदंडों को पूरा करने मात्र से किसी अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा / साक्षात्कार हेतु शॉर्टलिस्ट किए जाने अथवा चयन प्रक्रिया के अगले चरण के लिए विचार किए जाने का अधिकार प्राप्त नहीं होगा।
9. इस विज्ञापन तथा / अथवा इसके प्रत्युतर में प्राप्त आवेदन से उत्पन्न किसी भी दावे अथवा विवाद के संबंध में कोई भी विधिक कार्यवाही केवल दिल्ली में ही संस्थित की जा सकेगी तथा ऐसे सभी मामलों / विवादों के निस्तारण हेतु केवल दिल्ली स्थित न्यायालयों / न्यायाधिकरणों / फोरमों को ही विशिष्ट एवं अनन्य अधिकारिता प्राप्त होगी।
10. अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उपलब्ध संस्करण की व्याख्या से उत्पन्न किसी प्रकार की अस्पष्टता अथवा विवाद की स्थिति में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य एवं प्रभावी होगा।

### आवेदन कैसे करें

1. **इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन करने हेतु हमारी वेबसाइट careers.ntpc.co.in अथवा www.ntpc.co.in के कैरियर अनुभाग पर जाएं। आवेदन का कोई अन्य माध्यम / प्रक्रिया स्वीकार नहीं की जाएगी। अभ्यर्थियों के पास एक वैध ई–मेल आईडी होना अनिवार्य है।** अभ्यर्थियों को भेजे गए किसी भी ई–मेल के वापस लौटने (Bounce Back) के लिए एनटीपीसी उत्तरदायी नहीं होगा।
2. आवेदन करते समय अभ्यर्थियों को सभी आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य रूप से अपलोड करेंगे।
3. ऑनलाइन आवेदन करने के उपरांत अभ्यर्थी को प्रणाली द्वारा जनित विशिष्ट **आवेदन संख्या युक्त** आवेदन पत्री डाउनलोड करनी होगी। भविष्य में संदर्भ हेतु अभ्यर्थी **आवेदन पत्री** की एक प्रति सुरक्षित रख सकते हैं। किसी भी दस्तावेज को डाक द्वारा भेजने की आवश्यकता नहीं है।
4. सामान्य / आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग / अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को रु 500 / – (रुपये पांच सौ मात्र) का गैर–वापसी योग्य आवेदन शुल्क ऑनलाइन या ऑफ़लाइन मोड में जमा करना होगा। **अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / दिव्यांगजन / भूतपूर्व सैनिक तथा महिला अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क का भुगतान नहीं करना होगा।**
   - a.) **ऑफ़लाइन माध्यम से भुगतान :** एनटीपीसी की ओर से आवेदन शुल्क संग्रहण हेतु भारतीय स्टेट बैंक (SBI) की सीएजी शाखा, नई दिल्ली (कोडः 09996) में विशेष रूप से खोले गए खाते (खाता संख्याः **30987919993**) को अधिकृत किया गया है। अभ्यर्थी को आवेदन पोर्टल पर उपलब्ध "पे–इन–स्लिप" का प्रिंटआउट लेकर निकटतम एसबीआई शाखा में जाना होगा। पोर्टल से प्राप्त पे–इन–स्लिप का उपयोग केवल निर्धारित खाते में शुल्क जमा करने हेतु किया जाना चाहिए, ताकि राशि का सही समायोजन सुनिश्चित हो सके। शुल्क जमा होने पर बैंक द्वारा एक विशिष्ट जर्नल संख्या (श्रवनतदंस छनउइमत) तथा शुल्क प्राप्त करने वाली शाखा का कोड जारी किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन भरते समय अभ्यर्थी को उत्तक जर्नल संख्या एवं शाखा कोड अंकित करना होगा। यदि कोई अभ्यर्थी गलत खाते में शुल्क जमा करता है, तो इसके लिए एनटीपीसी उत्तरदायी नहीं होगा।
   - b.) **ऑनलाइन माध्यम से भुगतान :** अभ्यर्थी नेट बैंकिंग / डेबिट कार्ड / क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऑनलाइन शुल्क भुगतान भी कर सकते हैं। ऑनलाइन भुगतान का विकल्प ऑनलाइन आवेदन पत्र में उपलब्ध होगा।
5. एक बार जमा किया गया आवेदन शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। **अतः अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि आवेदन शुल्क जमा करने से पूर्व अपनी पात्रता का भली–भांति सत्यापन कर लें।**
6. दस्तावेज अपलोड करना : **आवेदन करते समय अभ्यर्थियों को सभी आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य रूप से अपलोड करेंगे। अपूर्ण अथवा अपर्याप्त दस्तावेजों वाले आवेदन निरस्त किए जा सकते हैं तथा उन्हें आगे की चयन प्रक्रिया हेतु विचारार्थ स्वीकार नहीं किया जाएगा।** अपलोड किए जाने वाले दस्तावेजों की सूची निम्नानुसार है :
   - a) नाम एवं जन्मतिथि के प्रमाण हेतु कक्षा–10 उत्तीर्ण प्रमाण–पत्र / अंकपत्र (सभी दस्तावेजों में नाम एवं जन्मतिथि समान एवं अनुरूप होने चाहिए।)
   - b) पैन कार्ड की कॉपी
   - c) रसायन विज्ञान स्नातकोत्तर डिग्री – अंतिम / अस्थायी प्रमाण–पत्र (अगर अंतिम परिणाम अभी घोषित नहीं हुआ है, तो परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों को अंतिम जारी अंकपत्र जमा करनी होगी; हालांकि, ऐसे उम्मीदवारों को चयन के लिए तभी माना जाएगा जब वे 31.07.2026 या उससे पहले की तारीख वाली निर्धारित अंतिम / अस्थायी प्रमाण–पत्र जमा कर सकें)। यदि अंतिम / अस्थायी प्रमाण–पत्र में बताई गई विशेषज्ञता विज्ञापन में मांगी गई डिग्री की आवश्यकता से अलग है, तो संस्थान का डिग्री समानता प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा।
   - d) अंतिम या समेकित अंकतालिका / ट्रांसक्रिप्ट / सभी सेमेस्टरों की अंकतालिकाएं, जिनमें सभी सेमेस्टरों के कुल प्राप्तांकों का प्रतिशत स्पष्ट रूप से अंकित हो।
   - e) स्नातक एवं स्नातकोत्तर दोनों डिग्रियों के लिए सीजीपीए / सीजीपीआई / डीजीपीए / सीजीआई / सीपीआई आदि को प्रतिशत (%) में परिवर्तित करने हेतु विश्वविद्यालय / संस्थान द्वारा जारी अंक रूपांतरण का सूत्र / प्रमाण–पत्र। यदि अंक पहले से ही प्रतिशत में दिए गए हैं, तो अंक रूपांतरण सूत्र की आवश्यकता नहीं है।
   - f) किसी विशेष श्रेणी से संबंधित होने का दावा करने वाले अभ्यर्थियों के पास, यथास्थिति, सक्षम प्राधिकारी द्वारा भारत सरकार के नवीनतम निर्धारित प्रारूप में जारी वैध आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) / अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) / अनुसूचित जाति (SC) / अनुसूचित जनजाति (ST) / दिव्यांगता प्रमाण–पत्र होना अनिवार्य है। a. अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC-NCL) का प्रमाण–पत्र वर्तमान वित्तीय वर्ष (वित्त वर्ष 2026–27) हेतु भारत सरकार के केंद्रीय प्रारूप में होना चाहिए। b. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रारूप में चालू वर्ष का आय एवं संपत्ति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा, जो वित्त वर्ष 2025–26 की आय के आधार पर वित्त वर्ष 2026–27 के लिए वैध हो।

### महत्वपूर्ण तिथियां

| | | |
|---|---|---|
| क. | ऑनलाइन आवेदन शुरू होने की तिथि | **26.06.2026** |
| ख. | ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि | **10.07.2026** |

**विद्युत क्षेत्र में अग्रणी**

EN 14/80

नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(एनटीपीसी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी)
**North Eastern Electric Power Corporation Ltd.**
(A Wholly Owned Subsidiary of NTPC)
Office: Brookland Compound, Lower New Colony, Shillong-793003, Meghalaya
CIN No.: U40101ML1976G01001658 Regd. | Website: www.neepco.co.in
@NEEPCOLtd neepcoindia neepcoindia neepco india NEEPCOlimited

## विज्ञापन संख्या नीपको-02/2026

**दिनांक : 04.07.2026**

**नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड**, (एक समान अवसर प्रदाता नियोक्ता) नीचे दिए गए विवरण के अनुसार फिक्स्ड टर्म के आधार पर अनुभवी पेशेवरों की तलाश कर रहा है:

| क्र.सं | पद का नाम | रिक्तियां |
|---|---|---|
| 1 | कार्यकारी (ईआरपी) | 2 |
| 2 | कार्यकारी (मानव संसाधन) (कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन) | 1 |
| 3 | कार्यकारी (सिविल), एफटीबी-5 | 3 |
| 4 | कार्यकारी (सिविल), एफटीबी-4 | 3 |
| 5 | कार्यकारी (सिविल), एफटीबी-1 | 3 |
| 6 | कार्यकारी (सुरक्षा) | 4 |
| 7 | कार्यकारी (विधि) | 1 |
| 8 | कार्यकारी (संरक्षा) | 2 |
| 9 | कार्यकारी (वित्त), एफटीबी-4 | 6 |
| 10 | कार्यकारी (वित्त), एफटीबी-2 | 6 |
| 11 | कार्यकारी (चिकित्सा) | 5 |
| | कुल | 36 |

इच्छुक पात्र उम्मीदवार विस्तृत पात्रता मानदंड, योग्यता मानदंड, अनुभव मानदंड, जॉब प्रोफाइल, पारिश्रमिक विवरण, विज्ञापन का पूरा विवरण और आवेदन करने के लिए हमारी वेबसाइट **www.neepco.co.in** ⟶ **कैरियर** सेक्शन पर लॉग ऑन करें। ऑनलाइन आवेदन पोर्टल **23.06.2026 से 13.07.2026 तक खुली रहेगी।**

आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार्य है। आगे का कोई भी विवरण/शुद्धिपत्र/अद्यतन केवल हमारे वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

**महाप्रबंधक (मानव संसाधन),**
**प्रतिभा अधिग्रहण, नीपको लिमिटेड**

EN 14/70

भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय

## ग्रामीण विकास विभाग

कर्तव्य भवन-3, नई दिल्ली - 110001

**भर्ती सूचना**

राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडी एंड पीआर), हैदराबाद, ग्रामीण विकास मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन एक स्वायत्त संगठन है. एनआईआरडी एंड पीआर ग्रामीण विकास में प्रशिक्षण, अनुसंधान, कार्रवाई अनुसंधान और परामर्श कार्य करता है. यह उत्कृष्ट अवसंरचना तथा अत्याधुनिक अनुसंधान और कंप्यूटर सुविधाओं से समर्थित अंतर्विषयी शैक्षणिक वातावरण प्रदान करता है.

मंत्रालय एनआईआरडी एंड पीआर, हैदराबाद में **उप महानिदेशक** के पद के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित करता है..

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेतन बैंड और ग्रेड पे (6 ठे सीपीसी) | रु. 37,400-67,000 (पीबी 4) + जीपी रु. 10000/- |
| 2 | भर्ती की पद्धति | प्रतिनियुक्ति आधार |
| 3 | कार्यकाल | 5 वर्ष अथवा 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो |
| 4 | सीधी भर्ती के लिए आयु सीमा | अधिमानतः 50 वर्ष से कम |
| 5 | प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए आयु सीमा | आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को 56 वर्ष |

निर्धारित प्रारूप में आवेदन कैडर नियंत्रक प्राधिकरण/विभाग के माध्यम से उप सचिव (प्रशिक्षण), ग्रामीण विकास मंत्रालय, ग्रामीण विकास विभाग, कक्ष संख्या 16, कोर-5ए, द्वितीय तल, इंडिया हैबिटेट सेंटर, लोधी रोड, नई दिल्ली - 110003 को भेजे जाने चाहिए. योग्यता और अनुभव संबंधी विवरण आवेदन प्रपत्र सहित **https://www.dord.gov.in/ या www.nird.org.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं.**

**अंतिम तिथिः 31.07.2026**

**विज्ञापन सं. 1/2026 (सं. K-15017/01/2026-Trg.)**

भारत सरकार के उप सचिव
ईमेल-pradeep.kr67@nic.in

CBC 35101/11/0004/2627

EN 14/91

# कृषि विज्ञान केंद्र, जावरा, जिला रतलाम (म.प्र.)

शिक्षा समिति कालूखेड़ा (एसएसके) को आईसीएआर प्रायोजित कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) के लिए निम्नलिखित पदों की आवश्यकता है.

(1) विषय वस्तु विशेषज्ञ — (पशु चिकित्सा विज्ञान/पशु विज्ञान)/ टी-6 पद - 1
वेतनमान लेवल-10, रु. 56100/- प्रतिमाह आयु सीमा - 35 वर्ष
अनिवार्य योग्यता - कृषि में मास्टर डिग्री (पशु चिकित्सा विज्ञान/पशु विज्ञान)
वांछनीय — केवीके में कार्य करने का अनुभव.

(2) चालक/टी-1 — पद-1,
वेतनमान लेवल-3, रु. 21700/- प्रतिमाह,
आयु सीमा - 30 वर्ष
अनिवार्य योग्यता - (1) शैक्षणिक - किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिकुलेशन उत्तीर्ण.
(2) निर्धारित सरकारी प्राधिकारी से वैध और उपयुक्त भारी वाहन ड्राइविंग लाइसेंस होना चाहिए. उम्मीदवार को संस्थान/मुख्यालय की उपयुक्त समिति द्वारा ली जाने वाली व्यावहारिक कौशल परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी.

इच्छुक उम्मीदवार सादे कागज पर अपने बायोडाटा के साथ सभी प्रमाणपत्रों, पासपोर्ट आकार के फोटो और स्वयं का पता लिखे टिकट लगे लिफाफे सहित आवेदन कर सकते हैं. आवेदन के साथ रु. 1000/- का डिमांड ड्राफ्ट (एसटी/एससी/पीएच के लिए केवल रु. 500/-) कृषि विज्ञान केंद्र, जावरा के पक्ष में संलग्न करना होगा, जो सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, शाखा कालूखेड़ा में देय हो. IFSC कोड CBIN0282123 है. आवेदन **अध्यक्ष, शिक्षा समिति कालूखेड़ा, ग्राम एवं पोस्ट कालूखेड़ा, तहसील पिपलौदा, जिला रतलाम (म.प्र.) 457340** को भेजा जाए. चयनित उम्मीदवार को नियमों के अनुसार शिक्षा समिति कालूखेड़ा के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करने होंगे. ओबीसी/एसटी/एससी/पीएच और एसएसके उम्मीदवारों के लिए आयु में छूट सरकारी नियमों/मेजबान संस्था के अनुसार दी जाएगी. एसएसके (मेजबान संस्था) उपरोक्त पदों को भरने या न भरने के सभी अधिकार सुरक्षित रखती है. नियुक्ति आईसीएआर द्वारा शिक्षा समिति कालूखेड़ा को मिलने वाली सहायता पर निर्भर रहेगी.

**अतिरिक्त शर्तें -**

(1) आवश्यकता होने पर लिखित परीक्षा ली जा सकती है, अन्यथा चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा. (2) किसी भी रूप में अपूर्ण आवेदन और अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा. (3) आवेदन केवल पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे. (4) केवीके और एसएसके (मेजबान संस्था) में अस्थायी रूप से कार्यरत कर्मचारियों को प्राथमिकता दी जाएगी. (5) केवीके और एसएसके में अस्थायी रूप से कार्यरत कर्मचारियों को एसएसके (मेजबान संस्था) के नियमों के अनुसार आयु में छूट दी जाएगी. (6) **भरा हुआ आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि प्रकाशन की तिथि से 25 दिन है.**

EN 14/78 (सचिव)

# तोप गाड़ी निर्माणी
भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय
एडवांस्ड वेपंस एंड एक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड की इकाई

# Gun Carriage Factory
Government of India,
Ministry of Defence
(A Unit of Advanced Weapons and Equipment India Ltd.)

**विज्ञापन संख्या GCF/HR(CHC)/ESM/SKD-HS/01/2026**

**जीसीएफ में सेवानिवृत्त केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों, भूतपूर्व सैनिकों, विशेषज्ञों और कुशल (अनुभवी) ट्रेड्समैन की निश्चित अवधि अनुबंध आधारित नियुक्ति के लिए.**

भारत के नागरिकों से, जो अपेक्षित योग्यता/मानदंडों को पूरा करते हों, विभिन्न रिक्तियों के लिए **निश्चित अवधि अनुबंध आधार** पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, ताकि गन कैरिज फैक्टरी, जबलपुर, मध्य प्रदेश में कार्य किया जा सके. **यह नियुक्ति प्रारंभ में एक वर्ष की अवधि के लिए होगी,** जिसे फैक्टरी की आवश्यकता और व्यक्ति के कार्य-निष्पादन के आधार पर **नियुक्ति की तिथि से एक और वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है.**

**1) पद का नाम, रिक्तियों की संख्या और पारिश्रमिकः**

(i) **गनर हाईली स्किल्ड - 05 पद.** (केवल सेवानिवृत्त JCO के लिए) - रु. 40000/- निश्चित प्रति माह.

(ii) **गनर स्किल्ड - 08 पद,** फिटर (मैकेनिकल) (अधिमानतः आर्मामेंट फिटर अथवा वाहन फिटर) - 06 पद, फिटर (इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स) (अधिमानतः गन कंट्रोल इलेक्ट्रिकल) - 03 पद, ड्राइवर HMV - 02 पद - रु. 32000/- निश्चित प्रति माह.

(iii) **एग्जामिनर (RG & MPI) स्किल्ड - 02 पद** - मूल वेतन रु. 19900/- + लागू डीए.

(iv) **स्पेशलिस्ट-I: 03 पद.** (मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग - 01 पद, हाइड्रॉलिक एंड न्यूमैटिक सिस्टम - 01 पद, कंट्रोल सिस्टम - 01 पद) - रु. 175000/- निश्चित प्रति माह.

(v) **स्पेशलिस्ट-II: 02 पद.** (इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग - 01 पद, फिनाइट एलिमेंट एनालिसिस - 01 पद) - रु. 125000/- निश्चित प्रति माह.

**2) पात्रता मानदंड, आयु सीमा और आवेदन शुल्कः** वेबसाइट पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन के अनुसार.

**3) आवेदन कैसे करें:** अभ्यर्थी केवल ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं. विस्तृत विज्ञापन तथा ऑनलाइन आवेदन की प्रारंभिक और अंतिम तिथियां वेबसाइटों **www.ddpdoo.gov.in/vacancies** और **www.aweil.in/career** पर उपलब्ध हैं.

**उप महाप्रबंधक/प्रशासन, जीसीएफ जबलपुर**

CBC 10201/11/0023/2627 EN 14/68




A comprehensive guide to modern career choices. "Career Calling" compiles notable career articles from recent editions of Employment News to help you in finding the perfect career path.
**Buy online:**
www.publicationsdivision.nic.in
Book Gallery
Soochna Bhawan, Lodhi Road
New Delhi
www.amazon.in

भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय

## रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन

# वैज्ञानिक विश्लेषण समूह

मेटकॉफ हाउस, दिल्ली-110054

विज्ञापन संख्या (Advt. No.): SAG 007

### ग्यारह (11) कनिष्ठ शोध अध्येता के चयन के लिए वॉक्-इन इंटरव्यू (सीधा साक्षात्कार)

"भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय, DRDO के तहत वैज्ञानिक विश्लेषण समूह (SAG), क्रिप्टोलॉजी (गुप्तलेखन/कोडिंग) और इंफॉर्मेशन सिक्योरिटी (सूचना सुरक्षा) के क्षेत्र में काम करने वाली एक अग्रणी प्रयोगशाला है."

"वॉक्-इन इंटरव्यू (सीधे साक्षात्कार) के माध्यम से दस (10) कनिष्ठ शोध अध्येता (JRF) के पद SAG में और एक (01) कनिष्ठ शोध अध्येता (JRF) का पद DRDO की सहयोगी प्रयोगशाला (Sister Lab) के लिए भरा जाना है. उम्मीदवारों का चयन शुरुआत में दो वर्ष की अवधि के लिए क्रिप्टोलॉजी के क्षेत्र में काम करने के लिए किया जाएगा."

| क्रम संख्या | विषय या शाखा | फैलोशिप की संख्या | शैक्षणिक योग्यता / विशेषज्ञता (या विशिष्टता) | वॉक्-इन इंटरव्यू की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गणित | 03 | **अनिवार्य योग्यताः** प्रथम श्रेणी के साथ गणित में स्नातकोत्तर डिग्री और साथ ही NET (National Eligibility Test) का उत्तीर्ण होना अनिवार्य है. **वांछनीय (Desirable) :** क्रिप्टोलॉजी (कूटविज्ञान) और C/C++ में कंप्यूटर प्रोग्रामिंग का ज्ञान होना चाहिए. | **05 अगस्त, 2026** |
| 2. | कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग (CSE)/इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (IT) / कंप्यूटर साइंस (CS) | 04 | **अनिवार्य योग्यताः** CSE/IT/CS में प्रथम श्रेणी के साथ BE/B.Tech डिग्री और वैध NET/ GATE स्कोर. या संबंधित क्षेत्र में ME/ M.Tech, जिसमें स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों स्तरों पर प्रथम श्रेणी हो. **वांछनीयः** बेसिक क्रिप्टोलॉजी की जानकारी; C/C++, Java, Python में कंप्यूटर प्रोग्रामिंग का ज्ञान. | **05 अगस्त, 2026** |
| 3. | इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग (EE)/ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशंस इंजीनियरिंग (ECE) | 03 | EE/ECE में प्रथम श्रेणी के साथ BE/B.Tech डिग्री और वैध NET/GATE स्कोर. **या** संबंधित क्षेत्र में ME/M.Tech, जिसमें स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों स्तरों पर उत्तीर्ण होना अनिवार्य है. **वांछनीयः** एम्बेडेड सिस्टम्स और क्रिप्टोलॉजी (कूटविज्ञान) की जानकारी. | **05 अगस्त, 2026** |
| 4. | भौतिक विज्ञान | 01 | फिजिक्स में प्रथम श्रेणी के साथ स्नातकोत्तर डिग्री और NET का उत्तीर्ण होना अनिवार्य है. **वांछनीयः** क्वांटम फिजिक्स और C/C++ में कंप्यूटर प्रोग्रामिंग की जानकारी. | **05 अगस्त, 2026** |

**अध्येतावृत्ति भत्ते (Fellowship Emoluments)**

कनिष्ठ शोध अध्येता (JRF) को रु. 37,000/- प्रति माह मासिक अनुदान (स्टाइपेंड) दिया जाएगा. इसके साथ ही प्रचलित नियमों के अनुसार मकान किराया भत्ता (HRA), चिकित्सा सुविधाएं और अन्य उपलब्धियां भी देय होंगी.

**सामान्य निर्देश (General Instruction)**

1. केवल वे **भारतीय नागरिक** ही आवेदन करने / शामिल होने के पात्र (eligible) हैं, जिन्होंने अपना पाठ्यक्रम पूरा कर लिया है और जिन्हें डिग्री या प्रोविजनल सर्टिफिकेट (अस्थायी प्रमाणपत्र) जारी किया जा चुका है.
2. उपरोक्त सभी फैलोशिप के लिए अधिकतम आयु सीमा वॉक्-इन इंटरव्यू (walk-in interview) की तारीख को **28 वर्ष** है. (भारत सरकार के नियमों के अनुसार अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST), अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) और दिव्यांग (PH) उम्मीदवारों को आयु सीमा में छूट दी जाएगी).
3. **रिपोर्टिंग का समयः** इंटरव्यू की तारीख को **सुबह 09:00 बजे से 11:00 बजे तक** है. **स्थानः** मेन गेट रिसेप्शन (Main Gate reception), मेटकॉफ हाउस, दिल्ली- 110054 (Metcalfe House, Delhi-110054).
4. **आवेदन पत्र (Application Form)** वेबसाइट **www.drdo.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है. इसे पूरी तरह भरकर, अपने संपूर्ण बायोडाटा (Biodata) के साथ इंटरव्यू की तारीख को साथ लाना होगा. (जो उम्मीदवार इंटरव्यू में शामिल होना चाहते हैं, वे **saghr.sag@gov.in** पर ईमेल के जरिए पहले से भी सूचना भेज सकते हैं, लेकिन भरा हुआ आवेदन पत्र वॉक्-इन-इंटरव्यू के समय ही जमा करना अनिवार्य है).
5. अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों को ऑफर लेटर (नियुक्ति पत्र) जारी होने की तारीख से **दो सप्ताह (14 दिन) के भीतर** SAG या इसकी सिस्टर लैब (Sister Labs) में जॉइन करना होगा. फैलोशिप का कार्यकाल शुरुआत में दो वर्ष की अवधि के लिए होगा, जिसे प्रदर्शन के आधार पर और आवश्यकता होने पर अधिकतम **05 वर्ष** तक बढ़ाया जा सकता है.
6. फैलोशिप का यह प्रस्ताव किसी भी परिस्थिति में उम्मीदवारों को DRDO में स्थायी रूप से शामिल किए जाने का कोई अधिकार प्रदान नहीं करता है.
7. उम्मीदवार को फैलोशिप के कार्यकाल (tenure) के दौरान किसी भी विश्वविद्यालय (University) या संस्थान (Institution) में Ph.D. के लिए पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) करने की अनुमति दी जा सकती है.
8. इंटरव्यू में शामिल होने के लिए और चयन होने पर जॉइन करने के लिए कोई भी **TA/DA (यात्रा भत्ता / दैनिक भत्ता)** नहीं दिया जाएगा.
9. इच्छुक उम्मीदवारों को वॉक्-इन इंटरव्यू की तारीख को अपने **मूल प्रमाणपत्र (Original certificates)** और नीचे दिए गए दस्तावेजों की **सत्यापित या स्व-सत्यापित (attested/self-attested)** प्रतियां साथ लानी होंगी:

(शेष पृष्ठ 24 पर)

## रिक्ति सूचना

# दिल्ली उच्च न्यायालय

## दिल्ली उच्चतर न्यायिक सेवा परीक्षा-2026

दिल्ली उच्चतर न्यायिक सेवा परीक्षा-2026 के लिए 25% प्रत्यक्ष भर्ती कोटा के अंतर्गत पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

| रिक्तियों की संख्या | सामान्य | एससी | एसटी | कुल | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|
| | 17 | 05 | 05 | 27 | (जे-5) रु. 144840-194660 |

पात्रता मानदंड और अन्य विवरणों के लिए, कृपया दिल्ली उच्च न्यायालय की वेबसाइट अर्थात **www.delhihighcourt.nic.in** पर 01.07.2026 से उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन देखें.

### ऑनलाइन आवेदनों का पंजीकरण

**आरंभ तिथि और समयः 01.07.2026 (10:00 बजे)**

**समापन तिथि और समयः 15.07.2026 (17:30 बजे)**

इस विज्ञापन से संबंधित भविष्य की किसी भी अधिसूचना या शुद्धिपत्र इत्यादि को केवल दिल्ली उच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा.

**(अरुण भारद्वाज)**

**रजिस्ट्रार जनरल**

EN 14/89

# बसु विज्ञान मंदिर, कोलकाता

## Bose Institute, Kolkata

विज्ञापन सं.: BI/NON-ACA/09/2026-27

दिनांक : 04.07.2026

बसु विज्ञान मंदिर, कोलकाता एक पद के लिए **ऑडिट एंड फाइनेंस ऑफिसर** की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित करता है. यह भर्ती **डेप्युटेशन आधार** पर है, जिसमें पे लेवल 10 (7वें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार) है, तथा पद की अवधि **तीन वर्ष है.**

विस्तृत रिक्ति विज्ञापन, आवेदन प्रक्रिया, नियम एवं शर्तें, तथा अन्य निर्देशों के लिए कृपया **www.jcbose.ac.in** पर जाएं.

**रजिस्ट्रार (कार्यवाहक)/Registrar (Officiating)**

CBC 36119/11/0003/2627 EN 14/93

(पृष्ठ 23 का शेष)

- जन्म तिथि का प्रमाण
- शैक्षणिक योग्यता के समर्थन में अंकतालिका और प्रमाणपत्र
- जाति / दिव्यांगता प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)
- दो नवीन पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटो
- वैध फोटो पहचान पत्र - *जैसेः आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर आईडी, या पासपोर्ट*
- निवास प्रमाण पत्र

10. फैलोशिप अनुदान की संख्या में बिना किसी पूर्व सूचना के परिवर्तन किया जा सकता है.
11. उम्मीदवारों को इंटरव्यू के समय अपने साथ पेन ड्राइव (Pen drive), लैपटॉप (Laptop), कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण (Electronic Device) या कैमरा लाने की अनुमति नहीं है.
12. इस विज्ञापन से संबंधित किसी भी पूछताछ के लिए आप कार्य दिवसों में काम के घंटों **(सुबह 09:00 बजे से शाम 05:30 बजे तक)** के दौरान **वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी** से टेलीफोन नंबर **011-23882688** पर संपर्क कर सकते हैं.

वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी - II
कृते निदेशक, एस. ए. जी.

CBC 10301/11/0053/2627 EN 14/86

# इलाहाबाद संग्रहालय

**(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत)**
**चन्द्रशेखर आज़ाद पार्क, कमला नेहरू मार्ग, प्रयागराज-211002**

इलाहाबाद संग्रहालय में **'वित्त एवं लेखाधिकारी'** के पद पर वेतन बैंड रु. 9,300-34,800 और ग्रेड वेतन रु. 5400/- ग्रुप-बी (लेवल-9) प्रतिनियुक्ति के आधार पर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. इस पद हेतु केंद्र सरकार के नियमों के अनुसार भत्ते अनुमन्य हैं. आवेदन-पत्र और योग्यता, आयु आदि से संबंधित अन्य विवरण संग्रहालय के बिक्री-पटल से **23.07.2026** तक किसी भी कार्यदिवस पर **सुबह 10:30 बजे से शाम 4:30 बजे** के मध्य प्राप्त किए जा सकते हैं या संग्रहालय की वेबसाइट **www.theallahabadmuseum.com** से डाउनलोड किए जा सकते हैं. सभी प्रकार से विधिवत पूर्ण किए गए और नियोक्ता द्वारा अग्रेषित किए गए आवेदन पत्र स्पीड-पोस्ट द्वारा **सहायक प्रशासनिक अधिकारी, इलाहाबाद संग्रहालय, चन्द्रशेखर आजाद पार्क, कमला नेहरू मार्ग, प्रयागराज-211002** तक पहुंच जाने चाहिए. पद के लिए आवेदन पत्र **23.07.2026** तक पहुंच जाने चाहिए.

(सौम्या अग्रवाल)
मण्डलायुक्त/निदेशक

EN 14/48

# कृषि विज्ञान केंद्र

जावरा, जिला रतलाम (म.प्र.)
शिक्षा समिति कालूखेड़ा (एसएसके) द्वारा आईसीएआर प्रायोजित कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) के लिए निम्नलिखित पद हेतु आवश्यकता है.

## शुद्धिपत्र

विज्ञापन संख्या EN 16/84, रोजगार समाचार 19-25 जुलाई, 2025, फार्म मैनेजर, कृषि विज्ञान केंद्र जावरा, रतलाम (म.प्र.) के संदर्भ में, अनुभव मानदंड के अंतर्गत "अनिवार्य" शब्द हटाया जाता है. जिन उम्मीदवारों ने पहले ही आवेदन कर दिया है, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है. उनका आवेदन मान्य रहेगा. अतिरिक्त दस्तावेज, यदि कोई हों, अलग से प्रस्तुत किए जा सकते हैं. नए आवेदनकर्ताओं को मूल विज्ञापन के अनुसार रु. 1000/- का डिमांड ड्राफ्ट जमा करना होगा. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए यह शुल्क रु. 500/- होगा. अन्य सभी नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी.

**भरे हुए आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि इस शुद्धिपत्र के प्रकाशन की तिथि से 25 दिन होगी.**

EN 14/79 सचिव

# भारतीय पत्तन संघ

**प्रथम तल, एनबीसीसी प्लेस, साउथ टावर, बी.पी. मार्ग, लोधी रोड, नई दिल्ली 110003**
**ईमेलः ipa@nic.in**
**भारतीय पत्तन संघ में विभिन्न पदों की भर्ती की सूचना**

सं. IPA/PHRD/Rect./2026/01 24.06.2026

आईपीए निम्नानुसार विभिन्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता हैः

1. निदेशक (क्रूज) निश्चित अवधि रोजगार अनुबंध एवं उप निदेशक (क्रूज) प्रतिनियुक्ति पर.
2. पीएचआरडी वर्टिकल में विभिन्न पद प्रतिनियुक्ति पर.
3. सचिव (एमपीएससीबी) और सहायक प्रबंधक (डेटा एनालिटिक्स) प्रतिनियुक्ति पर.

आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि **15.07.2026** है. अधिक विवरण के लिए, **https://ipa.nic.in/** देखें और नवीनतम अपडेट के लिए भारतीय पत्तन संघ के लिंक्डइन पेज को फॉलो करें.

कार्यकारी निदेशक

CBC 37203/11/0002/2627
EN 14/94






# भारतीय प्रबंध संस्थान विशाखापट्टणम

**Indian Institute of Management Visakhapatnam**

## संविदा स्टाफ की भर्ती

**संदर्भ सं. IIMV/NTS-C/2026/03 दिनांक 19-06-2026**

आईआईएम विशाखापट्टणम नीचे दिए गए विभागों में विभिन्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता हैः

1. **शैक्षणिक कार्यक्रम** (2 पद)
2. **कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम** (2 पद)
3. **करियर विकास सेवाएं एवं पूर्व छात्र संबंध** (मुंबई में 1 पद, रिमोट और विशाखापट्टणम में 1, ऑनसाइट)
4. **प्रवेश कार्यालय** (1 पद)

ऑनलाइन आवेदन और पात्रता के विवरण के लिए, कृपया **www.iimv.ac.in/careers** देखें.
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 18-07-2026 है.

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (एचआर)**

CBC 21359/11/0002/2627 EN 14/88

# आर्मी लॉ कॉलेज, पुणे

पुराना पुणे मुंबई हाईवे (राष्ट्रीय राजमार्ग-4), साईबाबा सेवाधाम, कान्हे, पुणे-412106
फ़ोन नंबरः 8149930388, वेबसाइटः www.alcpune.com.
इंस्टाग्राम आईडीः https://www.instagram.com/armylawcollegepune.
लिंक्डइन आईडीः https://www.linkedin.com/army-law-college-pune/
ट्विटर (X) आईडीः @ArmylawcollegeP
आर्मी वेलफेयर एजुकेशन सोसाइटी (एडब्ल्यूईएस) का एक संस्थान, जो एसपीपीयू से संबद्ध है और बीसीआई तथा महाराष्ट्र सरकार द्वारा अनुमोदित है
(स्थायी रूप से गैर-सहायता प्राप्त महाविद्यालय)

## प्रधानाचार्य के नियमित पद के लिए रिक्ति

1. प्रतिष्ठित एसपीपीयू से संबद्ध और बीसीआई से संबद्ध कॉलेज में नियामक मानदंडों के अनुसार प्रोफेसर/एसोसिएट प्रोफेसर और प्रिंसिपल के नियमित पूर्णकालिक पद के लिए गतिशील, उच्च योग्य और अनुभवी व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

| पद का नाम | पात्रता | रिक्तियों की सं. |
|---|---|---|
| प्रिंसिपल | यूजीसी, सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय और बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा निर्धारित प्रधानाचार्य की नियुक्ति के लिए न्यूनतम योग्यता/पात्रता मानदंड लागू होंगे. | 01 पद (सभी के लिए खुला) |

2. **पात्रता मानदंड/अनिवार्य योग्यता.** यूजीसी विनियम दिनांक 18 जुलाई 2018 के आधार पर.
 2.1 **डिग्री.** कानून में पीएचडी और कानून में मास्टर डिग्री (एलएलएम) जिसमें कम से कम 55% अंक (या समकक्ष ग्रेड) हों.
 2.2 **अनुभव.** मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालयों, कॉलेजों या अन्य उच्च शिक्षा संस्थानों में शिक्षण/अनुसंधान/प्रशासनिक अनुभव के न्यूनतम 15 वर्ष के प्रोफेसर/एसोसिएट प्रोफेसर (वांछनीयः मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/कॉलेज में प्रिंसिपल/डीन के रूप में पूर्व अनुभव).
 2.3 **अनुसंधान.** सहकर्मी-समीक्षित या यूजीसी सूचीबद्ध पत्रिकाओं में न्यूनतम 10 शोध प्रकाशन और यूजीसी विनियमों के परिशिष्ट II तालिका 2 के अनुसार न्यूनतम 110 अनुसंधान स्कोर.
 2.4 **प्रासंगिक नियामक प्राधिकरण** (बार काउंसिल ऑफ इंडिया, यूजीसी या राज्य उच्च शिक्षा नियामक मानदंड) के तहत प्रिंसिपल के लिए वैधानिक पात्रता मानदंडों को पूरा करें.
3. **वांछनीय गुण.** एएलसी वेबसाइट, लिंक्डइन पेज और इंस्टाग्राम एवं ट्विटर (X) पर दी गई विस्तृत सूची के अनुसार.
4. **आवेदन कैसे करें.** योग्य उम्मीदवार सादे कागज पर अपना आवेदन पत्र भेजें, जिसमें आवेदन किए गए पद का उल्लेख हो, साथ ही संबंधित शैक्षणिक योग्यताओं के प्रमाण पत्रों की प्रतियां, नेट/पीएचडी उत्तीर्ण करने के बाद के सेवा/अनुभव प्रमाण पत्र (जैसा लागू हो), एपीआई/ अनुसंधान स्कोर (प्रमाणित, जिसकी प्रति साक्षात्कार के समय संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा प्रमाणित होनी आवश्यक है), अनुसंधान प्रकाशनों का विवरण और दो हालिया पासपोर्ट आकार की तस्वीरें संलग्न करें. आवेदन पत्र **रजिस्ट्रार, आर्मी लॉ कॉलेज पुणे** के उपरोक्त पते पर पहुंच जाना चाहिए. **आवेदन की हार्ड कॉपी डाक द्वारा भेजना अनिवार्य है.** उम्मीदवार अपने बायोडाटा और योग्यता/कार्य अनुभव से संबंधित दस्तावेजों की स्कैन की गई प्रतियों के साथ आवेदन पत्र **armylawcollegepune@gmail.com** पर ईमेल द्वारा भी भेज सकते हैं. केवल चयनित उम्मीदवारों को ही साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा. साक्षात्कार के लिए कोई टीए/डीए नहीं दिया जाएगा.
5. प्रमुख जिम्मेदारियों और वांछनीय योग्यता/मान्यताओं का विवरण कॉलेज की वेबसाइट **www.alcpune.com**, इंस्टाग्राम आईडीः **https://www.instagram.com/armylawcollegepune**, लिंक्डइन आईडीः **https://www.linkedin.com/army-law-college-pune** और ट्विटर आईडीः **@ArmylawcollegeP** पर उपलब्ध है. साक्षात्कार की तिथि पर उम्मीदवारों को कॉलेज के प्रति अपने दृष्टिकोण और प्रमुख जिम्मेदारियों और वांछनीय योग्यताओं से संबंधित अपने अनुभव पर एक प्रस्तुति तैयार करनी चाहिए.
6. **मुआवजा.** यूजीसी/एडब्ल्यूईएस मानदंडों के अनुसार.
7. **आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथिः 20 जुलाई 2026.**

**चेयरमैन,**
**आर्मी लॉ कॉलेज पुणे**

EN 14/19

## महत्वपूर्ण सूचना

हम सं.लो.से.आ., क.च.आ., रेलवे भर्ती बोर्ड आदि द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के परिणाम प्रकाशित करते समय पूरी सावधानी रखते हैं. यद्यपि, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आधिकारिक अधिसूचना/गजट की जांच कर लें. अनजाने में हुई मुद्रण त्रुटि के लिए रोज़गार समाचार जिम्मेदार नहीं होगा.

# भारतीय वायु सेना/Indian Air Force

**अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीरवायु इनटेक 02/2027 के लिए**
**चयन परीक्षा हेतु अविवाहित भारतीय पुरुष और महिला उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करती है.**
**ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की तारीखः 06 जुलाई 2026 से 26 जुलाई 2026 तक**
**ऑनलाइन परीक्षाः 22-23 सितंबर 2026**

**अग्निवीरवायु इनटेक 02/2027**

**सावधानी**
**भारतीय वायु सेना में चयन 'निष्पक्ष और पारदर्शी' होता है और यह पूरी तरह से मेरिट पर आधारित होता है. भारतीय वायु सेना में चयन या भर्ती के लिए किसी भी चरण में किसी को भी रिश्वत देने की आवश्यकता नहीं है. उम्मीदवारों को भर्ती/चयन एजेंट बनकर आने वाले धोखेबाज़ लोगों के झांसे में नहीं आना चाहिए.**

1. 'अग्निपथ योजना' के तहत 'अग्निवीरवायु' की भर्ती के लिए नई HR प्रक्रिया के अनुसार, जिसका मकसद देश के युवाओं को चार साल तक सेना जैसी जीवनशैली का अनुभव करने का मौका देना है, भारतीय वायु सेना (IAF) अविवाहित भारतीय पुरुष और महिला उम्मीदवारों से 'अग्निवीरवायु' के तौर पर IAF में शामिल होने के लिए **22-23 सितंबर 2026** को होने वाले सिलेक्शन टेस्ट के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करती है. महिला उम्मीदवारों की संख्या और उनकी तैनाती सेवा की ज़रूरतों के हिसाब से तय की जाएगी.

**यह चयन परीक्षा कमीशंड ऑफिसर/पायलट/नेविगेटर/एयरमैन के तौर पर चयन के लिए नहीं है.**

2. उम्मीदवारों को आवेदन सिर्फ ऑनलाइन भरना होगा और इसे भरने के लिए विस्तृत निर्देश **https://iafrecruitment.edcil.co.in** पर उपलब्ध हैं.
3. यह परीक्षा **'अग्निवीरवायु इनटेक 02/2027'** के लिए मान्य है.
4. **ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 06 जुलाई 2026 को सुबह 11:00 बजे** शुरू होगा और **26 जुलाई 2026 को रात 11:00 बजे** बंद हो जाएगा. सिर्फ **ऑनलाइन रजिस्टर्ड** आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे. रजिस्ट्रेशन के लिए **https://iafrecruitment.edcil.co.in** पर जाएं.

**नोटः-** उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे जल्द से जल्द रजिस्ट्रेशन करा लें क्योंकि रजिस्ट्रेशन की तारीखें आगे नहीं बढ़ाई जाएंगी.

**पात्रता मानदंड**

5. **आयु.**
5.1. **जन्म तिथि की सीमा. 01 जुलाई 2005 और 01 जनवरी 2010 (दोनों तारीखें शामिल) के बीच जन्मे उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र हैं.**
5.2. अगर कोई उम्मीदवार चयन प्रक्रिया के सभी चरण पास कर लेता है, तो एनरोलमेंट (भर्ती) की तारीख पर उसकी अधिकतम उम्र 22 साल होनी चाहिए.
6. **वैवाहिक स्थिति और गर्भावस्था.** केवल अविवाहित उम्मीदवार (पुरुष और महिला) ही अग्निवीरवायु के तौर पर भर्ती के लिए पात्र होंगे और उन्हें यह वचन देना होगा कि वे चार साल की तय सेवा अवधि के दौरान शादी नहीं करेंगे. अग्निवीरवायु की सेवा की सीमित अवधि (जिसमें ट्रेनिंग, स्किल डेवलपमेंट गतिविधियां, प्रैक्टिकल और फॉर्मेटिव असेसमेंट और सेवा अवधि के दौरान लगातार सेवा की संगठनात्मक ज़रूरतें शामिल हैं) को ध्यान में रखते हुए; सेवा अवधि के दौरान अग्निवीरवायु की लंबी अनुपस्थिति भारतीय वायु सेना की ऑपरेशनल क्षमता पर बुरा असर डालेगी. जो अग्निवीरवायु इस अवधि के दौरान शादी करते हैं या शादीशुदा पाए जाते हैं, उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया जाएगा. इसके अलावा, केवल अविवाहित अग्निवीरवायु ही एयरमैन के तौर पर नियमित कैडर में चयन के लिए पात्र होंगे. महिला उम्मीदवारों को यह वचन भी देना होगा कि वे चार साल की सेवा अवधि के दौरान गर्भवती नहीं होंगी. गर्भावस्था के कारण **'लो मेडिकल कैटेगरी' (LMC)** में आने वाली ऐसी महिला अग्निवीरवायु को सेवा से बर्खास्त किया जा सकता है. गर्भावस्था महिला अग्निवीरवायु को नियमित कैडर में चयन के लिए अयोग्य बना देगी. भर्ती के समय, उम्मीदवारों को ऊपर बताई गई शर्तों को स्वीकार करते हुए एक स्वैच्छिक वचन-पत्र पर हस्ताक्षर करने होंगे.
7. **शैक्षिक योग्यता.**
7.1. **साइंस विषय.** उम्मीदवारों ने केंद्र, राज्य और केंद्र शासित प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड से गणित, भौतिकी और अंग्रेजी के साथ इंटरमीडिएट/10+2/समकक्ष परीक्षा पास की हो, जिसमें कुल मिलाकर कम से कम 50% अंक और अंग्रेजी में 50% अंक हों.

**या**

केंद्र, राज्य और केंद्र शासित प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त पॉलिटेक्निक संस्थान से इंजीनियरिंग (मैकेनिकल/इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स/ऑटोमोबाइल/कंप्यूटर साइंस/इंस्ट्रूमेंटेशन टेक्नोलॉजी/सूचना प्रौद्योगिकी) में तीन साल का डिप्लोमा कोर्स पास किया हो, जिसमें डिप्लोमा कोर्स में कुल मिलाकर 50% अंक और अंग्रेजी में 50% अंक हों (या इंटरमीडिएट/मैट्रिकुलेशन में, यदि डिप्लोमा कोर्स में अंग्रेजी कोई विषय नहीं है).

**या**

केंद्र, राज्य और केंद्र शासित प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड से गैर-व्यावसायिक विषयों जैसे भौतिकी और गणित के साथ दो साल का व्यावसायिक कोर्स पास किया हो, जिसमें व्यावसायिक कोर्स में कुल मिलाकर 50% अंक और अंग्रेजी में 50% अंक हों (या इंटरमीडिएट/मैट्रिकुलेशन में, यदि व्यावसायिक कोर्स में अंग्रेजी कोई विषय नहीं है).

7.2. **साइंस विषयों के अलावा.** केंद्र, राज्य और केंद्र शासित प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड से किसी भी स्ट्रीम/विषय में इंटरमीडिएट/10+2/समकक्ष परीक्षा पास की हो, जिसमें कुल मिलाकर कम से कम 50% अंक और अंग्रेजी में 50% अंक हों.

**या**

केंद्र, राज्य और केंद्र शासित प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड से दो साल का व्यावसायिक कोर्स पास किया हो, जिसमें व्यावसायिक कोर्स में कुल मिलाकर कम से कम 50% अंक और अंग्रेजी में 50% अंक हों (या इंटरमीडिएट/मैट्रिकुलेशन में, यदि व्यावसायिक कोर्स में अंग्रेजी कोई विषय नहीं है).

**नोट -1:-** जो उम्मीदवार साइंस विषयों की परीक्षा के लिए योग्य हैं (जिसमें इंटरमीडिएट/ 10+2/ इंजीनियरिंग में तीन साल का डिप्लोमा कोर्स या फिजिक्स और मैथ्स जैसे नॉन-वोकेशनल विषयों के साथ दो साल का वोकेशनल कोर्स शामिल है), वे **'साइंस विषयों के अलावा अन्य विषयों'** की परीक्षा के लिए भी योग्य होंगे. उन्हें ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरते समय एक ही बार में साइंस विषयों और **'साइंस विषयों के अलावा अन्य विषयों'** - दोनों की परीक्षा में शामिल होने का विकल्प दिया जाएगा.

**नोट -2:-** रजिस्ट्रेशन की तारीख पर केंद्र, राज्य और केंद्र शासित प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त एजुकेशन बोर्ड को ही माना जाएगा.

**नोट -3:-** 10+2/ इंटरमीडिएट/ समकक्ष परीक्षा/ तीन साल के डिप्लोमा कोर्स/ दो साल के वोकेशनल कोर्स की मार्कशीट में लिखे दशमलव से पहले के कुल प्रतिशत (एग्रीगेट परसेंटेज) को ही माना जाएगा, या फिर संबंधित एजुकेशन बोर्ड/पॉलिटेक्निक इंस्टीट्यूट के नियमों के अनुसार कैलकुलेट किए गए प्रतिशत को ही माना जाएगा (उदाहरण के लिए, 49.99% को 49% माना जाएगा, न कि राउंड-ऑफ करके 50%).

8. **डोमिसाइल (मूल निवास) कैटेगरी.** उम्मीदवारों को नीचे बताई गई डोमिसाइल कैटेगरी में से एक को चुनना होगा और ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के समय ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म के डोमिसाइल कॉलम में उसे ही अपने डोमिसाइल राज्य/केंद्र शासित प्रदेश के तौर पर बताना होगा. डोमिसाइल की कैटेगरी इस प्रकार हैं:-
8.1. **स्थायी डोमिसाइल.** राज्य(यों)/केंद्र शासित प्रदेश के जिलों का स्थायी डोमिसाइल. उम्मीदवार को रेवेन्यू डिपार्टमेंट के किसी गजेटेड ऑफिसर या संबंधित राज्य/केंद्र शासित प्रदेश की राज्य सरकार द्वारा अधिकृत किसी अन्य अधिकारी द्वारा जारी 'डोमिसाइल सर्टिफिकेट' पेश करना होगा. ऐसे डोमिसाइल सर्टिफिकेट में उम्मीदवार का नाम और माता-पिता का नाम वही होना चाहिए जो उम्मीदवार के मैट्रिकुलेशन सर्टिफिकेट में लिखा है.
8.2. **सीओएएफपी-I.** एयर फ़ोर्स के सेवारत कर्मचारियों [ऑफिसर्स/एयरमेन/NCs(E) और डिफेंस एस्टीमेट से वेतन पाने वाले यूनिट कैडर के सिविलियन] के बच्चे, जिनके पिता/माता वर्तमान में राज्य(यों)/केंद्र शासित प्रदेश के जिलों में स्थित किसी एयर फ़ोर्स यूनिट/किसी अन्य संगठन में सेवा कर रहे हैं. ऐसे उम्मीदवारों को लेटेस्ट सीओएएफपी (एयर फ़ोर्स कर्मचारियों के बच्चे) सर्टिफिकेट पेश करना होगा.
8.3. **सीओएएफपी-II.** एयर फ़ोर्स कर्मचारियों [ऑफिसर्स/एयरमेन/NCs(E) और डिफेंस एस्टीमेट से वेतन पाने वाले यूनिट कैडर के सिविलियन] के बच्चे, जिनके पिता/माता रिटायर्ड/डिस्चार्ज/मृत हो चुके हैं और वे राज्य(यों)/केंद्र शासित प्रदेश के जिलों में रह रहे हैं. ऐसे उम्मीदवारों को कम से कम एक साल तक रहने का सबूत पेश करना होगा, साथ ही सर्विस बुक/डिस्चार्ज बुक/कैजुअल्टी सर्विस सर्टिफिकेट/सर्विस पर्टिकुलर सर्टिफिकेट (DPO-3/DAV से जारी, जैसा लागू हो) की मूल और फोटोकॉपी (ऑफिसर्स/एयरमेन/NCs(E) के मामले में) और सिविलियन्स के मामले में OIC सिविल एडमिन द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित और अंतिम बार सेवा की गई यूनिट के CO/C Adm O द्वारा प्रति-हस्ताक्षरित सर्टिफिकेट पेश करना होगा.

**नोटः-** एक बार चुनी गई डोमिसाइल कैटेगरी को बाद में बदला नहीं जाएगा क्योंकि यही कैटेगरी उम्मीदवार पर फेज-II परीक्षा के लिए शॉर्टलिस्टिंग और प्रोविजनल सेलेक्ट लिस्ट (PSL) तैयार करने के समय लागू होगी, जो प्रत्येक राज्य/केंद्र शासित प्रदेश के लिए आवंटित रिक्तियों के अनुसार राज्य-वार की जाएगी. रजिस्ट्रेशन के दौरान चुनी गई कैटेगरी के आधार पर, कैंडिडेट को एनरोलमेंट तक सिलेक्शन के हर स्टेज पर संबंधित मूल डोमिसाइल सर्टिफिकेट/सीओएएफपी सर्टिफिकेट (अगर फेज-II परीक्षा के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया हो) दिखाना होगा.

9. **अनिवार्य मेडिकल स्टैंडर्ड.** अग्निवीरवायु पुरुष और महिला उम्मीदवारों के लिए सामान्य मेडिकल स्टैंडर्ड इस प्रकार हैं:-
9.1. **लंबाई.**
9.1.1. **पुरुष उम्मीदवारों के लिए.** कम से कम स्वीकार्य लंबाई **152 सेमी** है.
9.1.2. **महिला उम्मीदवारों के लिए.** कम से कम स्वीकार्य लंबाई **152 सेमी** है. नॉर्थ ईस्ट या उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों के उम्मीदवारों के लिए, **147 सेमी** की कम लंबाई भी स्वीकार की जाएगी. लक्षद्वीप के उम्मीदवारों के मामले में, कम से कम लंबाई **150 सेमी** होगी.

**नोटः-** नॉर्थ ईस्ट/उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों/लक्षद्वीप का निवासी होने के कारण लंबाई में छूट लेने वाली महिला उम्मीदवारों को फेज-II टेस्टिंग के समय निवास की स्थिति (डोमिसाइल स्टेटस) के साथ निवास प्रमाण पत्र (डोमिसाइल सर्टिफिकेट) जमा करना होगा. इसके अलावा, उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों की महिला उम्मीदवारों के निवास प्रमाण पत्र में पहाड़ी इलाके का खास उल्लेख होना चाहिए.

9.2. **वज़न.** वज़न IAF के नियमों के अनुसार लंबाई और आयु के अनुपात में होना चाहिए.
9.3. **सीना.**
9.3.1. **पुरुष उम्मीदवारों के लिए.** छाती का आकार सही अनुपात में और अच्छी तरह से विकसित होना चाहिए. छाती का न्यूनतम घेरा **77 सेमी** होना चाहिए और छाती का फैलाव कम से कम **05 सेमी** होना चाहिए.
9.3.2. **महिला उम्मीदवारों के लिए.** छाती का आकार सही अनुपात में होना चाहिए और फैलाव कम से कम **05 सेमी** होना चाहिए.
9.4. **श्रवण क्षमता.** उम्मीदवार की सुनने की क्षमता सामान्य होनी चाहिए, यानी वह हर कान से अलग-अलग 6 मीटर की दूरी से धीमी आवाज़ (फुसफुसाहट) सुन सके.
9.5. **दांत.** मसूड़े स्वस्थ होने चाहिए, दांतों का सेट अच्छा होना चाहिए और कम से कम 14 डेंटल पॉइंट होने चाहिए. डेंटल इम्प्लांट और इम्प्लांट-सपोर्टेड प्रोस्थेसिस के लिए कोई डेंटल पॉइंट नहीं दिया जाएगा. जो उम्मीदवार फिक्स्ड या हटाने योग्य ऑर्थोडॉन्टिक उपकरण (जैसे ब्रेसेस) पहने हुए पाए जाएंगे, उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा.
9.6. **सामान्य स्वास्थ्य.** उम्मीदवार एयर फ़ोर्स के लिए फिट होना चाहिए, मेडिकल स्टैंडर्ड्स को पूरा करना चाहिए और उसका शरीर सामान्य बनावट वाला होना चाहिए, जिसमें शरीर का कोई अंग गायब या विकृत न हो. उसे किसी भी तरह की सक्रिय या छिपी हुई, गंभीर या पुरानी, मेडिकल या सर्जिकल अक्षमता या संक्रामक बीमारी, इन्फेक्शन और त्वचा की बीमारियों से मुक्त होना चाहिए. उम्मीदवार को दुनिया के किसी भी हिस्से में, किसी भी मौसम और इलाके में ड्यूटी करने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से फिट होना चाहिए.
9.7. **स्त्री रोग संबंधी जांच (महिला उम्मीदवारों के लिए).** इस जांच में बाहरी जननांग, हर्निया के छिद्र और पेरिनेम, तनाव के कारण पेशाब पर नियंत्रण न रहने (स्ट्रेस यूरिनरी इनकंटिनेंस) या जननांग के बाहर की ओर खिसकने (जेनिटल प्रोलैप्स) के किसी भी लक्षण की जांच शामिल है.
9.8. **लिंग.** यदि किसी उम्मीदवार में बाहरी शारीरिक जांच के दौरान विपरीत लिंग के प्रमुख लक्षण पाए जाते हैं, तो उसे अयोग्य मानकर खारिज कर दिया जाएगा. जिस उम्मीदवार ने लिंग परिवर्तन सर्जरी (जेंडर रीअसाइनमेंट सर्जरी) करवाई है, उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा.
9.9. **गर्भावस्था (महिला उम्मीदवारों के लिए).** यदि कोई उम्मीदवार गर्भवती पाई जाती है, तो उसे अयोग्य ठहराया जाएगा और उसकी उम्मीदवारी खारिज कर दी जाएगी.
9.10. **दृष्टि मानक.**

| आंखों की देखने की क्षमता | रिफ्रेक्टिव एरर (आंख के लेंस की खराबी) की अधिकतम सीमा | रंग पहचानने की क्षमता |
|---|---|---|
| दोनों आँखों में 6/12, जिसे दोनों आंखों में 6/6 तक ठीक किया जा सके | हाइपरमेट्रोपिया (दूर की दृष्टि दोष): +2.0D<br>मायोपिया (निकट दृष्टि दोष): - 1D<br>± 0.50 D एस्टिग्मैटिज्म (दृष्टि-वैषम्य) सहित | CP-II |

**नोटः-**

9.10.1. उम्मीदवारों को अपना नवीनतम प्रिस्क्रिप्शन (एक महीने से पुराना नहीं) और अगर वे चश्मा पहनते हैं, तो उसे साथ लाना चाहिए. प्रिस्क्रिप्शन पर नेत्र रोग विशेषज्ञ का डायोप्टर माप, नाम, हस्ताक्षर, स्टैम्प और रजिस्ट्रेशन नंबर होना चाहिए. प्रिस्क्रिप्शन की तारीख मेडिकल जांच में शामिल होने से एक महीने के भीतर की होनी चाहिए.
9.10.2. जिन उम्मीदवारों की लेसिक/पीआरके सर्जरी हुई है, उन्हें स्वीकार नहीं किया जाएगा.

9.11. मेडिकल मानकों की जानकारी सीएएसबी वेब पोर्टल **https://iafrecruitment.edcil.co.in** पर उपलब्ध है.
9.12 ऊपर बताए गए मेडिकल मानक सामान्य दिशा-निर्देश हैं. मेडिकल फिटनेस के बारे में अंतिम निर्णय मेडिकल बोर्ड द्वारा लिया जाएगा.
10. **नशीली दवाओं और साइकोट्रोपिक पदार्थों (एनडीपीएस) का सेवन.** एनडीपीएस एक्ट 1985 के तहत प्रतिबंधित नशीली दवाओं और साइकोट्रोपिक पदार्थों का सेवन भावासे में चयन के लिए अयोग्यता का कारण होगा. भर्ती होने के बाद अगर कोई अग्निवीरवायु ऐसी दवाओं और पदार्थों को अपने पास रखता है, स्टोर करता है, बांटता है या उनका सेवन करता है, तो उस पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें भावासे से बर्खास्तगी भी शामिल हो सकती है. भावासे में शराब और नशीले पदार्थों के सेवन को लेकर 'ज़ीरो टॉलरेंस पॉलिसी' (सख्त मनाही) अपनाई जाती है.
11. **शरीर पर टैटू.** शरीर पर स्थायी टैटू की अनुमति नहीं है. हालांकि, अग्रबाहु (कोहनी के अंदर से कलाई तक) के अंदरूनी हिस्से, हाथ के पिछले हिस्से (हथेली के उल्टे तरफ) पर बने टैटू और अपनी जनजाति के रीति-रिवाजों और परंपराओं के अनुसार टैटू बनवाने वाले आदिवासियों के मामलों पर विचार किया जा सकता है. शरीर पर कहीं भी आपत्तिजनक, अश्लील, अभद्र, लिंग-भेद या नस्ल-भेद को बढ़ावा देने वाले टैटू प्रतिबंधित हैं. हालांकि, किसी टैटू को स्वीकार्य या अस्वीकार्य मानने का अधिकार चयन केंद्र के पास होगा. स्थायी टैटू वाले उम्मीदवारों को पोस्टकार्ड साइज़ की दो तस्वीरें (पास से और दूर से ली गई) जमा करनी होंगी, जिनमें टैटू के साइज़ और प्रकार का विवरण हो.
12. केवल उन सिख उम्मीदवारों को बाल बढ़ाने और/या दाढ़ी और मूंछ रखने की अनुमति होगी जिनके धर्म में बाल काटने या चेहरा शेव करने की मनाही है. इसलिए, जो सिख उम्मीदवार तय नियमों के अनुसार दाढ़ी और मूंछ रखना चाहते हैं, उन्हें दाढ़ी और मूंछ के साथ अपनी तस्वीरें खिंचवानी होंगी.

**नियम और शर्तें**

13. अग्निवीरवायु को एयर फ़ोर्स एक्ट 1950 के तहत चार साल की अवधि के लिए भारतीय वायु सेना में शामिल किया जाएगा. अग्निवीरवायु भारतीय वायु सेना में एक अलग रैंक बनाएंगे, जो मौजूदा किसी भी अन्य रैंक से अलग होगी. भारतीय वायु सेना चार साल की सेवा अवधि के बाद अग्निवीरवायु को बनाए रखने के लिए बाध्य नहीं है.
14. चार साल की सेवा पूरी होने पर, संगठन की ज़रूरतों और भारतीय वायु सेना द्वारा बनाई गई नीतियों के आधार पर, अग्निवीरवायु को एयरमैन के तौर पर भारतीय वायु सेना के नियमित कैडर में शामिल होने के लिए आवेदन करने का मौका दिया जाएगा. इन आवेदनों पर निष्पक्ष मानदंडों के आधार पर केंद्रीय स्तर पर विचार किया जाएगा, जिसमें उनकी चार साल की सेवा अवधि के दौरान का प्रदर्शन भी शामिल होगा; और हर विशिष्ट बैच के 25% तक अग्निवीरवायु को भारतीय वायु सेना के नियमित कैडर में शामिल किया जाएगा. अग्निवीरवायु को भारतीय वायु सेना में आगे शामिल किए जाने के लिए चुने जाने का कोई अधिकार नहीं होगा. आगे शामिल किए जाने के लिए अग्निवीरवायु का चयन, यदि कोई हो, तो वह भारत सरकार के विवेक पर निर्भर करेगा.
15. **काम पर लगाए जाने की योग्यता.** इस एंट्री के तहत शामिल किए गए अग्निवीरवायु को भारतीय वायु सेना के विवेक पर संगठन के हित में कोई भी ड्यूटी सौंपी जा सकती है.
16. **ट्रेनिंग.** शामिल होने पर, अग्निवीरवायु को भारतीय वायु सेना की ज़रूरतों के आधार पर मिलिट्री ट्रेनिंग दी जाएगी.
17. **अवकाश.** अवकाश देना भारतीय वायु सेना की ज़रूरतों पर निर्भर करेगा. अग्निवीरवायु के लिए उनकी सेवा अवधि के दौरान निम्नलिखित छुट्टियां लागू होंगीः-
17.1. **वार्षिक अवकाश. प्रति वर्ष 30 दिन.**
17.2. **बीमारी की छुट्टी.** सक्षम चिकित्सा अधिकारी की सलाह के आधार पर.
18. **चिकित्सा और सीएसडी सुविधाएं.** भारतीय वायु सेना में अपनी सेवा अवधि के दौरान, अग्निवीरवायु सर्विस अस्पतालों में चिकित्सा सुविधा और सीएसडी सुविधाओं के हकदार होंगे.
19. **वेतन, भत्ते और अन्य लाभ.** इस योजना के तहत भर्ती किए गए अग्निवीरवायु को रु. 30,000/- प्रति माह का अग्निवीर पैकेज दिया जाएगा, जिसमें हर साल एक निश्चित बढ़ोतरी होगी. इसके अलावा, जोखिम और कठिनाई भत्ते (जैसा कि भारतीय वायु सेना में लागू

(शेष पृष्ठ 26 पर)

(पृष्ठ 25 का शेष)

है), पोशाक और यात्रा भत्ते भी दिए जाएंगे. मौजूदा नियमों के अनुसार राशन, कपड़े, आवास और अवकाश यात्रा भत्ता जैसी सुविधाएं भी दी जाएंगी.

20. **सेवा समाप्ति पर मिलने वाले लाभ - सेवा निधि पैकेज.** सेवा अवधि पूरी होने पर अग्निवीरवायु को एक बार में 'सेवा निधि' पैकेज दिया जाएगा, जिसमें उनका मासिक योगदान और सरकार का बराबर योगदान शामिल होगा, जैसा कि नीचे बताया गया है:-

| साल | कस्टमाइज़्ड पैकेज (महीने का) | हाथ में मिलने वाली रकम (70%) | अग्निवीर कॉर्पस में योगदान | भारत सरकार द्वारा कॉर्पस फंड में योगदान |
|---|---|---|---|---|
| सभी आंकड़े रु. में (महीने का योगदान) (लगभग) | | | | |
| पहला साल | 30,000/- | 21,000/- | 9,000/- | 9,000/- |
| दूसरा साल | 33,000/- | 23,100/- | 9,900/- | 9,900/- |
| तीसरा साल | 36,500/- | 25,550/- | 10,950/- | 10,950/- |
| चौथा साल | 40,000/- | 28,000/- | 12,000/- | 12,000/- |
| सभी आंकड़े रु. में (महीने का योगदान) (लगभग) | | | | |
| चार साल बाद अग्निवीर कॉर्पस फंड में कुल योगदान | | | रु. 5.02 लाख | रु. 5.02 लाख |
| 4 साल बाद एग्ज़िट पर | सेवा निधि पैकेज के तौर पर लगभग रु. 10.04 लाख (बिना ब्याज के कुल रकम) | | | |

नोट 1:- अग्निवीरवायु को भारतीय वायु सेना में किसी भी भविष्य निधि में योगदान करने की आवश्यकता नहीं होगी.

नोट 2. ग्रेच्युटी और किसी भी प्रकार के पेंशन संबंधी लाभ पाने का कोई अधिकार नहीं होगा.

21. **बीमा, मृत्यु और विकलांगता मुआवजा.** भारतीय वायु सेना में अग्निवीरवायु के तौर पर काम करने की अवधि के दौरान, उन्हें 48 लाख का नॉन-कंट्रीब्यूटरी (बिना योगदान वाला) जीवन बीमा कवर दिया जाएगा. अग्निवीरवायु पर भारतीय वायु सेना के पेंशन नियमों/प्रावधानों का नियम लागू नहीं होगा. मृत्यु/विकलांगता मुआवजे के विवरण के लिए **https://iafrecruitment.edcil.co.in** पर लॉग ऑन करें.

22. **अग्निवीर कौशल प्रमाण पत्र.** सेवा अवधि समाप्त होने पर, अग्निवीरवायु को एक विस्तृत कौशल-सेट प्रमाण पत्र दिया जाएगा, जिसमें उनके कार्यकाल के दौरान हासिल किए गए कौशल और दक्षता के स्तर का उल्लेख होगा.

23. **पूर्व सैनिक का दर्जा नहीं मिलेगा.** इस स्कीम के तहत भर्ती हुए अग्निवीरवायु, चार साल की सर्विस पूरी होने के बाद डिस्चार्ज होने पर 'एक्स-सर्विसमैन' (पूर्व सैनिक) का दर्जा पाने के हकदार नहीं होंगे.

24. अग्निवीरवायु को अपनी चार साल की सर्विस के दौरान डिफेंस फोर्सेज में कमीशनिंग की सभी परीक्षाओं में शामिल होने की इजाजत होगी (अधिकतम पांच बार), बशर्ते वे इसके लिए जरूरी शर्तें पूरी करते हों. जिन अग्निवीरवायु ने भारतीय वायु सेना में भर्ती होने से पहले किसी सरकारी परीक्षा के लिए अप्लाई किया था, उन्हें उस परीक्षा में शामिल होने की इजाज़त दी जा सकती है.

25. अग्निवीरवायु को सर्विस की अवधि पूरी होने से पहले अपनी मर्जी से नौकरी छोड़ने की इजाजत नहीं होगी. हालांकि, खास मामलों में, सक्षम अधिकारी की मंजूरी से अग्निवीरवायु के तौर पर भर्ती हुए कर्मियों को नौकरी से मुक्त किया जा सकता है.

**परीक्षा का क्रम**

**फेज़-I और फेज-II के दौरान टेस्टिंग एरिया में मोबाइल फोन / स्मार्ट वॉच / इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाना मना है. जिन उम्मीदवारों के पास मोबाइल फोन / इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पाए जाएंगे, उन्हें हमेशा के लिए परीक्षा से बाहर कर दिया जाएगा.**

**फेज़-I**

26. **ऑनलाइन टेस्ट.** योग्य उम्मीदवारों को परीक्षा से 48-72 घंटे पहले उनके रजिस्टर्ड ई-मेल आईडी पर टेस्टिंग के फेज़-I के लिए एडमिट कार्ड भेजे जाएंगे. उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड डाउनलोड करना होगा, उसका रंगीन प्रिंटआउट लेना होगा और उसे परीक्षा केंद्र पर ले जाना होगा. शहर का नाम और परीक्षा की तारीख उम्मीदवारों को पहले ही बता दी जाएगी ताकि वे अपनी यात्रा की योजना बना सकें. यह प्रोविजनल एडमिट कार्ड उम्मीदवार सीएएसबी वेब पोर्टल **https://iafrecruitment.edcil.co.in** पर अपने लॉगिन से भी डाउनलोड कर सकते हैं. प्रोविजनल एडमिट कार्ड वाले सभी उम्मीदवार अपने एडमिट कार्ड के अनुसार तय/आवंटित केंद्रों पर ऑनलाइन टेस्ट देंगे. ऑनलाइन टेस्ट ऑब्जेक्टिव टाइप का होगा और इंग्लिश पेपर को छोड़कर सभी सवाल द्विभाषी (अंग्रेजी और हिंदी) होंगे. उम्मीदवारों को फेज-I टेस्टिंग के लिए अपने साथ एक नीला/काला पेन और ओरिजिनल आधार कार्ड लाना होगा.

**टेस्ट की जानकारी इस प्रकार है:-**

26.1. **साइंस विषय.** ऑनलाइन टेस्ट की कुल अवधि 60 मिनट होगी और इसमें 10+2 CBSE सिलेबस के अनुसार फिजिक्स, मैथमेटिक्स और इंग्लिश शामिल होंगे.

26.2. **साइंस विषयों के अलावा.** ऑनलाइन टेस्ट की कुल अवधि 45 मिनट होगी और इसमें 10+2 CBSE सिलेबस के अनुसार इंग्लिश और रीजनिंग और जनरल अवेयरनेस (RAGA) शामिल होंगे.

26.3. **साइंस विषय और साइंस विषयों के अलावा.** ऑनलाइन टेस्ट की कुल अवधि 85 मिनट होगी और इसमें 10+2 CBSE सिलेबस के अनुसार फिजिक्स, मैथमेटिक्स और इंग्लिश तथा रीजनिंग और जनरल अवेयरनेस (RAGA) शामिल होंगे.

26.4. **ऑनलाइन टेस्ट के लिए मार्किंग का तरीका :-**

**26.4.1. हर सही जवाब के लिए एक नंबर.**

**26.4.2. बिना हल किए गए सवाल के लिए कोई नंबर (0) नहीं.**

**26.4.3. हर गलत जवाब के लिए 0.25 नंबर काटे जाएंगे.**

नोट:- ऊपर बताई गई परीक्षा प्रक्रिया उम्मीदवारों की योग्यता के आधार पर चयन प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए बनाई गई है. परीक्षा प्रक्रिया चाहे जो भी हो, इस एंट्री के तहत भर्ती किए गए अग्निवीरवायु को भारतीय वायु सेना की मर्जी से संगठन के हित में कोई भी ड्यूटी सौंपी जा सकती है.

27. स्टार फेज-I टेस्टिंग में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त नंबरों को **https://iafrecruitment.edcil.co.in** वेबसाइट पर बताए गए फ़ॉर्मूले का इस्तेमाल करके "नॉर्मलाइज" किया जाएगा, ताकि अलग-अलग सेशन में प्रश्न पत्रों के कठिनाई स्तर में अंतर को ध्यान में रखा जा सके. उम्मीदवारों को ध्यान देना चाहिए कि स्टार फेज-II टेस्टिंग के लिए उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग और चयन के लिए अंतिम मेरिट लिस्ट तैयार करने में कट-ऑफ का इस्तेमाल "नॉर्मलाइज्ड मार्क्स" के आधार पर किया जाएगा, न कि STAR फेज-I टेस्टिंग में उम्मीदवार द्वारा प्राप्त "असली मार्क्स" के आधार पर. इसके अलावा, नॉर्मलाइज़ेशन के बाद, किसी विषय में उम्मीदवार द्वारा प्राप्त नंबर असली नंबरों से कम/ज़्यादा हो सकते हैं, और कुछ खास मामलों में उस विषय के कुल नंबरों से भी ज़्यादा हो सकते हैं. फेज-II टेस्टिंग के लिए शॉर्टलिस्टिंग राज्य-वार तरीके से की जाएगी. फेज-II टेस्टिंग के लिए शॉर्टलिस्टिंग के लिए कट-ऑफ नंबर हर राज्य में अलग-अलग हो सकते हैं क्योंकि वैकेंसी राज्य-वार तरीके से बांटी गई हैं.

28. **उम्मीदवारों को साइंस विषयों और साइंस के अलावा अन्य विषयों के हर पेपर में अलग-अलग क्वालिफ़ाई करना होगा (नॉर्मलाइज़्ड मार्क्स के साथ).** फ़ेज़-I ऑनलाइन टेस्ट में उनके प्रदर्शन के आधार पर फ़ेज़-I का रिज़ल्ट और फ़ेज़-II के लिए राज्य-वार शॉर्टलिस्टिंग की जानकारी **https://iafrecruitment.edcil.co.in** पर उम्मीदवार की पर्सनल लॉग-इन ID में अपलोड की जाएगी.

29. **परीक्षा के लिए निर्देश.** ऑनलाइन परीक्षा के दौरान उम्मीदवारों को प्रश्न-पत्र उपलब्ध कराया जाएगा. परीक्षा पूरी होने तक उम्मीदवारों को परीक्षा हॉल से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी. इसके अलावा, परीक्षा के बाद **'ऑब्जेक्शन मैनेजमेंट' (आपत्ति प्रबंधन)** की अवधि के दौरान तीन दिनों के लिए उम्मीदवारों के वेबपेज लॉग-इन पर प्रश्न-पत्र, उत्तर-कुंजी (आंसर-की) और उम्मीदवार के जवाब (रिस्पॉन्स) उपलब्ध कराए जाएंगे. 'ऑब्जेक्शन मैनेजमेंट' की अवधि समाप्त होने के बाद प्रश्न-पत्र, उत्तर-कुंजी और उम्मीदवार की रिस्पॉन्स शीट से संबंधित किसी भी सवाल पर किसी भी माध्यम से विचार नहीं किया जाएगा. आधिकारिक वेबसाइट/उम्मीदवार के वेबपेज लॉग-इन के माध्यम से पहले से उपलब्ध कराई गई जानकारी के लिए किसी सूचना का अधिकार (RTI) पर विचार नहीं किया जाएगा. परीक्षा की तारीख से छह महीने बाद स्टार से संबंधित किसी भी सवाल पर विचार नहीं किया जाएगा.

**फेज़ - II**

30. फेज-I (ऑनलाइन) टेस्ट का रिजल्ट घोषित होने के तुरंत बाद, उम्मीदवारों द्वारा फेज-I टेस्ट में प्राप्त नॉर्मलाइज्ड मार्क्स पर एक कट-ऑफ लागू किया जाएगा और राज्य-वार शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को तय एएससी पर फेज़-II टेस्ट के लिए उनके रजिस्टर्ड ई-मेल आईडी पर एक नया एडमिट कार्ड भेजा जाएगा. फेज़-II परीक्षा के लिए यह एडमिट कार्ड सीएएसबी वेब पोर्टल **https://iafrecruitment.edcil.co.in** पर उम्मीदवार के लॉगिन के तहत ऑनलाइन भी डाउनलोड किया जा सकता है. उम्मीदवारों को तय तारीख और समय पर तय एएससी पर निम्नलिखित चीज़ों के साथ रिपोर्ट करना होगा:-

30.1. फेज-II एडमिट कार्ड का रंगीन प्रिंट आउट.

30.2. ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पूरा होने पर डाउनलोड किए गए ठीक से भरे हुए एप्लीकेशन फ़ॉर्म का रंगीन प्रिंट आउट.

30.3. लिखने के लिए HB पेंसिल, इरेज़र, शार्पनर, ग्लू स्टिक, स्टेपलर और काला/नीला बॉल पॉइंट पेन.

30.4. बिना अटेस्टेड पासपोर्ट साइज रंगीन फ़ोटो की आठ कॉपी (जो ऑनलाइन एप्लीकेशन रजिस्ट्रेशन के लिए इस्तेमाल की गई थी).

30.5. मैट्रिकुलेशन पासिंग सर्टिफिकेट का ओरिजिनल या डिजीलॉकर से वेरिफ़ाइड प्रिंटआउट और चार सेल्फ-अटेस्टेड फ़ोटोकॉपी (उम्मीदवार के नाम, पिता के नाम और जन्म तिथि के वेरिफिकेशन के लिए ज़रूरी).

30.6. मैट्रिकुलेशन मार्कशीट का ओरिजिनल या डिजीलॉकर से वेरिफ़ाइड प्रिंटआउट और चार सेल्फ-अटेस्टेड फ़ोटोकॉपी **(यह केवल तीन साल के डिप्लोमा/दो साल के वोकेशनल कोर्स होल्डर्स के लिए लागू है, जब डिप्लोमा/वोकेशनल कोर्स में इंग्लिश कोई सब्जेक्ट न हो).**

30.7. इंटरमीडिएट/10+2/समकक्ष परीक्षा पासिंग सर्टिफिकेट और मार्कशीट का ओरिजिनल या डिजीलॉकर से वेरिफ़ाइड प्रिंटआउट और चार सेल्फ-अटेस्टेड फ़ोटोकॉपी.

**या**

तीन साल के डिप्लोमा कोर्स पासिंग सर्टिफिकेट और सभी सेमेस्टर की मार्कशीट का ओरिजिनल या डिजीलॉकर से वेरिफ़ाइड प्रिंटआउट और चार सेल्फ-अटेस्टेड फ़ोटोकॉपी.

**या**

दो साल के वोकेशनल कोर्स का पासिंग सर्टिफिकेट और सभी मार्कशीट (जिनमें इंग्लिश, फिजिक्स और मैथमेटिक्स विषयों वाले नॉन-वोकेशनल कोर्स की मार्कशीट भी शामिल हों) का ओरिजिनल या डिजीलॉकर से वेरिफाइड प्रिंटआउट और चार सेल्फ-अटेस्टेड फोटोकॉपी.

30.8. डोमिसाइल सर्टिफिकेट/ सीओएएफपी सर्टिफिकेट की ओरिजिनल कॉपी और चार सेल्फ-अटेस्टेड फोटोकॉपी. कैंडिडेट को फेज-II परीक्षा के लिए रिपोर्ट करते समय चुना हुआ 'डोमिसाइल सर्टिफिकेट' (जो रेवेन्यू डिपार्टमेंट के किसी गजेटेड ऑफिसर या संबंधित राज्य/ केंद्र-शासित प्रदेश की राज्य सरकार द्वारा अधिकृत किसी अन्य अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो) या सीओएएफपी सर्टिफिकेट दिखाना होगा. ऐसे डोमिसाइल सर्टिफिकेट में कैंडिडेट का नाम और माता-पिता का नाम वही होना चाहिए जो कैंडिडेट के मैट्रिकुलेशन सर्टिफिकेट में लिखा है.

30.9. सर्विस कर रहे एयर फ़ोर्स कर्मियों के बच्चों के लिए, ठीक से भरे हुए "चिल्ड्रन ऑफ़ एयर फ़ोर्स पर्सनल" (सीओएएफपी) सर्टिफिकेट (फ़ॉर्मेट सीएएसबी वेबपेज पर उपलब्ध है) की ओरिजिनल कॉपी और चार सेल्फ-अटेस्टेड फोटोकॉपी; या फिर, ऑफिसर/एयरमेन/NCs(E) के मामले में सर्विस बुक/डिस्चार्ज बुक/कैजुअल्टी सर्विस सर्टिफिकेट/सर्विस पर्टिकुलर सर्टिफिकेट (DPO-3/DAV से जारी, जैसा लागू हो) की ओरिजिनल कॉपी और चार सेल्फ-अटेस्टेड फोटोकॉपी; और रिटायर्ड/मृत/डिस्चार्ज हो चुके एयर फ़ोर्स कर्मियों के बच्चों (सिविलियन) के मामले में, OIC सिविल एडमिन द्वारा साइन किया हुआ और आखिरी बार सर्विस की गई यूनिट के CO/C Adm O द्वारा काउंटर-साइन किया हुआ सर्टिफिकेट और कम से कम एक साल तक रहने का सबूत.

30.10. फेज-I टेस्ट के दौरान इस्तेमाल किया गया ओरिजिनल फेज-I एडमिट कार्ड, जिस पर एयर फ़ोर्स की सील और इनविजिलेटर के हस्ताक्षर हों.

30.11. ऊपर दिए गए पैरा 11 के अनुसार शरीर पर बने टैटू की तस्वीरें.

30.12. NCC 'A', 'B' या 'C' सर्टिफिकेट (यदि लागू हो) का ओरिजिनल और चार स्व-सत्यापित फ़ोटोकॉपी.

30.13. यूनिट/स्टेशन से प्राप्त अनुमति पत्र की कॉपी (केवल सेवारत Agv NC के लिए लागू).

**नोट-1:-** ओरिजिनल NCC सर्टिफिकेट पर सीरियल नंबर, जारी करने वाले प्राधिकरण की गोल सील और हस्ताक्षर करने वाले प्राधिकरण की मुहर होनी चाहिए. सर्टिफिकेट पर लगी फ़ोटो को जारी करने वाले प्राधिकरण द्वारा मुहर के साथ सत्यापित किया जाना चाहिए. QR कोड वाले ओरिजिनल डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित NCC सर्टिफिकेट भी स्वीकार किए जाएंगे.

**नोट-2:-** भारतीय सेना/भारतीय नौसेना/किसी अन्य सरकारी संगठन से डिस्चार्ज किए गए उम्मीदवार भी पात्र होंगे, बशर्ते उन्हें बिना किसी प्रतिकूल प्रविष्टि के डिस्चार्ज किया गया हो. ऐसे उम्मीदवार को फेज-II के लिए टेस्टिंग के समय यह बताना होगा कि वह ऊपर बताए गए संगठनों का पूर्व-कर्मचारी है और ओरिजिनल डिस्चार्ज सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना होगा. सेवारत व्यक्तियों के मामले में, उनके पास फेज-II के समय अपने नियोक्ता से NOC होनी चाहिए. यदि कोई उम्मीदवार नौकरी करने या पूर्व-कर्मचारी होने की बात नहीं बताता है, तो चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और यदि वह चुना जाता है, तो नौकरी की बात छिपाने के कारण उसे सेवा से डिस्चार्ज/बर्खास्त किया जा सकता है. किसी भी कारण से भारतीय वायु सेना से डिस्चार्ज किए गए उम्मीदवार चयन परीक्षा में बैठने के पात्र नहीं हैं. कदाचार या किसी अनुचित गतिविधि के कारण किसी पिछली वायु सेना परीक्षा से स्थायी रूप से प्रतिबंधित उम्मीदवार चयन परीक्षा में बैठने के पात्र नहीं हैं. यदि बाद के चरण में ऐसा पाया जाता है, तो उम्मीदवारी अपने आप रद्द कर दी जाएगी.

**नोट-3:-** गलत डोमिसाइल सर्टिफ़िकेट/सीओएएफपी सर्टिफिकेट बताने वाले उम्मीदवारों को फेज़-II टेस्टिंग में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी. डोमिसाइल सर्टिफ़िकेट/सीओएएफपी सर्टिफिकेट के बारे में गलत जानकारी देने पर भर्ती, प्रशिक्षण और उसके बाद किसी भी चरण में उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.

31. **योग्यता की जांच.** उम्मीदवारों के पास ऊपर पैरा 30 में बताए गए दस्तावेज़ होने चाहिए. चयन परीक्षा के लिए आते समय, फेज-II शुरू होने से पहले योग्यता की शुरुआती जांच के लिए इन दस्तावेजों की जांच/सत्यापन किया जाएगा. जो उम्मीदवार फिजिकल फिटनेस टेस्ट पास कर लेंगे, उनके ऊपर पैरा 30 में बताए गए सभी दस्तावेजों की विस्तृत जांच की जाएगी. जो उम्मीदवार तय शैक्षणिक योग्यता को पूरा नहीं करते हैं, उनकी उम्मीदवारी ओरिजिनल सर्टिफिकेट और मार्कशीट की शुरुआती जांच के दौरान और एएससी में विस्तृत जांच के दौरान रद्द कर दी जाएगी.

**नोट -1:-** सीओएएफपी के मामले में, उम्मीदवार का नाम, माता-पिता का नाम और उम्मीदवार की जन्म तिथि, जो डिस्चार्ज बुक/सर्विस बुक/सर्विस डिटेल सर्टिफिकेट/कैजुअल्टी सर्टिफिकेट (जो भी लागू हो) में लिखी है, वही उम्मीदवार के मैट्रिकुलेशन पासिंग सर्टिफिकेट में भी लिखी होनी चाहिए.

**नोट -2:-** किसी भी हालत में, उम्मीदवारों को ओरिजिनल शैक्षणिक मार्कशीट/पासिंग सर्टिफिकेट और ऊपर पैरा 30 में बताए गए दस्तावेज़ों के बिना सिलेक्शन टेस्ट के फेज़-II में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी. हालांकि, जिन उम्मीदवारों के पास शैक्षणिक मार्कशीट/पासिंग सर्टिफिकेट की फोटोकॉपी है, उन्हें चयन परीक्षा में शामिल होने की अनुमति तभी दी जा सकती है जब वे कॉलेज/स्कूल के प्रिंसिपल का सर्टिफिकेट दिखाएं जिसमें यह प्रमाणित हो कि शैक्षणिक सर्टिफिकेट/मार्कशीट कॉलेज/स्कूल में जमा है. डिजिलॉकर से सत्यापित सर्टिफिकेट स्वीकार किए जाएंगे. उम्मीदवारों को डिजिलॉकर से सत्यापित सर्टिफिकेट का प्रिंटआउट लाना होगा और सिलेक्शन टीम द्वारा जांच के दौरान डिजिलॉकर में वही सर्टिफिकेट दिखाने के लिए मोबाइल डिवाइस भी साथ लाना होगा.

**नोट -3:-** सिलेक्शन सेंटर ओरिजिनल पासिंग सर्टिफिकेट/मार्कशीट अपने पास नहीं रखेगा. विस्तृत जांच पूरी होने पर ये उम्मीदवार को वापस कर दिए जाएंगे.

**नोट-4:-** मार्कशीट की इंटरनेट कॉपी स्वीकार्य नहीं है.

**नोट-5:-** मोबाइल स्नैपशॉट/फोटो इमेज से प्राप्त शैक्षणिक सर्टिफिकेट का प्रिंटआउट स्वीकार नहीं किया जाएगा. उम्मीदवारों को जांच के लिए शैक्षणिक सर्टिफिकेट की साफ-साफ दिखने वाली फोटोकॉपी लानी होगी.

**नोट-6:-** उम्मीदवारों को फेज-I और फेज-II के लिए जारी एडमिट कार्ड पर कोई भी रफ काम करने या कहीं भी कुछ भी लिखने की सख्त मनाही है. ऐसे उम्मीदवारों को हमेशा के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा.

32. **फिजिकल फिटनेस टेस्ट (PFT).** ऑनलाइन टेस्ट पास करने वाले शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के नाम सीएएसबी वेब पोर्टल **https://iafrecruitment.edcil.co.in** पर दिखाए जाएंगे और उन्हें तय तारीख पर फिजिकल फिटनेस टेस्ट (PFT) और अडैप्टेबिलिटी टेस्ट-I और II के लिए तय एएससी पर बुलाया जाएगा. PFT के दो हिस्से होते हैं, यानी PFT-I और PFT-II.

**PFT- I.** PFT-I पास करने के लिए उम्मीदवारों को नीचे दिए गए समय के अनुसार 1.6 किमी की दौड़ पूरी करनी होगी: -

| टेस्ट | अधिकतम तय समय | |
|---|---|---|
| | पुरुष उम्मीदवार | महिला उम्मीदवार |
| 1.6 किमी दौड़ | सात मिनट के अंदर | आठ मिनट के अंदर |

PFT- II. PFT-I पास करने वाले उम्मीदवारों को 10 मिनट आराम करने के बाद PFT-II देना होगा. पुरुष और महिला उम्मीदवारों के लिए एक्सरसाइज़ का क्रम और अधिकतम समय इस प्रकार है:-

**पुरुष उम्मीदवार**

| टेस्ट | अधिकतम समय | टिप्पणी |
|---|---|---|
| 10 पुश-अप्स | एक मिनट | दौड़ पूरी होने के 10 मिनट के ब्रेक के बाद टेस्ट होगा |
| 10 सिट-अप्स | एक मिनट | 10 पुश-अप्स पूरे होने के 2 मिनट के ब्रेक के बाद टेस्ट होगा |
| 20 स्क्वैट्स | एक मिनट | 10 सिट-अप्स पूरे होने के 2 मिनट के ब्रेक के बाद टेस्ट होगा |

**महिला उम्मीदवार**

| टेस्ट | अधिकतम समय | टिप्पणी |
|---|---|---|
| 10 सिट-अप्स | एक मिनट 30 सेकंड | दौड़ पूरी होने के 10 मिनट के ब्रेक के बाद टेस्ट होगा |
| 15 स्क्वैट्स | एक मिनट | 10 सिट-अप्स पूरे होने के 2 मिनट के ब्रेक के बाद टेस्ट होगा |

**ध्यान दें:-** उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने स्पोर्ट्स शूज़ और शॉर्ट्स/ट्रैक पैंट साथ लाएँ. पुश-अप्स, सिट-अप्स और स्क्वैट्स के लिए जरूरी तकनीक की विस्तृत जानकारी सीएएसबी वेब पोर्टल **https://iafrecruitment.edcil.co.in** पर उपलब्ध है.

33. भारतीय वायु सेना में चयन के लिए फिजिकल फिटनेस टेस्ट/मेडिकल टेस्ट में शामिल होने से पहले उम्मीदवारों को एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा. वे इन टेस्ट में अपनी जिम्मेदारी पर शामिल होंगे और टेस्ट के दौरान किसी भी चोट या दुर्घटना के लिए भारतीय वायु सेना उन्हें कोई मुआवज़ा नहीं देगी. 18 साल से कम उम्र के उम्मीदवारों के मामले में सहमति पत्र पर उनके माता-पिता/अभिभावक के हस्ताक्षर होंगे. सहमति पत्र फेज़-II एडमिट कार्ड के साथ जुड़ा होगा.

(शेष पृष्ठ 27 पर)

(पृष्ठ 26 का शेष)

34. **अडैप्टेबिलिटी टेस्ट- I.** फिजिकल फिटनेस टेस्ट (PFT) पास करने वाले सभी उम्मीदवारों को अडैप्टेबिलिटी टेस्ट-I (ऑब्जेक्टिव टाइप लिखित परीक्षा) देना होगा. इसका मकसद भारतीय वायु सेना में नौकरी के लिए उम्मीदवार की उपयुक्तता को परखना है, जिसमें अलग-अलग भौगोलिक इलाकों, मौसम और ऑपरेशनल स्थितियों में तैनाती शामिल होती है.

35. **अडैप्टेबिलिटी टेस्ट-II.** अडैप्टेबिलिटी टेस्ट-I पास करने वाले सभी उम्मीदवारों को मौजूदा पॉलिसी के अनुसार अडैप्टेबिलिटी टेस्ट-II देना होगा. अडैप्टेबिलिटी टेस्ट-II उन उम्मीदवारों के चयन के लिए है जो भारतीय वायु सेना के माहौल और मिलिट्री जीवनशैली के अनुसार खुद को ढाल सकें.

**फेज़ - III.**

36. **मेडिकल जांच.** जो उम्मीदवार अडैप्टेबिलिटी टेस्ट-II पास कर लेंगे, उन्हें संबंधित एएससी से मेडिकल अपॉइंटमेंट लेटर दिया जाएगा. मेडिकल जांच IAF की मेडिकल स्टैंडर्ड्स और इस विषय पर लागू पॉलिसी के अनुसार एयर फ़ोर्स मेडिकल टीम द्वारा की जाएगी.

**मेडिकल जांच में ये शुरुआती जांचें भी शामिल होंगी:-**

36.1. ब्लड हीमोग्राम - Hb, TLC, DLC, प्लेटलेट्स.

36.2. यूरिन RE/ME.

36.3. **बायोकेमिस्ट्री :-**

36.3.1. ब्लड शुगर फास्टिंग/पोस्ट प्रैंडियल (खाना खाने के बाद).

36.3.2. सीरम कोलेस्ट्रॉल.

36.3.3. RFT- सीरम यूरिया, यूरिक एसिड, क्रिएटिनिन.

36.3.4. LFT- सीरम बिलिरुबिन, SGOT, SGPT.

36.4. चेस्ट का रेडियोग्राफ (PA व्यू).

36.5. निचले पेट और पेल्विस की अल्ट्रासोनोग्राफी (केवल महिला उम्मीदवारों के लिए).

36.6. ईसीजी (R).

36.7. रिक्रूटिंग मेडिकल ऑफिसर द्वारा ज़रूरी समझी जाने वाली कोई अन्य जांच.

37. मेडिकल रूप से अनफिट घोषित उम्मीदवार अपनी अनफिटनेस के खिलाफ 'अपील मेडिकल बोर्ड' (AMB) का विकल्प चुन सकते हैं. इसके लिए उन्हें सरकारी ट्रेज़री/RBI/SBI में इलेक्ट्रॉनिक मिलिट्री रिसीवेबल ऑर्डर (e-MRO)/मिलिट्री रिसीवेबल ऑर्डर (MRO) के जरिए रु. 40/- जमा करने होंगे. AMB के लिए आवेदन, e-MRO/MRO की ओरिजिनल कॉपी और अनफिटनेस सर्टिफिकेट की फोटोकॉपी के साथ, मेडिकल जांच के तीन वर्किंग दिनों के भीतर एएससी के प्रतिनिधि को जमा करना होगा.

38. शुरुआती मेडिकल जांच, अपील मेडिकल बोर्ड और भर्ती से पहले होने वाली मेडिकल जांच के दौरान किसी उम्मीदवार को 'फिट' या 'अनफिट' घोषित करने का अंतिम अधिकार डिफेंस फोर्सेज के रिक्रूटमेंट मेडिकल ऑफिसर और स्पेशलिस्ट डॉक्टरों का होता है.

39. उम्मीदवारों पर डिफेंस फोर्सेज के स्टैंडर्ड लागू होंगे, जो सिविल स्टैंडर्ड से अलग हो सकते हैं. अपील मेडिकल बोर्ड के बाद किसी भी तरह की अपील या रिव्यू का कोई प्रावधान नहीं है.

नोट-1:- उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे मेडिकल जांच के लिए आने से पहले अपने दांतों से टार्टर और दाग-धब्बे साफ करवा लें. कानों में वैक्स (मैल) नहीं होनी चाहिए. उम्मीदवारों को मेडिकल जांच के लिए चार से पांच दिन तक अपने खुद के इंतजाम से रुकने के लिए तैयार रहना चाहिए. कोई TA/DA नहीं दिया जाएगा.

नोट-2:- मेडिकल जांच पास करने का मतलब यह नहीं है कि इंडियन एयर फोर्स में नौकरी मिल ही जाएगी.

नोट-3:- मेडिकल जांच केंद्र या मेडिकल जांच की तारीख बदलने के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा.

**ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए निर्देश**

40. **आवेदन कैसे करें.**

40.1. उम्मीदवारों को **https://iafrecruitment.edcil.co.in** पर लॉग इन करके ऑनलाइन आवेदन भरना होगा. सफल ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए उम्मीदवार के पास अपनी वैध ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर होना चाहिए. उम्मीदवार द्वारा ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में भरी गई ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर पूरी भर्ती प्रक्रिया के दौरान चालू (वैध) रहने चाहिए. एप्लीकेशन सीक्वेंस नंबर, पासवर्ड और अन्य सभी महत्वपूर्ण जानकारी उसी रजिस्टर्ड ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर पर भेजी जाएगी. (कृपया सुनिश्चित करें कि रजिस्टर्ड ई-मेल आईडी के मेलबॉक्स में भेजा गया ईमेल जंक/स्पैम फोल्डर में न जाए).

40.2. ऑनलाइन आवेदन भरते समय उम्मीदवारों को सही जानकारी देने में पूरी सावधानी बरतनी चाहिए.

40.3. **आवेदन जमा करने की प्रक्रिया नीचे दी गई है:-**

**स्टेप-I.** व्यक्तिगत जानकारी और संपर्क विवरण का रजिस्ट्रेशन. कैंडिडेट की ई-मेल आईडी ही यूज़र-आईडी होगी और पासवर्ड रजिस्टर्ड ई-मेल और मोबाइल नंबर पर ई-मेल/SMS के जरिए भेजा जाएगा.

**स्टेप-II.** व्यक्तिगत जानकारी, कम्युनिकेशन विवरण, योग्यता विवरण, घोषणा और ज़रूरी डॉक्यूमेंट्स अपलोड करने तथा पेमेंट गेटवे के जरिए ऑनलाइन आवेदन शुल्क (जहाँ लागू हो) जमा करने के लिए दोबारा लॉग-इन करें.

40.4. एक बार आवेदन जमा हो जाने के बाद उसे वापस नहीं लिया जा सकता. आवेदन शुल्क और अन्य लागू शुल्क, एक बार भुगतान किए जाने के बाद किसी भी स्थिति/हालात में वापस नहीं किए जाएँगे और न ही उन्हें किसी अन्य भर्ती या चयन प्रक्रिया के लिए सुरक्षित रखा जाएगा.

41. **स्टेप-I: रजिस्ट्रेशन/साइन-अप.**

41.1. उम्मीदवार को सभी ज़रूरी जानकारी, जैसे पर्सनल डिटेल्स, कॉन्टैक्ट डिटेल्स वगैरह सही-सही भरनी होंगी और **'Generate OTP'** बटन दबाना होगा.

41.2. OTP उम्मीदवार के मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी पर अलग-अलग भेजे जाएंगे. उम्मीदवार को मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी को वेरिफ़ाई करने के लिए दोनों OTP डालने होंगे.

41.3. जो उम्मीदवार नियम और शर्तों से सहमत हैं, वे डिक्लेरेशन के बाद दिए गए **'I Agree'** चेक बॉक्स पर क्लिक करके अप्लाई कर सकते हैं. इसके बाद, **"Re-verify"** बटन पर क्लिक करके चुनी गई/डाली गई जानकारी को फिर से वेरिफ़ाई करें. अगर जानकारी सही दिख रही है, तो चेक बॉक्स पर टिक करें और **"Submit"** बटन दबाएं.

41.4. **SUBMIT** बटन/टैब पर क्लिक करने के बाद, उम्मीदवारों को उनकी ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर पर यूज़र आईडी और पासवर्ड मिलेगा. अब, उम्मीदवार को स्टेप-II पर जाने के लिए **"Go To Application"** बटन (जो ऊपर दाईं ओर दिया गया है) पर क्लिक करना होगा.

42. **स्टेप-II: एप्लीकेशन भरना.**

42.1. साइन-अप करने के बाद, कैंडिडेट या तो **"Go To Application"** बटन पर क्लिक करके स्टेप-II (एप्लीकेशन की जानकारी भरने के लिए) पर जा सकता है या अगर कैंडिडेट रजिस्ट्रेशन के बाद लॉग-आउट हो गया है, तो वह लॉग-इन पेज पर यूज़र आईडी और पासवर्ड डालकर और फिर **"LOGIN"** बटन पर क्लिक करके दोबारा लॉग-इन कर सकता है. इसके बाद कैंडिडेट को पर्सनल जानकारी, अतिरिक्त जानकारी, कम्युनिकेशन की जानकारी, क्वालिफिकेशन की जानकारी, डिक्लेरेशन और डॉक्यूमेंट अपलोड करने के लिए ऊपर दाईं ओर दिए गए **"Go To Application"** बटन पर क्लिक करना होगा.

42.2. सभी ज़रूरी जानकारी भरने के बाद, कैंडिडेट को एप्लीकेशन सबमिट करना होगा और नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, UPI आदि के जरिए पेमेंट गेटवे से लागू ऑनलाइन एप्लीकेशन फ़ीस का भुगतान करना होगा.

42.3. **फ़ोटोग्राफ़, सिग्नेचर और बाएं अंगूठे के निशान को स्कैन करने से जुड़े निर्देश: संबंधित कैंडिडेट्स को लागू होने वाले ये डॉक्यूमेंट अपलोड करने होंगे: -**

42.3.1. **फ़ोटोग्राफ़ इमेज.** पासपोर्ट साइज़ की हाल की रंगीन फ़ोटो (रजिस्ट्रेशन की तारीख से एक महीने से ज़्यादा पुरानी नहीं होनी चाहिए) जिसका साइज़ 100 KB से 200 KB के बीच हो और फ़ॉर्मेट .jpg या .jpeg हो (हल्के बैकग्राउंड में सामने का पोर्ट्रेट, बिना फेसमास्क और सिर पर कुछ पहने हुए - सिखों को छोड़कर). फ़ोटो लेते समय कैंडिडेट को अपनी छाती के सामने एक काली स्लेट पकड़नी होगी जिस पर सफ़ेद चॉक से बड़े अक्षरों में उसका नाम और फ़ोटो लेने की तारीख साफ़-साफ़ लिखी हो, और उसे शांत चेहरे के साथ सीधे कैमरे की ओर देखना होगा. फ़ोटो की तुलना में लुक में बदलाव, जैसे दाढ़ी बढ़ाना, सिर पर कुछ पहनना आदि, के कारण STAR ऑनलाइन परीक्षा और फ़ेज़-II के लिए कैंडिडेट का आवेदन रद्द किया जा सकता है.

42.3.2. **उम्मीदवार के हस्ताक्षर की इमेज.** उम्मीदवार को सफ़ेद कागज़ पर काले स्याही वाले पेन से हस्ताक्षर करने होंगे और हस्ताक्षर केवल उम्मीदवार को ही करने होंगे, किसी और व्यक्ति को नहीं. केवल हस्ताक्षर वाले हिस्से को स्कैन करें, पूरे पेज को नहीं. उम्मीदवार के हस्ताक्षर की इमेज (साइज़ 80 KB से 150 KB) केवल .jpg या .jpeg फ़ॉर्मेट में होनी चाहिए.

42.3.3. **उम्मीदवार के माता-पिता/अभिभावक के हस्ताक्षर की इमेज.** उम्मीदवार के माता-पिता (पिता/माता) या अभिभावक के हस्ताक्षर की इमेज को ठीक से स्कैन करके तय जगह पर अपलोड करना होगा (अगर ऑनलाइन आवेदन भरते समय उम्मीदवार की उम्र 18 साल से कम है).

42.3.4. **बाएं हाथ के अंगूठे के निशान की इमेज.** बाएं हाथ के अंगूठे का निशान उम्मीदवार का ही होना चाहिए, किसी और व्यक्ति का नहीं. कृपया केवल बाएं हाथ के अंगूठे के निशान वाले हिस्से को स्कैन करें, पूरे पेज को नहीं. बाएँ हाथ के अंगूठे पर स्टैम्प पैड से स्याही लगाएं और फिर इस स्याही लगे अंगूठे को साफ़, खाली कागज़ पर रखें. अंगूठे के निशान को ठीक से स्कैन करके अपलोड किया जाना चाहिए (साइज़ 50 KB से 100 KB, केवल .jpg या .jpeg फ़ॉर्मेट में).

42.3.5. **उम्मीदवार की लाइव इमेज कैप्चर.** ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के दौरान उम्मीदवार की लाइव इमेज कैप्चर की जाएगी. अपलोड की गई फ़ोटो में उम्मीदवार के चेहरे की विशेषताओं का मिलान रियल-टाइम फ़ोटो से किया जाएगा. फ़ोटो मैच होने पर ही उम्मीदवार आवेदन जमा कर पाएगा. लाइव इमेज कैप्चर और अपलोड करने के लिए उम्मीदवार को वेब कैमरा तैयार रखना चाहिए.

42.4. ज़रूरी डॉक्यूमेंट्स अपलोड करने के बाद, **"Preview"** टैब पर क्लिक करें और देखें कि भरी गई सभी जानकारी सही है या नहीं. अगर कोई गलती है, तो **"Submit"** टैब पर आखिरी बार क्लिक करने से पहले उसे ठीक किया जा सकता है.

42.5. **परीक्षा शुल्क.** एप्लीकेशन सबमिट होने के बाद, उम्मीदवार को रु. 550/- और 18% GST (जो वापस नहीं होगा) का नॉन-रिफंडेबल परीक्षा शुल्क जमा करने के लिए नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/UPI के जरिए पेमेंट गेटवे पर भेज दिया जाएगा. उम्मीदवार को सलाह दी जाती है कि वे जानकारी की जाँच करें और अलग-अलग पेमेंट तरीकों से एप्लीकेशन शुल्क का पेमेंट करें. एप्लीकेशन शुल्क का पेमेंट सफल होने के बाद, एप्लीकेशन फ़ॉर्म अपने-आप सबमिट हो जाएगा और कैंडिडेट को उनके एप्लीकेशन फ़ॉर्म पर भेज दिया जाएगा.

42.6. **सबमिट किए गए एप्लीकेशन फ़ॉर्म का प्रिंट लेना.** एप्लीकेशन फ़ॉर्म के सफल सबमिशन और एप्लीकेशन शुल्क के पेमेंट के बाद, उम्मीदवार को **"PRINT"** बटन दबाकर और अपने एप्लीकेशन फ़ॉर्म को PDF में सेव/प्रिंट करके अपना एप्लीकेशन फ़ॉर्म प्रिंट करना चाहिए, जिसमें उम्मीदवार द्वारा दी गई जानकारी हो. कृपया भविष्य में इस्तेमाल के लिए एप्लीकेशन फ़ॉर्म का प्रिंट आउट अपने पास रखें.

42.7. **एक से ज़्यादा पेमेंट का रिफ़ंड.** अगर किसी उम्मीदवार से एक एप्लीकेशन के लिए एक से ज़्यादा पेमेंट मिलते हैं, तो रजिस्ट्रेशन बंद होने और सभी पेमेंट रिकॉर्ड के मिलान के बाद वह रकम उसी अकाउंट में वापस कर दी जाएगी जहां से पेमेंट आया था. हालांकि, अगर उम्मीदवार ने एक से ज़्यादा एप्लीकेशन भरे हैं, तो सिर्फ़ ज़्यादा **"Application Sequence Number"** वाला ऑनलाइन एप्लीकेशन ही स्वीकार किया जाएगा और भर्ती प्रक्रिया के लिए विचार न किए गए दूसरे एप्लीकेशन के लिए दी गई रकम वापस नहीं की जाएगी. एक बार पेमेंट किया गया शुल्क किसी भी हालत में वापस नहीं किया जाएगा और न ही इसे किसी दूसरी परीक्षा या सिलेक्शन के लिए रिज़र्व रखा जाएगा.

43. उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन में आधार नंबर के आखिरी चार अंक भरने होंगे. जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, असम और मेघालय के उम्मीदवारों को, जिनके पास आधार कार्ड नहीं है, इस नियम से छूट दी गई है.

44. उम्मीदवारों को प्रोविजनल एडमिट कार्ड का रंगीन प्रिंट आउट लेकर परीक्षा केंद्र पहुंचना होगा. अगर परीक्षा स्थल पर शुरुआती जाँच के दौरान या चयन प्रक्रिया के किसी भी बाद के चरण में कोई गड़बड़ी/अनियमितता/गलत जानकारी पाई जाती है, तो उम्मीदवारों को ऑनलाइन परीक्षा में बैठने से रोक दिया जाएगा.

45. चयन परीक्षा (फेज-I और II) और मेडिकल टेस्ट के लिए रिपोर्ट करते समय उम्मीदवारों को पहचान के प्रमाण के तौर पर अपना आधार कार्ड (जैसा कि उनके एडमिट कार्ड पर दिखाया गया है) साथ लाना होगा. जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, असम और मेघालय के उम्मीदवार, जिनके पास आधार कार्ड नहीं है, वे कोई अन्य वैध पहचान प्रमाण साथ ला सकते हैं.

46. ज़रूरी शैक्षणिक योग्यता और शारीरिक/मेडिकल मानकों के बारे में जानकारी सीएएसबी वेब पोर्टल **https://iafrecruitment.edcil.co.in** पर उपलब्ध है और उम्मीदवार बिना साइन-इन किए इस जानकारी को देख सकते हैं.

**सामान्य**

47. **उम्मीदवारों के लिए सामान्य निर्देश इस प्रकार हैं: -**

47.1. STAR ऑनलाइन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन भरते समय उम्मीदवारों को अपनी पसंद के क्रम में परीक्षा शहर के पांच विकल्प बताने होंगे. हालांकि, सीएएसबी के पास आवेदन मां बताए गए शहरों के अलावा कोई अन्य शहर आवंटित करने का अधिकार सुरक्षित है. चरण-II परीक्षा के लिए उम्मीदवारों को कोई विकल्प/प्राथमिकता नहीं दी जाएगी. उम्मीदवारों को सीएएसबी द्वारा आवंटित एएससी पर रिपोर्ट करना होगा.

47.2. **परीक्षा केंद्र या चयन परीक्षा की तारीख बदलने के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा.** उम्मीदवारों को तय तारीख/समय पर निर्धारित स्थान पर अनिवार्य रूप से रिपोर्ट करना होगा. यात्रा की योजना बनाते समय उन्हें ट्रेनों के देर से चलने जैसी किसी भी स्थिति के लिए तैयारी रखनी होगी.

47.3. जो उम्मीदवार तय तारीख और समय पर परीक्षा के लिए रिपोर्ट नहीं करेंगे, उन्हें किसी अन्य तारीख/शिफ्ट में शामिल नहीं किया जाएगा.

47.4. **डुप्लिकेट / अधूरे / गलत तरीके से भरे गए आवेदनों को अस्वीकार कर दिया जाएगा.**

47.5. **उम्मीदवारों को पूरी परीक्षा अवधि के दौरान अपने स्वयं के इंतजाम से रहने के लिए तैयार रहना चाहिए. कोई TA/DA नहीं दिया जाएगा.**

47.6. **उम्मीदवारों को एक सक्रिय ई-मेल आईडी देनी होगी जिसका उपयोग सीएएसबी पूरी चयन प्रक्रिया और विशेष इनटेक के लिए नामांकन पूरा होने तक सभी संचार के लिए करेगा. भविष्य के सभी संचार के लिए ई-मेल आईडी और पासवर्ड को सुरक्षित रखने की भी सलाह दी जाती है.**

47.7. **चुना गया डोमिसाइल सर्टिफिकेट/ सीओएएफपी सर्टिफिकेट (जैसा कि पैरा 8 में बताया गया है) उम्मीदवार को चरण-II परीक्षा और नामांकन के लिए लाना होगा. चरण-II परीक्षा और नामांकन के दौरान मूल दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा.**

47.8. उम्मीदवार को इस विज्ञापन के जवाब में केवल एक बार आवेदन करना चाहिए.

47.9. जो उम्मीदवार इस विज्ञापन के जवाब में **एक से ज़्यादा बार आवेदन करते हैं** और अलग-अलग रजिस्ट्रेशन नंबर प्राप्त करते हैं, **उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.**

**नोट:- सीएएसबी के प्रेसिडेंट के पास फ़ेज़-I के लिए परीक्षा केंद्र आवंटित करने का अधिकार है, जो उम्मीदवार की पसंद के अनुसार हो भी सकता है और नहीं भी.**

48. अगर विज्ञापन के अंग्रेज़ी और हिंदी/किसी अन्य क्षेत्रीय भाषा के वर्शन में कोई अंतर होता है, तो अंग्रेज़ी संस्करण को ही सही माना जाएगा.

49. कोई भी सुधार/बदलाव/अपडेट केवल सीएएसबी वेब पोर्टल **https://iafrecruitment.edcil.co.in** पर उपलब्ध होंगे और **किसी भी अख़बार/अन्य मीडिया में इसकी कोई सूचना नहीं दी जाएगी.** सभी उम्मीदवारों को समय-समय पर सीएएसबी का वेब पोर्टल देखते रहना चाहिए.

50. **अस्थायी चयन सूची (PSL).** सिलेक्शन टेस्ट पूरा होने के बाद राज्य-वार अस्थायी चयन सूची (PSL) तैयार की जाएगी और इसे सभी एएससी और वेब पोर्टल **https://iafrecruitment.edcil.co.in** पर **मई 2027** के आखिरी हफ़्ते में दिखाया जाएगा. अस्थायी चयन सूची (PSL) में पुरुष और महिला उम्मीदवारों के नाम शामिल करना चयन परीक्षा में उनके प्रदर्शन पर निर्भर करता है. यह राज्य-वार कट-ऑफ मार्क्स, फेज़-II टेस्टिंग में राज्य-वार क्वालिफ़ाई करने वाले उम्मीदवारों की संख्या और राज्य-वार अनुमानित वैकेंसी के आधार पर तय किया जाता है. अस्थायी चयन सूची (PSL) में नाम शामिल होने का मतलब यह नहीं है कि एनरोलमेंट अपने आप हो जाएगा. अगर ज़रूरत पड़ी, तो भारतीय वायु सेना के पास अस्थायी चयन सूची (PSL) जारी होने के बाद भी चयन प्रक्रिया को रद्द करना का अधिकार है. एनरोलमेंट पूरी तरह से राज्य-वार मेरिट के आधार पर होगा, जिसमें मेडिकल फिटनेस, राज्य-वार वैकेंसी की उपलब्धता, एनरोलमेंट की तारीख को उम्र 22 साल से ज़्यादा न होना और एनरोलमेंट के लिए बुलाए जाने पर सभी तय योग्यता शर्तों को पूरा करना शामिल है. अस्थायी चयन सूची (PSL) की वैलिडिटी इसे दिखाए जाने की तारीख से छह महीने तक होगी.

51. **एनरोलमेंट लिस्ट.** अग्निवीरवायु इनटेक 02/2027 में एनरोलमेंट के लिए आख़िरी तौर पर बुलाए गए उम्मीदवारों की सूची 01 जून 2027 के बाद जारी की जाएगी. एनरोलमेंट के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों को सिर्फ़ उनके रजिस्टर्ड ई-मेल ID पर ई-कॉल लेटर भेजा जाएगा. भर्ती के लिए कॉल-अप लेटर जारी करने के लिए कट-ऑफ मार्क्स हर राज्य में अलग-अलग हो सकते हैं.

52. ऑनलाइन एप्लीकेशन फ़ॉर्म भरने से जुड़े तकनीकी सवाल/स्पष्टीकरण के लिए, लॉग इन करने के बाद एप्लीकेशन पोर्टल पर मौजूद 'हेल्पडेस्क टैब' का इस्तेमाल करें या बेझिझक **"हेल्प डेस्क" फ़ोन नंबर: +91-9513253233 {सोमवार से शनिवार, सुबह 09:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक (छुट्टियों को छोड़कर)}** पर संपर्क करें. किसी भी सवाल के लिए **EdCIL** के ऑनलाइन क्वेरी पोर्टल पर जाएं और **सीएएसबी, बरार स्क्वायर, दिल्ली कैंट, नई दिल्ली-110010 से संपर्क करें, टेलीफ़ोन नंबर 011-25694209/ 25699606 (सभी कामकाजी दिनों में सुबह 09:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक)** और ई-मेल: **iafrecruitment@edcil.co.in/ royal-hunter@gov.in पर संपर्क करें या सीएएसबी वेब पोर्टल https://iafrecruitment.edcil.co.in** पर कैंडिडेट के लॉगिन के तहत लॉग ऑन करें.

**डिस्क्लेमर (अस्वीकरण)**

1. **विज्ञापन में दी गई शर्तें और नियम केवल गाइडलाइन हैं और चुने गए कैंडिडेट्स पर समय-समय पर सरकार द्वारा जारी आदेश लागू होंगे.**
2. **पूरी सिलेक्शन प्रक्रिया भारतीय वायु सेना की ज़रूरतों पर निर्भर है और इसे किसी भी समय बदला जा सकता है.**

**रजिस्ट्रेशन के दौरान डाला गया डेटा फ़ाइनल होगा और बाद में इसमें कोई बदलाव करने की इजाज़त नहीं होगी. गलत डेटा डालने पर कैंडिडेट की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.**

**विस्तृत सिलेबस, मॉडल प्रश्न पत्र, प्रोविजनल सेलेक्ट लिस्ट और एनरोलमेंट लिस्ट के लिए, सीएएसबी वेब पोर्टल: https://iafrecruitment.edcil.co.in पर लॉग ऑन करें.**

**भारतीय वायु सेना के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी चरण में पूरी चयन प्रक्रिया को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है.**

**परीक्षा के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी/अनुचित साधनों का इस्तेमाल करते पाए जाने वाले कैंडिडेट्स को हमेशा के लिए बाहर (debar) कर दिया जाएगा.**

CBC 10803/11/0002/2627 EN 14/83

# भारतीय वायु सेना/Indian Air Force

**एयरमैन इनटेक 02/2027 के तहत ग्रुप 'Y' (नॉन-टेक्निकल) मेडिकल असिस्टेंट ट्रेड में एयरमैन के तौर पर शामिल होने के लिए चयन परीक्षा हेतु भारतीय/गोरखा (नेपाल के नागरिक) पुरुष उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करती है.**

**ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की तारीखः 06 जुलाई 2026 से 26 जुलाई 2026 तक**

**ऑनलाइन परीक्षाः 22-23 सितंबर 2026**

**एयरमैन इनटेक 02/2027**

**सावधानी**

**भारतीय वायु सेना में चयन 'निष्पक्ष और पारदर्शी' होता है और यह पूरी तरह से मेरिट पर आधारित होता है. भारतीय वायु सेना में चयन या भर्ती के लिए किसी भी चरण में किसी को भी रिश्वत देने की आवश्यकता नहीं है. उम्मीदवारों को भर्ती/चयन एजेंट बनकर आने वाले धोखेबाज़ लोगों के झांसे में नहीं आना चाहिए.**

1. भारतीय वायु सेना, ग्रुप 'Y' मेडिकल असिस्टेंट ट्रेड में एयरमैन के तौर पर शामिल होने के लिए 22-23 सितंबर 2026 को होने वाली चयन परीक्षा के लिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुरुष भारतीय/गोरखा (नेपाल के नागरिक) नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करती है.

**यह चयन परीक्षा कमीशंड ऑफिसर/पायलट/नेविगेटर/एयरमैन के तौर पर चयन के लिए नहीं है.**

2. उम्मीदवारों को आवेदन सिर्फ़ ऑनलाइन भरना होगा और इसे भरने के लिए विस्तृत निर्देश **https://iafrecruitment.edcil.co.in** पर उपलब्ध हैं.

3. यह परीक्षा **'एयरमैन इनटेक 02/2027'** के लिए मान्य है.

4. **ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 06 जुलाई 2026 को सुबह 11:00 बजे शुरू होगा और 26 जुलाई 2026 को रात 11:00 बजे बंद हो जाएगा. सिर्फ़ ऑनलाइन रजिस्टर्ड आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे.** रजिस्ट्रेशन के लिए **https://iafrecruitment.edcil.co.in** पर जाएं.

**नोटः-** उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे जल्द से जल्द रजिस्ट्रेशन करा लें क्योंकि रजिस्ट्रेशन की तारीखें आगे नहीं बढ़ाई जाएंगी.

**पात्रता मानदंड**

5. **वैवाहिक स्थिति और जन्म तिथि का विवरण.**

5.1. **मेडिकल असिस्टेंट ट्रेड (10+2 वाले उम्मीदवारों के लिए).** उम्मीदवार अविवाहित होना चाहिए और उसका **जन्म 01 जुलाई 2006 से 01 जुलाई 2010 (दोनों तारीखें शामिल) के बीच हुआ होना चाहिए.**

5.2. **मेडिकल असिस्टेंट ट्रेड (डिप्लोमा/बी.फार्मा/फार्मेसी में बी.एससी. वाले उम्मीदवारों के लिए).** अविवाहित उम्मीदवार का जन्म **01 जुलाई 2003 से 01 जुलाई 2008 (दोनों तारीखें शामिल)** के बीच हुआ होना चाहिए. विवाहित उम्मीदवार का जन्म **01 जुलाई 2003 से 01 जुलाई 2006 (दोनों तारीखें शामिल)** के बीच हुआ होना चाहिए.

5.3. अगर कोई उम्मीदवार चयन प्रक्रिया के सभी चरणों को पास कर लेता है, तो एनरोलमेंट (भर्ती) की तारीख पर अधिकतम **आयु सीमा 10+2/इंटरमीडिएट/समकक्ष (वोकेशनल कोर्स सहित) वाले उम्मीदवारों के लिए 21 वर्ष और डिप्लोमा/बी.फार्मा/फार्मेसी में बी.एससी. वाले उम्मीदवारों के लिए 24 वर्ष** होनी चाहिए.

6. **शैक्षिक योग्यता.**

6.1. उम्मीदवार ने केंद्र, राज्य और केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) द्वारा मान्यताप्राप्त शिक्षा बोर्ड से 10+2/इंटरमीडिएट/समकक्ष परीक्षा पास की हो, जिसमें कुल मिलाकर कम से कम 50% अंक और अंग्रेज़ी में 50% अंक हों. साथ ही, विषयों में भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और अंग्रेज़ी शामिल होने चाहिए. **या**

केंद्र, राज्य और केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) द्वारा मान्यताप्राप्त शिक्षा बोर्ड/काउंसिल से दो साल का वोकेशनल कोर्स पास किया हो, जिसमें नॉन-वोकेशनल विषय यानी भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और अंग्रेज़ी शामिल हों और कुल मिलाकर कम से कम 50% अंक तथा अंग्रेज़ी में 50% अंक प्राप्त किए हों.

6.2. **फार्मेसी में डिप्लोमा/बी.फार्मा/बी.एससी करने वाले उम्मीदवार.** उम्मीदवार ने इंटरमीडिएट/10+2/समकक्ष परीक्षा पास की हो, जिसमें भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और अंग्रेज़ी विषय हों और कुल मिलाकर कम से कम 50% अंक तथा अंग्रेज़ी में 50% अंक प्राप्त किए हों. इसके अलावा, फार्मेसी में डिप्लोमा/बी.फार्मा/बी.एससी में कुल मिलाकर कम से कम 50% अंक और नामांकन के समय स्टेट फार्मेसी काउंसिल या फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI) से वैध रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है.

**नोट-1.** केवल केंद्र, राज्य और केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) द्वारा मान्यताप्राप्त शिक्षा बोर्ड (10+2 या समकक्ष के लिए) ही मान्य होंगे.

**नोट-2.** 10+2/इंटरमीडिएट/समकक्ष/डिप्लोमा/फार्मेसी में बी.एससी की मार्कशीट में दशमलव से पहले लिखे गए कुल अंकों के प्रतिशत या संबंधित शिक्षा बोर्ड के नियमों के अनुसार गणना किए गए प्रतिशत पर ही विचार किया जाएगा (उदाहरण के लिए, 49.99% को 49% माना जाएगा, न कि राउंड-ऑफ करके 50%).

7. **अनिवार्य मेडिकल स्टैंडर्ड.** एयरमैन उम्मीदवारों के लिए सामान्य मेडिकल स्टैंडर्ड इस प्रकार हैः-

7.1. **वज़न.** वज़न भारतीय वायु सेना के नियमों के अनुसार लंबाई और आयु के अनुपात में होना चाहिए.

7.2. **सीना.** छाती का आकार सही अनुपात में और अच्छी तरह से विकसित होना चाहिए. छाती का न्यूनतम घेरा 77 सेमी होना चाहिए और छाती का फैलाव कम से कम 05 सेमी होना चाहिए.

7.3. **श्रवण क्षमता.** उम्मीदवार की सुनने की क्षमता सामान्य होनी चाहिए, यानी वह हर कान से अलग-अलग 6 मीटर की दूरी से धीमी आवाज़ (फुसफुसाहट) सुन सके.

7.4. **दांत.** मसूड़े स्वस्थ होने चाहिए, दांतों का सेट अच्छा होना चाहिए और कम से कम 14 डेंटल पॉइंट होने चाहिए. डेंटल इम्प्लांट और इम्प्लांट-सपोर्टेड प्रोस्थेसिस के लिए कोई डेंटल पॉइंट नहीं दिया जाएगा. जो उम्मीदवार फिक्स्ड या हटाने योग्य ऑर्थोडॉन्टिक उपकरण (जैसे ब्रेसेस) पहने हुए पाए जाएंगे, उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा.

7.5. **सामान्य स्वास्थ्य.** उम्मीदवार वायु सेना के लिए फिट होना चाहिए, मेडिकल स्टैंडर्ड्स को पूरा करना चाहिए और उसका शरीर सामान्य बनावट वाला होना चाहिए, जिसमें शरीर का कोई अंग गायब या विकृत न हो. उसे किसी भी तरह की सक्रिय या छिपी हुई, गंभीर या पुरानी, मेडिकल या सर्जिकल अक्षमता या संक्रामक बीमारी, इन्फेक्शन और त्वचा की बीमारियों से मुक्त होना चाहिए. उम्मीदवार को दुनिया के किसी भी हिस्से में, किसी भी मौसम और इलाके में ड्यूटी करने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से फिट होना चाहिए.

7.6. **लिंग.** यदि किसी उम्मीदवार में बाहरी शारीरिक जांच के दौरान विपरीत लिंग के प्रमुख लक्षण पाए जाते हैं, तो उसे अयोग्य मानकर खारिज कर दिया जाएगा. जिस उम्मीदवार ने लिंग परिवर्तन सर्जरी (जेंडर रीअसाइनमेंट सर्जरी) करवाई है, उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा.

7.7. **लंबाई और दृष्टि मानक.** मेडिकल असिस्टेंट और मेडिकल असिस्टेंट (फार्मासिस्ट) की भर्ती के लिए दृष्टि मानक और कम से कम स्वीकार्य लंबाई इस प्रकार हैः-

| ट्रेड्स | लंबाई (सेंटीमीटर) (कम से कम) | रिफ्रैक्टिव एरर (आंख के लेंस की खराबी) की अधिकतम सीमा | आंखों की देखने की क्षमता | रंग पहचानने की क्षमता |
|---|---|---|---|---|
| मेडिकल असिस्टेंट और मेडिकल असिस्टेंट (फार्मासिस्ट) | 152 सेंटीमीटर | एस्टिग्मैटिज्म सहित $\pm$ 3.50D से अधिक नहीं | प्रत्येक आंख में 6/36, जिसे प्रत्येक आंख में 6/6 तक ठीक किया जा सके | CP-II |

नोटः-

7.7.1. उम्मीदवारों को अपना नवीनतम प्रिस्क्रिप्शन (एक महीने से पुराना नहीं) और अगर वे चश्मा पहनते हैं, तो उसे साथ लाना चाहिए. प्रिस्क्रिप्शन पर नेत्र रोग विशेषज्ञ का डायोप्टर माप, नाम, हस्ताक्षर, स्टैम्प और रजिस्ट्रेशन नंबर होना चाहिए. प्रिस्क्रिप्शन की तारीख मेडिकल जांच में शामिल होने से एक महीने के भीतर की होनी चाहिए.

7.7.2. जिन उम्मीदवारों की लेसिक/पीआरके सर्जरी हुई है, उन्हें स्वीकार नहीं किया जाएगा.

7.8. मेडिकल मानकों की जानकारी सीएएसबी वेब पोर्टल **https://iafrecruitment.edcil.co.in** पर उपलब्ध है.

7.9. ऊपर बताए गए मेडिकल मानक सामान्य दिशा-निर्देश हैं. मेडिकल फिटनेस के बारे में अंतिम निर्णय मेडिकल बोर्ड द्वारा लिया जाएगा.

8. **नशीली दवाओं और साइकोट्रोपिक पदार्थों (एनडीपीएस) का सेवन.** एनडीपीएस एक्ट 1985 के तहत प्रतिबंधित नशीली दवाओं और साइकोट्रोपिक पदार्थों का सेवन भावासे में चयन के लिए अयोग्यता का कारण होगा. भर्ती होने के बाद अगर कोई अग्निवीरवायु ऐसी दवाओं और पदार्थों को अपने पास रखता है, स्टोर करता है, बांटता है या उनका सेवन करता है, तो उस पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें भावासे से बर्खास्तगी भी शामिल हो सकती है. **भावासे में शराब और नशीले पदार्थों के सेवन को लेकर 'ज़ीरो टॉलरेंस पॉलिसी' (सख्त मनाही) अपनाई जाती है.**

9. **शरीर पर टैटू.** शरीर पर स्थायी टैटू की अनुमति नहीं है. हालांकि, अग्रबाहु (कोहनी के अंदर से कलाई तक) के अंदरूनी हिस्से, हाथ के पिछले हिस्से (हथेली के उल्टे तरफ) पर बने टैटू और अपनी जनजाति के रीति-रिवाजों और परंपराओं के अनुसार टैटू बनवाने वाले आदिवासियों के मामलों पर विचार किया जा सकता है. शरीर पर कहीं भी आपत्तिजनक, अश्लील, अभद्र, लिंग-भेद या नस्ल-भेद को बढ़ावा देने वाले टैटू प्रतिबंधित हैं. हालांकि, किसी टैटू को स्वीकार्य या अस्वीकार्य मानने का अधिकार चयन केंद्र के पास होगा. स्थायी टैटू वाले उम्मीदवारों को पोस्टकार्ड साइज़ की दो तस्वीरें (पास से और दूर से ली गई) जमा करनी होंगी, जिनमें टैटू के साइज़ और प्रकार का विवरण हो.

10. **केवल उन सिख उम्मीदवारों** को बाल बढ़ाने और/या दाढ़ी और मूंछ रखने की अनुमति होगी, जिनके धर्म में बाल काटने या चेहरा शेव करने की मनाही है. इसलिए, जो सिख उम्मीदवार तय नियमों के अनुसार दाढ़ी और मूंछ रखना चाहते हैं, उन्हें दाढ़ी और मूंछ के साथ अपनी तस्वीरें खिंचवानी होंगी.

11. इंडियन आर्मी/इंडियन नेवी/किसी अन्य सरकारी संगठन से डिस्चार्ज किए गए उम्मीदवार भी योग्य होंगे, बशर्ते उनके डिस्चार्ज रिकॉर्ड में कोई **'नकारात्मक टिप्पणी'** न हो. ऐसे उम्मीदवार को फेज़-II की टेस्टिंग के समय यह बताना होगा कि वह ऊपर बताए गए संगठनों का पूर्व-कर्मचारी है और उसे अपना ओरिजिनल डिस्चार्ज सर्टिफिकेट दिखाना होगा. जो उम्मीदवार अभी नौकरी कर रहे हैं, उन्हें फेज़-II के समय अपने एम्प्लॉयर से NOC साथ लानी होगी. यदि कोई उम्मीदवार अपनी नौकरी या पूर्व-कर्मचारी होने की बात नहीं बताता है, तो सिलेक्शन प्रोसेस के किसी भी चरण में उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी; और यदि वह चुन लिया जाता है, तो नौकरी की बात छिपाने के कारण उसे सेवा से डिस्चार्ज/बर्खास्त किया जा सकता है. **किसी भी कारण से इंडियन एयर फ़ोर्स से डिस्चार्ज किए गए उम्मीदवार सिलेक्शन टेस्ट में शामिल होने के योग्य नहीं हैं.** जो उम्मीदवार पहले किसी एयर फ़ोर्स परीक्षा में गलत तरीकों या अनुचित गतिविधियों के कारण स्थायी रूप से प्रतिबंधित (debarred) किए गए हैं, वे सिलेक्शन टेस्ट में शामिल होने के योग्य नहीं हैं। यदि बाद में ऐसा पता चलता है, तो उम्मीदवारी अपने आप रद्द कर दी जाएगी.

**नियम और शर्तें**

12. **कार्यकाल और प्रशिक्षण.** शुरुआत में एनरोलमेंट 20 साल की अवधि के लिए होगा (सेवा की शर्तों के अधीन), जिसे सेवा की शर्तों के अधीन 57 साल की उम्र तक बढ़ाया जा सकता है. शुरुआत में, उम्मीदवारों को तय बेसिक ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में जॉइंट बेसिक फेज़ ट्रेनिंग (JBPT) के लिए भेजा जाएगा. JBPT सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद, उम्मीदवारों को एक निश्चित अवधि की ट्रेड ट्रेनिंग के लिए भेजा जाएगा, जिसमें सिक्योरिटी ट्रेनिंग या सेवा की ज़रूरतों के अनुसार कोई अन्य ट्रेनिंग शामिल होगी. हालांकि, अगर ट्रेनी पढ़ाई, प्रोफेशन, फिजिकल फिटनेस और अनुशासन में ज़रूरी स्टैंडर्ड्स को पूरा करने में विफल रहता है या मेडिकली अनफिट पाया जाता है, तो ट्रेनिंग को किसी भी समय खत्म किया जा सकता है. **ट्रेनिंग के सभी चरणों को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद, एयरमेन को भारतीय वायु सेना की ज़रूरतों के अनुसार काम पर तैनात किया जाएगा. किसी भी आधार पर उम्मीदवार के अनुरोध पर अलॉट किए गए ट्रेड को बदला नहीं जाएगा.**

**नोट-1.** उम्मीदवारों को ट्रेनिंग की अवधि के दौरान अपने परिवार के साथ रहने की अनुमति नहीं होगी.

**नोट-2.** अविवाहित उम्मीदवारों को अपनी शुरुआती प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा होने तक शादी करने की अनुमति नहीं होगी.

13. **रोज़गार की शर्तें.** इस एंट्री के तहत भर्ती किए गए एयरमेन को भारतीय वायु सेना के विवेक पर संगठन के हित में कोई भी ड्यूटी सौंपी जा सकती है.

14. **वेतन और भत्ते.** प्रशिक्षण के दौरान, रु. 14,600/- प्रति माह का स्टाइपेंड दिया जाएगा. प्रशिक्षण पूरा होने पर, मिलिट्री सर्विस पे (MSP) सहित न्यूनतम वेतनमान पर शुरुआती कुल वेतन रु. 26,900/- प्रति माह होगा. इसके अलावा, महंगाई भत्ता (जैसा लागू हो) भी मिलेगा, जो बाद के वर्षों में व्यक्ति की करियर में तरक्की के अनुसार बढ़ सकता है.

15. **अन्य भत्ते** जैसे ट्रांसपोर्ट अलाउंस, कम्पोज़िट पर्सन मेंटेनेंस अलाउंस (CPMA), लीव राशन अलाउंस (LRA), बच्चों की शिक्षा का भत्ता, एचआरए आदि भी संबंधित सरकारी निर्देशों के अनुसार एयरमेन को दिए जाएंगे.

16. **उच्च शिक्षा.** एयरमेन को उच्च शिक्षा की योग्यता हासिल करने की अनुमति तभी दी जाएगी जब वे अपने ट्रेड में निर्धारित स्किल ग्रेड प्राप्त कर लें और मानव संसाधन नीति में बताए अनुसार निर्धारित वर्षों की सेवा पूरी कर लें.

17. **सुविधाएं.** राशन, कपड़े, चिकित्सा सुविधाएं, आवास, CSD सुविधाएं, छुट्टी (एक कैलेंडर वर्ष में 60 दिन की वार्षिक और 30 दिन की कैजुअल छुट्टी एक विशेषाधिकार के रूप में, जो सेवा की ज़रूरतों के अधीन है), मनोरंजन सुविधाएं, स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए परिवहन और लीव ट्रैवल कंसेशन (LTC) जैसी सुविधाएँ भी मौजूदा नियमों के अनुसार प्रदान की जाएंगी. सभी एयरमेन के लिए रु. 3200/- प्रति माह के प्रीमियम पर रु. 62.5 लाख का ग्रुप इंश्योरेंस कवर और ग्रुप हाउसिंग स्कीम की सुविधा भी दी जाती है.

18. **मेडिकल असिस्टेंट ट्रेड का काम.** मेडिकल असिस्टेंट के तौर पर, आपको नर्सिंग और प्राथमिक चिकित्सा (फर्स्ट-एड) में ट्रेनिंग दी जाएगी. आप मेडिकल स्टोर, डिस्पेंसरी और वार्ड की देखरेख और वायु सेना के अन्य कार्यों के प्रबंधन में भी शामिल होंगे.

**नोट.** एयरमेन को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सौंपे गए अन्य कार्य भी करने होंगे.

**परीक्षा का क्रम**

**फेज़-I और फेज़-II के दौरान टेस्टिंग एरिया में मोबाइल फोन / स्मार्ट वॉच / इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाना मना है. जिन उम्मीदवारों के पास मोबाइल फोन / इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पाए जाएंगे, उन्हें हमेशा के लिए परीक्षा से बाहर कर दिया जाएगा.**

(शेष पृष्ठ 29 पर)

सावधानः प्रतिरूपधारकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

(पृष्ठ 28 का शेष)

**फेज़-I**

19. **ऑनलाइन टेस्ट.** योग्य उम्मीदवारों को परीक्षा से 48-72 घंटे पहले उनके रजिस्टर्ड ई-मेल आईडी पर टेस्टिंग के फेज़-I के लिए एडमिट कार्ड भेजे जाएंगे। उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड डाउनलोड करना होगा, उसका रंगीन प्रिंटआउट लेना होगा और उसे परीक्षा केंद्र पर ले जाना होगा. शहर का नाम और परीक्षा की तारीख उम्मीदवारों को पहले ही बता दी जाएगी ताकि वे अपनी यात्रा की योजना बना सकें. यह प्रोविज़नल एडमिट कार्ड उम्मीदवार सीएएसबी वेब पोर्टल **https://iafrecruitment.edcil.co.in** पर अपने लॉगिन से भी डाउनलोड कर सकते हैं. प्रोविजनल एडमिट कार्ड वाले सभी उम्मीदवार अपने एडमिट कार्ड के अनुसार तय/आवंटित केंद्रों पर ऑनलाइन टेस्ट देंगे. ऑनलाइन टेस्ट ऑब्जेक्टिव टाइप का होगा और इंग्लिश पेपर को छोड़कर सभी सवाल द्विभाषी (अंग्रेज़ी और हिंदी) होंगे। उम्मीदवारों को फेज़-I टेस्टिंग के लिए अपने साथ एक नीला/काला पेन और ओरिजिनल आधार कार्ड लाना होगा.

**टेस्ट की जानकारी इस प्रकार है:-**

19.1. ऑनलाइन टेस्ट की अवधि 45 मिनट होगी और इसमें 10+2 CBSE सिलेबस के अनुसार अंग्रेज़ी तथा रीज़निंग और जनरल अवेयरनेस (RAGA) शामिल होंगे.

**19.2. ऑनलाइन टेस्ट के लिए मार्किंग का तरीका :-**

19.2.1. हर सही जवाब के लिए एक नंबर.

19.2.2. बिना हल किए गए सवाल के लिए कोई नंबर (0) नहीं.

19.2.3. हर गलत जवाब के लिए 0.25 नंबर काटे जाएंगे.

**नोट:-** ऊपर बताई गई परीक्षा प्रक्रिया उम्मीदवारों की योग्यता के आधार पर चयन प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए बनाई गई है. परीक्षा प्रक्रिया चाहे जो भी हो, इस एंट्री के तहत भर्ती किए गए एयरमेन को भारतीय वायु सेना की मर्जी से संगठन के हित में कोई भी ड्यूटी सौंपी जा सकती है.

20. स्टार फेज-I टेस्टिंग में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त नंबरों को **https://iafrecruitment.edcil.co.in** वेबसाइट पर बताए गए फ़ॉर्मूले का इस्तेमाल करके **"नॉर्मलाइज़"** किया जाएगा, ताकि अलग-अलग सेशन में प्रश्न पत्रों के कठिनाई स्तर में अंतर को ध्यान में रखा जा सके. उम्मीदवारों को ध्यान देना चाहिए कि स्टार फेज-II टेस्टिंग के लिए उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग और चयन के लिए अंतिम मेरिट लिस्ट तैयार करने में कट-ऑफ का इस्तेमाल **"नॉर्मलाइज्ड मार्क्स"** के आधार पर किया जाएगा, न कि STAR फेज-I टेस्टिंग में उम्मीदवार द्वारा प्राप्त **"असली मार्क्स"** के आधार पर. इसके अलावा, नॉर्मलाइज़ेशन के बाद, किसी विषय में उम्मीदवार द्वारा प्राप्त नंबर असली नंबरों से कम/ज़्यादा हो सकते हैं, और कुछ खास मामलों में उस विषय के कुल नंबरों से भी ज़्यादा हो सकते हैं. फेज-II टेस्टिंग के लिए शॉर्टलिस्टिंग राज्य-वार तरीके से की जाएगी. फेज-II टेस्टिंग के लिए शॉर्टलिस्टिंग के लिए कट-ऑफ नंबर हर राज्य में अलग-अलग हो सकते हैं क्योंकि वैकेंसी राज्य-वार तरीके से बांटी गई हैं.

21. **उम्मीदवारों को हर पेपर में अलग-अलग क्वालिफ़ाई करना होगा (नॉर्मलाइज्ड मार्क्स के साथ).** फ़ेज़-I ऑनलाइन टेस्ट में उनके प्रदर्शन के आधार पर फ़ेज़-I का रिजल्ट और फ़ेज़-II के लिए राज्य-वार शॉर्टलिस्टिंग की जानकारी **https://iafrecruitment.edcil.co.in** पर उम्मीदवार की पर्सनल लॉग-इन ID में अपलोड की जाएगी.

22. **परीक्षा के लिए निर्देश.** ऑनलाइन परीक्षा के दौरान उम्मीदवारों को प्रश्न-पत्र उपलब्ध कराया जाएगा. परीक्षा पूरी होने तक उम्मीदवारों को परीक्षा हॉल से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी. इसके अलावा, परीक्षा के बाद **'ऑब्जेक्शन मैनेजमेंट'** (आपत्ति प्रबंधन) की अवधि के दौरान तीन दिनों के लिए उम्मीदवारों के वेबपेज लॉग-इन पर प्रश्न-पत्र, उत्तर-कुंजी (आंसर-की) और उम्मीदवार के जवाब (रिस्पॉन्स) उपलब्ध कराए जाएंगे. **'ऑब्जेक्शन मैनेजमेंट'** की अवधि समाप्त होने के बाद प्रश्न-पत्र, उत्तर-कुंजी और उम्मीदवार की रिस्पॉन्स शीट से संबंधित किसी भी सवाल पर किसी भी माध्यम से विचार नहीं किया जाएगा. आधिकारिक वेबसाइट/उम्मीदवार के वेबपेज लॉग-इन के माध्यम से पहले से उपलब्ध कराई गई जानकारी के लिए किसी सूचना का अधिकार (RTI) पर विचार नहीं किया जाएगा. परीक्षा की तारीख से छह महीने बाद स्टार से संबंधित किसी भी सवाल पर विचार नहीं किया जाएगा.

**फेज़ – II**

23. फेज़-I (ऑनलाइन) टेस्ट का रिज़ल्ट घोषित होने के तुरंत बाद, उम्मीदवारों द्वारा फेज़-I टेस्ट में प्राप्त नॉर्मलाइज्ड मार्क्स पर एक कट-ऑफ लागू किया जाएगा और राज्य-वार शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को तय एएससी पर फेज़-II टेस्ट के लिए उनके रजिस्टर्ड ई-मेल आईडी पर एक नया एडमिट कार्ड भेजा जाएगा. फेज़-II परीक्षा के लिए यह एडमिट कार्ड सीएएसबी वेब पोर्टल **https://iafrecruitment.edcil.co.in** पर उम्मीदवार के लॉगिन के तहत ऑनलाइन भी डाउनलोड किया जा सकता है. उम्मीदवारों को तय तारीख और समय पर तय एएससी पर निम्नलिखित चीज़ों के साथ रिपोर्ट करना होगा:-

23.1. फेज़-II एडमिट कार्ड का रंगीन प्रिंट आउट.

23.2. ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पूरा होने पर डाउनलोड किए गए ठीक से भरे हुए एप्लीकेशन फ़ॉर्म का रंगीन प्रिंट आउट.

23.3. लिखने के लिए HB पेंसिल, इरेज़र, शार्पनर, ग्लू स्टिक, स्टेपलर और काला/नीला बॉल पॉइंट पेन.

23.4. बिना अटेस्टेड पासपोर्ट साइज़ रंगीन फ़ोटो की आठ कॉपी **(जो ऑनलाइन एप्लीकेशन रजिस्ट्रेशन के लिए इस्तेमाल की गई थी).**

23.5. मैट्रिकुलेशन पासिंग सर्टिफ़िकेट का ओरिजिनल या डिजीलॉकर से वेरिफ़ाइड प्रिंटआउट और चार सेल्फ-अटेस्टेड फ़ोटोकॉपी **(उम्मीदवार के नाम, पिता के नाम और जन्म तिथि के वेरिफिकेशन के लिए ज़रूरी).**

23.6. मैट्रिकुलेशन मार्कशीट का ओरिजिनल या डिजीलॉकर से वेरिफ़ाइड प्रिंटआउट और चार सेल्फ-अटेस्टेड फ़ोटोकॉपी **(यह केवल तीन साल के डिप्लोमा/दो साल के वोकेशनल कोर्स होल्डर्स के लिए लागू है, जब डिप्लोमा/वोकेशनल कोर्स में इंग्लिश कोई सब्जेक्ट न हो).**

23.7. अगर लागू हो, तो डिप्लोमा/B.फार्मा/बी.एससी. (फार्मेसी) के पासिंग सर्टिफ़िकेट और मार्कशीट का ओरिजिनल या डिजीलॉकर से वेरिफ़ाइड प्रिंटआउट और चार सेल्फ-अटेस्टेड फोटोकॉपी.

23.8. एसओएफपी (एयर फ़ोर्स कर्मचारी का बेटा) का सर्टिफ़िकेट - जिसमें डिफ़ेंस बजट से वेतन पाने वाले सेवारत/रिटायर्ड/मृत एयर फ़ोर्स सिविलियन कर्मचारी के बेटे का सर्टिफ़िकेट भी शामिल है - को सीएएसबी वेब पोर्टल के डाउनलोड सेक्शन से डाउनलोड करना होगा (जैसा भी मामला हो) और परीक्षा के फ़ेज़-II के लिए रिपोर्ट करते समय साथ लाना होगा.

23.9. फेज़-I टेस्ट के दौरान इस्तेमाल किया गया ओरिजिनल फेज़-I एडमिट कार्ड, जिस पर एयर फ़ोर्स की सील और इनविजिलेटर के हस्ताक्षर हों.

23.10. ऊपर दिए गए पैरा 11 के अनुसार शरीर पर बने टैटू की तस्वीरें.

23.11. NCC 'A', 'B' या 'C' सर्टिफ़िकेट (यदि लागू हो) का ओरिजिनल और चार स्व-सत्यापित फ़ोटोकॉपी.

23.12. सरकारी संगठन में कार्यरत उम्मीदवारों के लिए नियोक्ता से मूल अनापत्ति प्रमाण पत्र और चार स्व-सत्यापित फोटोकॉपी (यदि लागू हो).

23.13. भारतीय सेना/भारतीय नौसेना/किसी अन्य सरकारी संगठन से सेवामुक्त उम्मीदवारों के लिए: सेवामुक्ति प्रमाण पत्र की मूल प्रति और चार स्व-सत्यापित फोटोकॉपी (भारतीय सेना/भारतीय नौसेना/सरकारी संगठन द्वारा जारी).

**नोट:- ओरिजिनल NCC सर्टिफ़िकेट पर सीरियल नंबर, जारी करने वाले प्राधिकरण की गोल सील और हस्ताक्षर करने वाले प्राधिकरण की मुहर होनी चाहिए. सर्टिफ़िकेट पर लगी फ़ोटो को जारी करने वाले प्राधिकरण द्वारा मुहर के साथ सत्यापित किया जाना चाहिए. QR कोड वाले ओरिजिनल डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित NCC सर्टिफ़िकेट भी स्वीकार किए जाएंगे.**

24. **योग्यता की जांच.** उम्मीदवारों के पास ऊपर पैरा 23 में बताए गए दस्तावेज़ होने चाहिए. **चयन परीक्षा के लिए आते समय, फेज़-II शुरू होने से पहले योग्यता की शुरुआती जांच के लिए इन दस्तावेज़ों की जांच/सत्यापन किया जाएगा.** जो उम्मीदवार फिजिकल फिटनेस टेस्ट पास कर लेंगे, उनके ऊपर पैरा 23 में बताए गए सभी दस्तावेज़ों की विस्तृत जांच की जाएगी. जो उम्मीदवार तय शैक्षणिक योग्यता को पूरा नहीं करते हैं, उनकी उम्मीदवारी ओरिजिनल सर्टिफ़िकेट और मार्कशीट की शुरुआती जांच के दौरान और **एएससी में विस्तृत जांच** के दौरान रद्द कर दी जाएगी.

**नोट-1:- सीओएफपी** के मामले में, उम्मीदवार का नाम, माता-पिता का नाम और उम्मीदवार की जन्म तिथि, जो डिस्चार्ज बुक/सर्विस बुक/सर्विस डिटेल सर्टिफ़िकेट/कैजुअल्टी सर्टिफ़िकेट (जो भी लागू हो) में लिखी है, वही उम्मीदवार के मैट्रिकुलेशन पासिंग सर्टिफ़िकेट में भी लिखी होनी चाहिए.

**नोट-2:-** किसी भी हालत में, उम्मीदवारों को ओरिजिनल शैक्षणिक मार्कशीट/पासिंग सर्टिफ़िकेट और ऊपर पैरा 23 में बताए गए दस्तावेज़ों के बिना सिलेक्शन टेस्ट के फेज़-II में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी. हालांकि, जिन उम्मीदवारों के पास शैक्षणिक मार्कशीट/पासिंग सर्टिफ़िकेट की फोटोकॉपी है, उन्हें चयन परीक्षा में शामिल होने की अनुमति तभी दी जा सकती है जब वे कॉलेज/स्कूल के प्रिंसिपल का सर्टिफ़िकेट दिखाएं जिसमें यह प्रमाणित हो कि शैक्षणिक सर्टिफ़िकेट/मार्कशीट कॉलेज/स्कूल में जमा हैं। डिजिलॉकर से सत्यापित सर्टिफ़िकेट स्वीकार किए जाएंगे। उम्मीदवारों को डिजिलॉकर से सत्यापित सर्टिफ़िकेट का प्रिंटआउट लाना होगा और सिलेक्शन टीम द्वारा जांच के दौरान डिजिलॉकर में वही सर्टिफ़िकेट दिखाने के लिए मोबाइल डिवाइस भी साथ लाना होगा.

**नोट-3:-** सिलेक्शन सेंटर ओरिजिनल पासिंग सर्टिफ़िकेट/मार्कशीट अपने पास नहीं रखेगा. विस्तृत जांच पूरी होने पर ये उम्मीदवार को वापस कर दिए जाएंगे.

**नोट-4:-** मार्कशीट की इंटरनेट कॉपी स्वीकार्य नहीं है.

**नोट-5:- मोबाइल स्नैपशॉट/फोटो इमेज से प्राप्त शैक्षणिक सर्टिफ़िकेट का प्रिंटआउट स्वीकार नहीं किया जाएगा. उम्मीदवारों को जांच के लिए शैक्षणिक सर्टिफ़िकेट की साफ-साफ दिखने वाली फ़ोटोकॉपी लानी होगी.**

**नोट-6:- उम्मीदवारों को फेज़-I और फेज़-II के लिए जारी एडमिट कार्ड पर कोई भी रफ काम करने या कहीं भी कुछ भी लिखने की सख्त मनाही है. ऐसे उम्मीदवारों को हमेशा के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा.**

25. **फिजिकल फिटनेस टेस्ट (PFT). ऑनलाइन टेस्ट पास करने वाले शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के नाम सीएएसबी वेब पोर्टल https://iafrecruitment.edcil.co.in पर दिखाए जाएंगे और उन्हें तय तारीख पर फिजिकल फिटनेस टेस्ट (PFT) और अडैप्टेबिलिटी टेस्ट-I और II के लिए तय एएससी पर बुलाया जाएगा. PFT के दो हिस्से होते हैं, यानी PFT-I और PFT-II.**

**PFT- I.** PFT-I पास करने के लिए उम्मीदवारों को नीचे दिए गए समय के अनुसार 1.6 किमी की दौड़ पूरी करनी होगी:-

| टेस्ट | अधिकतम तय समय | |
|---|---|---|
| | 21 साल तक की उम्र के उम्मीदवारों के लिए | 21 साल से ज़्यादा उम्र के और फ़ार्मेसी में डिप्लोमा/बी.फार्मा/फार्मेसी में बी.एससी. करने वाले उम्मीदवारों के लिए |
| 1.6 किमी दौड़ | सात मिनट के अंदर | सात मिनट 30 सेकंड के अंदर |

**PFT- II. PFT-I पास करने वाले उम्मीदवारों को 10 मिनट आराम करने के बाद PFT-II देना होगा. उम्मीदवारों के लिए एक्सरसाइज का क्रम और अधिकतम समय इस प्रकार है:-**

| टेस्ट | अधिकतम समय | टिप्पणी |
|---|---|---|
| 10 पुश-अप्स | एक मिनट | दौड़ पूरी होने के 10 मिनट के ब्रेक के बाद टेस्ट होगा |
| 10 सिट-अप्स | एक मिनट | 10 पुश-अप्स पूरे होने के 2 मिनट के ब्रेक के बाद टेस्ट होगा |
| 20 स्क्वैट्स | एक मिनट | 10 सिट-अप्स पूरे होने के 2 मिनट के ब्रेक के बाद टेस्ट होगा |

**ध्यान दें:-** उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने स्पोर्ट्स शूज़ और शॉर्ट्स/ट्रैक पैंट साथ लाएं. पुश-अप्स, सिट-अप्स और स्क्वैट्स के लिए ज़रूरी तकनीक की विस्तृत जानकारी सीएएसबी वेब पोर्टल **https://iafrecruitment.edcil.co.in** पर उपलब्ध है.

26. भारतीय वायु सेना में चयन के लिए फिजिकल फिटनेस टेस्ट/मेडिकल टेस्ट में शामिल होने से पहले उम्मीदवारों को एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा. वे इन टेस्ट में अपनी ज़िम्मेदारी पर शामिल होंगे और टेस्ट के दौरान किसी भी चोट या दुर्घटना के लिए भारतीय वायु सेना उन्हें कोई मुआवज़ा नहीं देगी. 18 साल से कम उम्र के उम्मीदवारों के मामले में सहमति पत्र पर उनके माता-पिता/अभिभावक के हस्ताक्षर होंगे. सहमति पत्र फेज़-II एडमिट कार्ड के साथ जुड़ा होगा.

27. **अडैप्टेबिलिटी टेस्ट-I.** फिजिकल फिटनेस टेस्ट (PFT) पास करने वाले सभी उम्मीदवारों को अडैप्टेबिलिटी टेस्ट-I (ऑब्जेक्टिव टाइप लिखित परीक्षा) देना होगा. इसका मकसद भारतीय वायु सेना में नौकरी के लिए उम्मीदवार की उपयुक्तता को परखना है, जिसमें अलग-अलग भौगोलिक इलाकों, मौसम और ऑपरेशनल स्थितियों में तैनाती शामिल होती है.

28. **अडैप्टेबिलिटी टेस्ट-II.** अडैप्टेबिलिटी टेस्ट-I पास करने वाले सभी उम्मीदवारों को मौजूदा पॉलिसी के अनुसार अडैप्टेबिलिटी टेस्ट-II देना होगा. अडैप्टेबिलिटी टेस्ट-II उन उम्मीदवारों के चयन के लिए है जो भारतीय वायु सेना के माहौल और मिलिट्री जीवनशैली के अनुसार खुद को ढाल सकें.

**फेज़ – III**

29. **मेडिकल जांच.** जो उम्मीदवार अडैप्टेबिलिटी टेस्ट-II पास कर लेंगे, उन्हें संबंधित एएससी से मेडिकल अपॉइंटमेंट लेटर दिया जाएगा. मेडिकल जांच IAF की मेडिकल स्टैंडर्ड्स और इस विषय पर लागू पॉलिसी के अनुसार एयर फ़ोर्स मेडिकल टीम द्वारा की जाएगी.

मेडिकल जांच में ये शुरुआती जांचें भी शामिल होंगी:-

29.1. ब्लड हीमोग्राम - Hb, TLC, DLC, प्लेटलेट्स.

29.2. यूरिन RE/ME.

29.3. बायोकेमिस्ट्री :-

29.3.1. ब्लड शुगर फास्टिंग/पोस्ट प्रैंडियल (खाना खाने के बाद).

29.3.2. सीरम कोलेस्ट्रॉल.

29.3.3. RFT- सीरम यूरिया, यूरिक एसिड, क्रिएटिनिन.

29.3.4. LFT- सीरम बिलिरुबिन, SGOT, SGPT.

29.4. छाती का रेडियोग्राफ़ (PA व्यू)

29.5. ईसीजी (R)

29.6. रिक्रूटिंग मेडिकल ऑफिसर द्वारा ज़रूरी समझी जाने वाली कोई अन्य जांच.

30. मेडिकल रूप से अनफिट घोषित उम्मीदवार अपनी अनफिटनेस के खिलाफ 'अपील मेडिकल बोर्ड' (AMB) का विकल्प चुन सकते हैं. इसके लिए उन्हें सरकारी ट्रेज़री/RBI/SBI में इलेक्ट्रॉनिक मिलिट्री रिसीवेबल ऑर्डर (e-MRO)/मिलिट्री रिसीवेबल ऑर्डर (MRO) के ज़रिए रु. 40/- जमा करने होंगे. AMB के लिए आवेदन, e-MRO/MRO की ओरिजिनल कॉपी और अनफिटनेस सर्टिफ़िकेट की फोटोकॉपी के साथ, मेडिकल जांच के तीन वर्किंग दिनों के भीतर एएससी के प्रतिनिधि को जमा करना होगा.

31. शुरुआती मेडिकल जांच, अपील मेडिकल बोर्ड और भर्ती से पहले होने वाली मेडिकल जांच के दौरान किसी उम्मीदवार को 'फिट' या 'अनफिट' घोषित करने का अंतिम अधिकार डिफेंस फोर्सेज के रिक्रूटमेंट मेडिकल ऑफिसर और स्पेशलिस्ट डॉक्टरों का होता है.

32. उम्मीदवारों पर डिफेंस फोर्सेज के स्टैंडर्ड लागू होंगे, जो सिविल स्टैंडर्ड से अलग हो सकते हैं. अपील मेडिकल बोर्ड के बाद किसी भी तरह की अपील या रिव्यू का कोई प्रावधान नहीं है.

**नोट-1:-** उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे मेडिकल जांच के लिए आने से पहले अपने दांतों से टार्टर और दाग-धब्बे साफ करवा लें. कानों में वैक्स (मैली) नहीं होनी चाहिए. उम्मीदवारों को मेडिकल जांच के लिए चार से पांच दिन तक अपने खुद के इंतजाम से रुकने के लिए तैयार रहना चाहिए. कोई TA/DA नहीं दिया जाएगा.

**नोट-2:-** मेडिकल जांच पास करने का मतलब यह नहीं है कि इंडियन एयर फोर्स में नौकरी मिल ही जाएगी.

**नोट-3:-** मेडिकल जांच केंद्र या मेडिकल जांच की तारीख बदलने के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा.

(शेष पृष्ठ 30 पर)

(पृष्ठ 29 का शेष)

### ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए निर्देश

**33. आवेदन कैसे करें.**

**33.1.** उम्मीदवारों को **https://iafrecruitment.edcil.co.in** पर लॉग इन करके ऑनलाइन आवेदन भरना होगा. सफल ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए उम्मीदवार के पास अपनी वैध ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर होना चाहिए. उम्मीदवार द्वारा ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में भरी गई ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर पूरी भर्ती प्रक्रिया के दौरान चालू (वैध) रहने चाहिए. एप्लीकेशन सीक्वेंस नंबर, पासवर्ड और अन्य सभी महत्वपूर्ण जानकारी उसी रजिस्टर्ड ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर पर भेजी जाएगी. (कृपया सुनिश्चित करें कि रजिस्टर्ड ई-मेल आईडी के मेलबॉक्स में भेजा गया ईमेल जंक/स्पैम फोल्डर में न जाए).

**33.2.** ऑनलाइन आवेदन भरते समय उम्मीदवारों को सही जानकारी देने में पूरी सावधानी बरतनी चाहिए.

**33.3. आवेदन जमा करने की प्रक्रिया नीचे दी गई है:-**

**स्टेप-I.** व्यक्तिगत जानकारी और संपर्क विवरण का रजिस्ट्रेशन. कैंडिडेट की ई-मेल आईडी ही यूज़र-आईडी होगी और पासवर्ड रजिस्टर्ड ई-मेल और मोबाइल नंबर पर ई-मेल/SMS के ज़रिए भेजा जाएगा.

**स्टेप-II.** व्यक्तिगत जानकारी, कम्युनिकेशन विवरण, योग्यता विवरण, घोषणा और ज़रूरी डॉक्यूमेंट्स अपलोड करने तथा पेमेंट गेटवे के ज़रिए ऑनलाइन आवेदन शुल्क (जहां लागू हो) जमा करने के लिए दोबारा लॉग-इन करें.

**33.4.** एक बार आवेदन जमा हो जाने के बाद उसे वापस नहीं लिया जा सकता. आवेदन शुल्क और अन्य लागू शुल्क, एक बार भुगतान किए जाने के बाद किसी भी स्थिति/हालात में वापस नहीं किए जाएंगे और न ही उन्हें किसी अन्य भर्ती या चयन प्रक्रिया के लिए सुरक्षित रखा जाएगा.

**34. स्टेप-I: रजिस्ट्रेशन/साइन-अप.**

**34.1.** उम्मीदवार को सभी ज़रूरी जानकारी, जैसे पर्सनल डिटेल्स, कॉन्टैक्ट डिटेल्स वगैरह सही-सही भरनी होंगी और **'Generate OTP'** बटन दबाना होगा.

**34.2.** OTP उम्मीदवार के मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी पर अलग-अलग भेजे जाएंगे. उम्मीदवार को मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी को वेरिफ़ाई करने के लिए दोनों OTP डालने होंगे.

**34.3.** जो उम्मीदवार नियम और शर्तों से सहमत हैं, वे डिक्लेरेशन के बाद दिए गए **'I Agree'** चेक बॉक्स पर क्लिक करके अप्लाई कर सकते हैं. इसके बाद, **"Re-verify"** बटन पर क्लिक करके चुनी गई/डाली गई जानकारी को फिर से वेरिफ़ाई करें. अगर जानकारी सही दिख रही है, तो चेक बॉक्स पर टिक करें और **"Submit"** बटन दबाएं.

**34.4. SUBMIT** बटन/टैब पर क्लिक करने के बाद, उम्मीदवारों को उनकी ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर पर यूज़र आईडी और पासवर्ड मिलेगा. अब, उम्मीदवार को स्टेप-II पर जाने के लिए "Go To Application" बटन (जो ऊपर दाईं ओर दिया गया है) पर क्लिक करना होगा.

**35. स्टेप-II: एप्लीकेशन भरना.**

**35.1.** साइन-अप करने के बाद, कैंडिडेट या तो "Go To Application" बटन पर क्लिक करके स्टेप-II (एप्लीकेशन की जानकारी भरने के लिए) पर जा सकता है या अगर कैंडिडेट रजिस्ट्रेशन के बाद लॉग-आउट हो गया है, तो वह लॉग-इन पेज पर यूज़र आईडी और पासवर्ड डालकर और फिर "LOGIN" बटन पर क्लिक करके दोबारा लॉग-इन कर सकता है. इसके बाद कैंडिडेट को पर्सनल जानकारी, अतिरिक्त जानकारी, कम्युनिकेशन की जानकारी, क्वालिफिकेशन की जानकारी, डिक्लेरेशन और डॉक्यूमेंट अपलोड करने के लिए ऊपर दाईं ओर दिए गए "Go To Application" बटन पर क्लिक करना होगा.

**35.2.** सभी ज़रूरी जानकारी भरने के बाद, कैंडिडेट को एप्लीकेशन सबमिट करना होगा और नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, UPI आदि के ज़रिए पेमेंट गेटवे से लागू ऑनलाइन एप्लीकेशन फ़ीस का भुगतान करना होगा.

**35.3. फ़ोटोग्राफ़, सिग्नेचर और बाएं अंगूठे के निशान को स्कैन करने से जुड़े निर्देश:** संबंधित कैंडिडेट्स को लागू होने वाले ये डॉक्यूमेंट अपलोड करने होंगे:-

**35.3.1. फ़ोटोग्राफ़ इमेज.** पासपोर्ट साइज़ की हाल की रंगीन फ़ोटो (रजिस्ट्रेशन की तारीख से एक महीने से ज़्यादा पुरानी नहीं होनी चाहिए) जिसका साइज़ 100 KB से 200 KB के बीच हो और फ़ॉर्मेट .jpg या .jpeg हो (हल्के बैकग्राउंड में सामने का पोर्ट्रेट, बिना फेसमास्क और सिर पर कुछ पहने हुए - सिखों को छोड़कर). फ़ोटो लेते समय कैंडिडेट को अपनी छाती के सामने एक काली स्लेट पकड़नी होगी जिस पर सफ़ेद चॉक से बड़े अक्षरों में उसका नाम और फ़ोटो लेने की तारीख साफ़-साफ़ लिखी हो, और उसे शांत चेहरे के साथ सीधे कैमरे की ओर देखना होगा. फ़ोटो की तुलना में लुक में बदलाव, जैसे दाढ़ी बढ़ाना, सिर पर कुछ पहनना आदि, के कारण STAR ऑनलाइन परीक्षा और फ़ेज़-II के लिए कैंडिडेट का आवेदन रद्द किया जा सकता है.

**35.3.2. उम्मीदवार के हस्ताक्षर की इमेज.** उम्मीदवार को सफ़ेद कागज पर काले स्याही वाले पेन से हस्ताक्षर करने होंगे और हस्ताक्षर केवल उम्मीदवार को ही करने होंगे, किसी और व्यक्ति को नहीं. केवल हस्ताक्षर वाले हिस्से को स्कैन करें, पूरे पेज को नहीं. उम्मीदवार के हस्ताक्षर की इमेज (साइज़ 80 KB से 150 KB) केवल .jpg या .jpeg फ़ॉर्मेट में होनी चाहिए.

**35.3.3. उम्मीदवार के माता-पिता/अभिभावक के हस्ताक्षर की इमेज.** उम्मीदवार के माता-पिता (पिता/माता) या अभिभावक के हस्ताक्षर की इमेज को ठीक से स्कैन करके तय जगह पर अपलोड करना होगा (अगर ऑनलाइन आवेदन भरते समय उम्मीदवार की उम्र 18 साल से कम है).

**35.3.4. बाएं हाथ के अंगूठे के निशान की इमेज.** बाएं हाथ के अंगूठे का निशान उम्मीदवार का ही होना चाहिए, किसी और व्यक्ति का नहीं. कृपया केवल बाएँ हाथ के अंगूठे के निशान वाले हिस्से को स्कैन करें, पूरे पेज को नहीं. बाएं हाथ के अंगूठे पर स्टैम्प पैड से स्याही लगाएं और फिर इस स्याही लगे अंगूठे को साफ़, खाली कागज पर रखें. अंगूठे के निशान को ठीक से स्कैन करके अपलोड किया जाना चाहिए (साइज़ 50 KB से 100 KB, केवल .jpg या .jpeg फ़ॉर्मेट में).

**35.3.5. उम्मीदवार की लाइव इमेज कैप्चर.** ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के दौरान उम्मीदवार की लाइव इमेज कैप्चर की जाएगी. अपलोड की गई फ़ोटो में उम्मीदवार के चेहरे की विशेषताओं का मिलान रियल-टाइम फ़ोटो से किया जाएगा. फ़ोटो मैच होने पर ही उम्मीदवार आवेदन जमा कर पाएगा. लाइव इमेज कैप्चर और अपलोड करने के लिए उम्मीदवार को वेब कैमरा तैयार रखना चाहिए.

**35.4.** ज़रूरी डॉक्यूमेंट्स अपलोड करने के बाद, **"Preview"** टैब पर क्लिक करें और देखें कि भरी गई सभी जानकारी सही है या नहीं. अगर कोई गलती है, तो "Submit" टैब पर आखिरी बार क्लिक करने से पहले उसे ठीक किया जा सकता है.

**35.5. परीक्षा शुल्क.** एप्लीकेशन सबमिट होने के बाद, उम्मीदवार को रु. 550/- और 18% GST (जो वापस नहीं होगा) का नॉन-रिफंडेबल परीक्षा शुल्क जमा करने के लिए नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/UPI के ज़रिए पेमेंट गेटवे पर भेज दिया जाएगा. उम्मीदवार को सलाह दी जाती है कि वे जानकारी की जांच करें और अलग-अलग पेमेंट तरीकों से एप्लीकेशन शुल्क का पेमेंट करें. एप्लीकेशन शुल्क का पेमेंट सफल होने के बाद, एप्लीकेशन फ़ॉर्म अपने-आप सबमिट हो जाएगा और कैंडिडेट को उनके एप्लीकेशन फ़ॉर्म पर भेज दिया जाएगा.

**35.6. सबमिट किए गए एप्लीकेशन फ़ॉर्म का प्रिंट लेना.** एप्लीकेशन फ़ॉर्म के सफल सबमिशन और एप्लीकेशन शुल्क के पेमेंट के बाद, उम्मीदवार को **"PRINT"** बटन दबाकर और अपने एप्लीकेशन फ़ॉर्म को PDF में सेव/प्रिंट करके अपना एप्लीकेशन फ़ॉर्म प्रिंट करना चाहिए, जिसमें उम्मीदवार द्वारा दी गई जानकारी हो. कृपया भविष्य में इस्तेमाल के लिए एप्लीकेशन फ़ॉर्म का प्रिंट आउट अपने पास रखें.

**35.7. एक से ज्यादा पेमेंट का रिफ़ंड.** अगर किसी उम्मीदवार से एक एप्लीकेशन के लिए एक से ज़्यादा पेमेंट मिलते हैं, तो रजिस्ट्रेशन बंद होने और सभी पेमेंट रिकॉर्ड के मिलान के बाद वह रकम उसी अकाउंट में वापस कर दी जाएगी जहां से पेमेंट आया था. हालांकि, अगर उम्मीदवार ने एक से ज़्यादा एप्लीकेशन भरे हैं, तो सिर्फ़ ज़्यादा **"Application Sequence Number"** वाला ऑनलाइन एप्लीकेशन ही स्वीकार किया जाएगा और भर्ती प्रक्रिया के लिए विचार न किए गए दूसरे एप्लीकेशन के लिए दी गई रकम वापस नहीं की जाएगी. एक बार पेमेंट किया गया शुल्क किसी भी हालत में वापस नहीं किया जाएगा और न ही इसे किसी दूसरी परीक्षा या सिलेक्शन के लिए रिज़र्व रखा जाएगा.

**36.** उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन में आधार नंबर के आखिरी चार अंक भरने होंगे. जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, असम और मेघालय के उम्मीदवारों को, जिनके पास आधार कार्ड नहीं है, इस नियम से छूट दी गई है.

**37.** उम्मीदवारों को प्रोविज़नल एडमिट कार्ड का रंगीन प्रिंट आउट लेकर परीक्षा केंद्र पहुंचना होगा। अगर परीक्षा स्थल पर शुरुआती जाँच के दौरान या चयन प्रक्रिया के किसी भी बाद के चरण में कोई गड़बड़ी/अनियमितता/गलत जानकारी पाई जाती है, तो उम्मीदवारों को ऑनलाइन परीक्षा में बैठने से रोक दिया जाएगा.

**38.** चयन परीक्षा (फेज़-I और II) और मेडिकल टेस्ट के लिए रिपोर्ट करते समय उम्मीदवारों को पहचान के प्रमाण के तौर पर अपना आधार कार्ड (जैसा कि उनके एडमिट कार्ड पर दिखाया गया है) साथ लाना होगा. जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, असम और मेघालय के उम्मीदवार, जिनके पास आधार कार्ड नहीं है, वे कोई अन्य वैध पहचान प्रमाण साथ ला सकते हैं.

**39.** ज़रूरी शैक्षणिक योग्यता और शारीरिक/मेडिकल मानकों के बारे में जानकारी सीएएसबी वेब पोर्टल **https://iafrecruitment.edcil.co.in** पर उपलब्ध है और उम्मीदवार बिना साइन-इन किए इस जानकारी को देख सकते हैं.

**सामान्य**

**40. उम्मीदवारों के लिए सामान्य निर्देश इस प्रकार हैं:-**

**40.1.** STAR ऑनलाइन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन भरते समय उम्मीदवारों को अपनी पसंद के क्रम में परीक्षा शहर के पांच विकल्प बताने होंगे. हालांकि, सीएएसबी के पास आवेदन मंव बताए गए शहरों के अलावा कोई अन्य शहर आवंटित करने का अधिकार सुरक्षित है. चरण-II परीक्षा के लिए उम्मीदवारों को कोई विकल्प/प्राथमिकता नहीं दी जाएगी. उम्मीदवारों को सीएएसबी द्वारा आवंटित एएससी पर रिपोर्ट करना होगा.

**40.2. परीक्षा केंद्र या चयन परीक्षा की तारीख बदलने के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा.** उम्मीदवारों को तय तारीख/समय पर निर्धारित स्थान पर अनिवार्य रूप से रिपोर्ट करना होगा. यात्रा की योजना बनाते समय उन्हें ट्रेनों के देर से चलने जैसी किसी भी स्थिति के लिए तैयारी रखनी होगी.

**40.3.** जो उम्मीदवार तय तारीख और समय पर परीक्षा के लिए रिपोर्ट नहीं करेंगे, उन्हें किसी अन्य तारीख/शिफ्ट में शामिल नहीं किया जाएगा.

**40.4.** डुप्लिकेट / अधूरे / गलत तरीके से भरे गए आवेदनों को अस्वीकार कर दिया जाएगा.

**40.5. उम्मीदवारों को पूरी परीक्षा अवधि के दौरान अपने स्वयं के इंतजाम से रहने के लिए तैयार रहना चाहिए. कोई TA/DA नहीं दिया जाएगा.**

**40.6.** उम्मीदवारों को एक सक्रिय ई-मेल आईडी देनी होगी, **जिसका उपयोग सीएएसबी पूरी चयन प्रक्रिया और विशेष इनटेक के लिए नामांकन पूरा होने तक सभी संचार के लिए करेगा. भविष्य के सभी संचार के लिए ई-मेल आईडी और पासवर्ड को सुरक्षित रखने की भी सलाह दी जाती है.**

**40.7.** उम्मीदवार को इस विज्ञापन के जवाब में केवल एक बार आवेदन करना चाहिए.

**40.8.** जो उम्मीदवार इस विज्ञापन के जवाब में एक से ज्यादा बार आवेदन करते हैं और अलग-अलग रजिस्ट्रेशन नंबर प्राप्त करते हैं, उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.

**नोटः- सीएएसबी के प्रेसिडेंट के पास फ़ेज़-I के लिए परीक्षा केंद्र आवंटित करने का अधिकार है, जो उम्मीदवार की पसंद के अनुसार हो भी सकता है और नहीं भी.**

**41.** अगर विज्ञापन के अंग्रेज़ी और हिंदी/किसी अन्य क्षेत्रीय भाषा के वर्जन में कोई अंतर होता है, तो अंग्रेज़ी संस्करण को ही सही माना जाएगा.

**42. कोई भी सुधार/बदलाव/अपडेट केवल सीएएसबी वेब पोर्टल https://iafrecruitment.edcil.co.in पर उपलब्ध होंगे और किसी भी अख़बार/अन्य मीडिया में इसकी कोई सूचना नहीं दी जाएगी. सभी उम्मीदवारों को समय-समय पर सीएएसबी का वेब पोर्टल देखते रहना चाहिए.**

**43. अस्थायी चयन सूची (PSL).** सिलेक्शन टेस्ट पूरा होने के बाद राज्य-वार अस्थायी चयन सूची (PSL) तैयार की जाएगी और इसे सभी एएससी और वेब पोर्टल **https://iafrecruitment.edcil.co.in** पर मई 2027 के आखिरी हफ्ते में दिखाया जाएगा. अस्थायी चयन सूची (PSL) में उम्मीदवारों के नाम शामिल करना चयन परीक्षा में उनके प्रदर्शन पर निर्भर करता है. यह कट-ऑफ मार्क्स, फेज़-II टेस्टिंग में क्वालिफ़ाई करने वाले उम्मीदवारों की संख्या और अनुमानित वैकेंसी के आधार पर तय किया जाता है. अस्थायी चयन सूची (PSL) में नाम शामिल होने का मतलब यह नहीं है कि एनरोलमेंट अपने आप हो जाएगा. अगर ज़रूरत पड़ी, तो भारतीय वायु सेना के पास अस्थायी चयन सूची (PSL) जारी होने के बाद भी चयन प्रक्रिया को रद्द करने का अधिकार है. एनरोलमेंट पूरी तरह से मेरिट के आधार पर होगा, जिसमें मेडिकल फिटनेस, खाली जगहों की उपलब्धता और उम्र की सीमा का ध्यान रखा जाएगा. एनरोलमेंट की तारीख पर, 10+2/ इंटरमीडिएट/इसके बराबर (वोकेशनल कोर्स सहित) वाले उम्मीदवारों की उम्र 21 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए, और डिप्लोमा/B.फार्मा/बी.एससी. (फार्मेसी) वाले उम्मीदवारों की उम्र 24 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए. साथ ही, एनरोलमेंट के लिए बुलाए जाने पर सभी तय योग्यता शर्तों को पूरा करना ज़रूरी है. PSL की वैधता इसके जारी होने की तारीख से छह महीने तक होगी और यह सिर्फ़ **एयरमैन इनटेक 02/2027** के लिए लागू होगी.

**44. एनरोलमेंट लिस्ट.** एयरमैन इनटेक 02/2027 में एनरोलमेंट के लिए आख़िरी तौर पर बुलाए गए उम्मीदवारों की सूची 01 जून 2027 के बाद जारी की जाएगी. एनरोलमेंट के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों को सिर्फ़ उनके रजिस्टर्ड ई-मेल ID पर ई-कॉल लेटर भेजा जाएगा.

**45. ऑनलाइन एप्लीकेशन फ़ॉर्म भरने से जुड़े तकनीकी सवाल/स्पष्टीकरण के लिए, लॉग इन करने के बाद एप्लीकेशन पोर्टल पर मौजूद 'हेल्पडेस्क टैब' का इस्तेमाल करें या बेझिझक "हेल्प डेस्क" फ़ोन नंबर: +91-9513253233 {सोमवार से शनिवार, सुबह 09:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक (छुट्टियों को छोड़कर)} पर संपर्क करें. किसी भी सवाल के लिए EdCIL के ऑनलाइन क्वेरी पोर्टल पर जाएं और सीएएसबी, बरार स्क्वायर, दिल्ली कैंट, नई दिल्ली - 110010 से संपर्क करें, टेलीफ़ोन नंबर 011-25694209/ 25699606 (सभी कामकाजी दिनों में सुबह 09:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक) और ई-मेलः iafrecruitment@edcil.co.in/ royal-hunter@gov.in पर संपर्क करें या सीएएसबी वेब पोर्टल https://iafrecruitment.edcil.co.in पर कैंडिडेट के लॉगिन के तहत लॉग ऑन करें.**

डिस्क्लेमर (अस्वीकरण)

1. विज्ञापन में दी गई शर्तें और नियम केवल गाइडलाइन हैं और चुने गए **कैंडिडेट्स पर समय-समय पर सरकार** द्वारा जारी आदेश लागू होंगे.
2. पूरी सिलेक्शन प्रक्रिया भारतीय वायु सेना की ज़रूरतों पर निर्भर है और इसे **किसी भी समय बदला** जा सकता है.

**रजिस्ट्रेशन के दौरान डाला गया डेटा फ़ाइनल होगा और बाद में इसमें कोई बदलाव करने की इजाज़त नहीं होगी. गलत डेटा डालने पर कैंडिडेट की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.**

**विस्तृत सिलेबस, मॉडल प्रश्न पत्र, प्रोविज़नल सेलेक्ट लिस्ट और एनरोलमेंट लिस्ट के लिए, सीएएसबी वेब पोर्टलः https://iafrecruitment.edcil.co.in पर लॉग ऑन करें.**

भारतीय वायु सेना के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी चरण में पूरी चयन प्रक्रिया को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है.

परीक्षा के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी/अनुचित साधनों का इस्तेमाल करते पाए जाने वाले कैंडिडेट्स को हमेशा के लिए बाहर (debar) कर दिया जाएगा.

CBC 10803/11/0001/2627 EN 14/82

IBPS
प्रज्ञाविभावनम्

# इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सोनेल सिलेक्शन®

*(भारतीय रिज़र्व बैंक, केंद्रीय वित्तीय संस्थाओं व सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा स्थापित एक स्वायत्त संस्था)*

# INSTITUTE OF BANKING PERSONNEL SELECTION

*(An autonomous body set up by Reserve Bank of India, Central Financial Institutions and Public Sector Banks)*

**असेसमेंट में, हम पर भरोसा रखता है भारत**   **In assessment, India trusts us**

वेबसाइट देखने हेतु स्कैन करें
Scan to visit Website

## CRP PO/MT-XVI और CRP SPL-XVI

## सहभागी बैंकों में परिवीक्षाधीन अधिकारियों / प्रबंधन प्रशिक्षुओं और विशेषज्ञ अधिकारियों (2027-28 की रिक्तियों) की भर्ती के लिए साझा भर्ती प्रक्रिया

**अधिकृत वेबसाइट: www.ibps.in**

**पूछताछ / शिकायतों के मामले में कृपया https://cgrs.ibps.in पर लॉग इन करें।**

**सहभागी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में परिवीक्षाधीन अधिकारी / प्रबंधन प्रशिक्षु और विशेषज्ञ अधिकारी संवर्ग पदों की भर्ती एवं चयन हेतु आगामी साझा भर्ती प्रक्रिया (CRP) के लिये ऑनलाइन परीक्षा संभावित रूप से निम्नानुसार निर्धारित की गयी है:**

**महत्वपूर्ण तिथियां**

| गतिविधि | पीओ/एमटी | विशेषज्ञ अधिकारी |
|---|---|---|
| उम्मीदवारों द्वारा आवेदन के संपादन/ संशोधन सहित ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन | 01.07.2026 से 21.07.2026 | 01.07.2026 से 21.07.2026 |
| आवेदन शुल्क / सूचना शुल्क का भुगतान (ऑनलाइन) | 01.07.2026 से 21.07.2026 | 01.07.2026 से 21.07.2026 |
| उम्मीदवारों के लिए एप्लीकेशन फ़ॉर्म में बदलाव/सुधार करने के लिए एडिट विंडो (एडिट के लिए ऑनलाइन पेमेंट सहित) | रजिस्ट्रेशन बंद होने के बाद (इसकी जानकारी आईबीपीएस की अधिकृत वेबसाइट पर दी जाएगी) | रजिस्ट्रेशन बंद होने के बाद (इसकी जानकारी आईबीपीएस की अधिकृत वेबसाइट पर दी जाएगी) |
| परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण का आयोजन | अगस्त 2026 | -- |
| **ऑनलाइन परीक्षा – प्रारंभिक** | **अगस्त 2026** | **अगस्त 2026** |
| ऑनलाइन परीक्षा - प्रारंभिक का परिणाम | सितंबर 2026 | सितंबर/अक्टूबर 2026 |
| **ऑनलाइन परीक्षा- मुख्य** | अक्टूबर 2026 | नवंबर 2026 |
| परिणाम की घोषणा - मुख्य परीक्षा | नवंबर 2026 | नवंबर 2026 |
| **व्यक्तित्व परीक्षण** | **नवंबर 2026** | **--** |
| साक्षात्कार का आयोजन | नवंबर / दिसंबर 2026 | नवंबर / दिसंबर 2026 |
| अनंतिम आवंटन | जनवरी 2027 | जनवरी 2027 |

**उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि, वे विस्तृत जानकारी एवं अपडेट के लिये आईबीपीएस की अधिकृत वेबसाइट www.ibps.in का नियमित अवलोकन करें।**

**जो उम्मीदवार आवेदन करना चाहते हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे विस्तृत नोटिफिकेशन को ध्यान से पढ़ें और यह सुनिश्चित कर लें कि वे ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने से पहले तय तारीखों तक न्यूनतम पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं। उम्मीदवारों को प्रत्येक विस्तृत नोटिफिकेशन में दिए गए निर्देशों का पालन करना चाहिए।**

**मुंबई**

**दिनांक: 01/07/2026**

EN 14/57

**निदेशक**

MAGAZINE POST NO. DL(DS)-78/MP/2024-25-26 पोस्टिंग की तारीख : 30.6,1.7.2026 प्रकाशन तिथि: 29.6.2026



# समाचार सारांश

## राष्ट्रीय

### ■ इबोला आपात स्थिति के बीच एयर सुविधा 2.0 से हवाई अड्डों पर स्वास्थ्य जांच मजबूत




नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के साथ मिलकर एयर सुविधा 2.0 पोर्टल शुरू किया है। यह भारत आने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए उन्नत संपर्क-रहित स्वास्थ्य स्व-घोषणा पोर्टल है। अफ्रीका के कुछ हिस्सों में इबोला प्रकोप को देखते हुए यह पहल की गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मई 2026 में कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य और युगांडा में इबोला तथा बुंडीबुग्यो वायरस रोग के प्रकोप को अंतरराष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया था। इसके बाद यह कदम उठाया गया है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के सहयोग से तैयार इस पोर्टल पर भारत आने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को इमिग्रेशन क्लीयरेंस से पहले ऑनलाइन स्वास्थ्य घोषणा जमा करनी होगी। इसमें यात्रियों को अपनी हालिया यात्रा-जानकारी, संक्रमण जोखिम और लक्षणों से जुड़ी जानकारी देनी होगी। यह प्रणाली स्वास्थ्य, इमिग्रेशन और निगरानी अधिकारियों के साथ वास्तविक समय में डेटा साझा करने की सुविधा देती है। इससे जोखिम वाले यात्रियों की जल्द पहचान हो सकेगी। यात्री भारत आगमन से 24 घंटे पहले तक एयर सुविधा स्व-घोषणा फॉर्म भर सकते हैं। आगमन पर त्वरित क्लीयरेंस के लिए यात्रियों को बोर्डिंग से पहले यह फॉर्म जमा करने की सलाह दी गई है।

### ■ वाराणसी से शुरू हुई भारत की हब-एंड-स्पोक विमानन पहल

भारत का महत्वाकांक्षी हब-एंड-स्पोक विमानन मॉडल आधिकारिक रूप से शुरू हो गया है। वाराणसी इस नई "ईजी कनेक्ट" प्रणाली से जुड़ने वाला पहला शहर बना है। यह मॉडल वाराणसी जैसे 'स्पोक' शहरों को दिल्ली जैसे प्रमुख 'हब' हवाई अड्डों से जोड़ता है। इससे यात्रियों को समन्वित कनेक्शन के माध्यम से व्यापक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क तक पहुंच मिलेगी। इस व्यवस्था में यात्रियों को मूल हवाई अड्डे पर ही बैगेज चेक-इन और इमिग्रेशन की सुविधा मिलेगी। इससे ट्रांजिट से जुड़ी परेशानी कम होगी और यात्रा समय भी घटेगा। नागरिक उड्डयन मंत्री श्री के. राम मोहन नायडू ने कहा कि वाराणसी से हुई शुरुआत व्यापक विस्तार की दिशा में पहला कदम है। इसका उद्देश्य टियर-2 और टियर-3 शहरों से अंतरराष्ट्रीय संपर्क को बेहतर बनाना है।आने वाले सप्ताहों में छह और शहरों को इस मॉडल के तहत लाया जाएगा। इससे मेट्रो शहरों से बाहर भी वैश्विक गंतव्यों तक यात्रियों की पहुंच बढ़ेगी।

### ■ एनएमसीजी ने गंगा बेसिन के 60 शहरों में शहरी नदी योजनाओं का विस्तार किया

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) ने राष्ट्रीय शहरी कार्य संस्थान (एनआईयूए) के सहयोग से नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत गंगा बेसिन के लगभग 60 शहरों में शहरी नदी प्रबंधन योजनाओं का विस्तार किया है। जल शक्ति मंत्रालय के अनुसार, 13 शहरों के लिए शहरी नदी प्रबंधन योजनाएं पूरी हो चुकी हैं। चरण-I के तहत 27 शहरों और चरण-II के तहत 33 शहरों के लिए योजनाएं तैयार की जा रही हैं। इस पहल का उद्देश्य प्रदूषण नियंत्रण, बाढ़ प्रबंधन, आर्द्रभूमि पुनर्स्थापन, नदी तट विकास और नागरिक भागीदारी जैसे उपायों के माध्यम से नदी स्वास्थ्य को शहरी नियोजन से जोड़ना है।शहरी नदी प्रबंधन योजना प्रक्रिया के तहत चिह्नित हस्तक्षेपों में प्रकृति-आधारित समाधान, पारिस्थितिक पुनर्स्थापन, नवीन प्रौद्योगिकियां और समुदाय-केंद्रित दृष्टिकोण शामिल हैं। इन उपायों के माध्यम से शहरी नदियों से जुड़ी चुनौतियों का समाधान किया जाएगा और नदी पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य में सुधार लाया जाएगा।

### ■ सरकार ने इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम को सुरक्षित बताया

सरकार ने इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) को लेकर सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक दावों को खारिज किया है। सरकार ने दोहराया है कि इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित है और इसकी लगातार निगरानी की जा रही है। सरकार के अनुसार, सुरक्षा और प्रदर्शन मानकों को सुनिश्चित करने के लिए तेल विपणन कंपनियों, वाहन निर्माताओं, ईंधन परीक्षण एजेंसियों और अन्य हितधारकों के साथ परामर्श कर इस कार्यक्रम पर करीबी नजर रखी जा रही है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि ई-20 पेट्रोल शुरू होने के बाद से इंजन फेल होने या वाहन खराब होने की ऐसी व्यापक घटनाएं सामने नहीं आई हैं, जिन्हें इथेनॉल मिश्रण से जोड़ा जा सके।

## अर्थव्यवस्था

### ■ वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का व्यापार 5.4% बढ़कर 1.84 ट्रिलियन डॉलर हुआ

वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान भारत का कुल वस्तु और सेवा व्यापार सालाना आधार पर 5.4 प्रतिशत बढ़कर 1.84 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर तक पहुंच गया। इस अवधि में निर्यात में 4.2 प्रतिशत और आयात में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यह वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ भारत की बढ़ती भागीदारी को दर्शाता है। ये निष्कर्ष नीति आयोग की ट्रेड वॉच क्वार्टरली रिपोर्ट के आठवें संस्करण में सामने आए हैं। चौथी तिमाही यानी जनवरी-मार्च 2026 के लिए यह रिपोर्ट 23 जून को नई दिल्ली में नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार लाहिड़ी ने जारी की।रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत का बाहरी क्षेत्र मजबूत बना रहा। सेवा व्यापार वृद्धि का प्रमुख आधार रहा। जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान सेवा निर्यात 9 प्रतिशत बढ़ा। इससे मजबूत सेवा अधिशेष बनाए रखने में मदद मिली।भारत ने 2025 में दुनिया के आठवें सबसे बड़े सेवा निर्यातक के रूप में भी अपनी स्थिति बनाए रखी।

### ■ 2025-26 में निजी कॉरपोरेट क्षेत्र ने 10.1 प्रतिशत बिक्री वृद्धि के साथ वापसी की

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत की सूचीबद्ध निजी गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों ने 2025-26 के दौरान बिक्री में 10.1 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की। यह दो साल बाद दो अंकों की वृद्धि की वापसी को दर्शाता है। आरबीआई ने 4,278 सूचीबद्ध कंपनियों के वित्तीय परिणामों के आधार पर कहा कि इस मजबूत प्रदर्शन का नेतृत्व विनिर्माण क्षेत्र ने किया। विनिर्माण क्षेत्र में बिक्री वृद्धि पिछले वर्ष के 6 प्रतिशत से बढ़कर 10.8 प्रतिशत हो गई। ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रिकल मशीनरी, खाद्य और पेय पदार्थ तथा रसायन वृद्धि के प्रमुख कारकों में शामिल रहे। सेवा क्षेत्र ने भी अपनी गति बनाए रखी। आईटी कंपनियों ने 7.9 प्रतिशत बिक्री वृद्धि दर्ज की, जबकि गैर-आईटी सेवा कंपनियों ने दो अंकों की वृद्धि बनाए रखी। अधिक इनपुट लागत के बावजूद विनिर्माण कंपनियों की लाभप्रदता में सुधार हुआ। परिचालन लाभ वृद्धि पिछले वर्ष के 6 प्रतिशत से बढ़कर 10.3 प्रतिशत हो गई। आईटी कंपनियों ने 10.7 प्रतिशत परिचालन लाभ वृद्धि दर्ज की, जो इस क्षेत्र की निरंतर मजबूती को दर्शाता है।

### ■ सरकार ने सातवें चरण में 10 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की नीलामी की

खान मंत्रालय ने सातवें चरण के तहत 10 महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिज ब्लॉकों की सफलतापूर्वक नीलामी की है। यह भारत के महत्वपूर्ण खनिज मिशन के तहत आगे की प्रगति को दर्शाता है। इस चरण के साथ अब तक पेश किए गए 88 ब्लॉकों में से नीलाम किए गए महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिज ब्लॉकों की कुल संख्या 56 हो गई है। जो 63 प्रतिशत से अधिक की सफलता दर को दर्शाता है। इस चरण में ग्रेफाइट, दुर्लभ मृदा तत्व, वैनेडियम, टाइटेनियम, ग्लॉकोनाइट और रॉक फॉस्फेट जैसे खनिज शामिल थे। पहली बार गुजरात, उत्तराखंड और तेलंगाना में महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की नीलामी हुई। वहीं, ऐसी ही नीलामियों के दूसरे चरण के तहत अरुणाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और ओडिशा में अन्वेषण लाइसेंस ब्लॉक भी आवंटित किए गए। मंत्रालय के अनुसार, यह पहल स्वच्छ ऊर्जा, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा और उन्नत विनिर्माण के लिए आवश्यक प्रमुख खनिजों के घरेलू अन्वेषण और विकास को बढ़ावा देगी। इससे भारत की आयात निर्भरता कम होगी और राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन के तहत आपूर्ति श्रृंखलाएं मजबूत होंगी।



## अंतरराष्ट्रीय

### ■ कतर गैस प्लांट विस्फोट में 12 भारतीयों की मृत्यु

कतर के रास लाफान तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) परिसर में 22 जून 2026 को हुए विस्फोट में मारे गए कम से कम 13 लोगों में 12 भारतीय नागरिक शामिल थे। कतर में भारतीय दूतावास ने 23 जून 2026 को बयान जारी कर संवेदना व्यक्त की और कहा कि वह स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है। कतर के ऊर्जा मंत्री श्री साद शेरिदा अल-काबी ने कहा कि इस घटना में भारतीय और पाकिस्तानी नागरिकों सहित कुल 13 लोगों की मौत हुई, जबकि 66 अन्य घायल हुए। अधिकारियों के अनुसार, यह विस्फोट संयंत्र में पहले आई रुकावट के बाद संचालन फिर शुरू करने के दौरान हुआ। अधिकारियों ने इसे "तकनीकी दुर्घटना" बताया और तोड़फोड़ की आशंका से इनकार किया। उन्होंने कहा कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि संयंत्र के निर्यात संचालन प्रभावित नहीं हुए हैं और कोई पर्यावरणीय जोखिम नहीं है। घायल श्रमिकों का उपचार जारी है और किसी की स्थिति गंभीर नहीं बताई गई है।

### ■ ब्रिक्स एनएसए बैठक में आतंकवाद और साइबर खतरों के खिलाफ मजबूत कार्रवाई पर ज़ोर




भारत की अध्यक्षता में 16-17 जून 2026 को नई दिल्ली में आयोजित 16वीं ब्रिक्स राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सदस्य देशों ने आतंकवाद, साइबर खतरों और अन्य उभरती वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए गहरे सहयोग का आह्वान किया। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार श्री अजीत डोभाल की अध्यक्षता में हुई दो दिवसीय बैठक में ब्रिक्स देशों के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी शामिल हुए। उन्होंने सीमा-पार खतरों से निपटने के लिए सूचना साझा करने को मजबूत करने, क्षमता निर्माण बढ़ाने और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच समन्वय बेहतर बनाने पर सहमति व्यक्त की। प्रतिनिधियों ने आतंकवाद-रोधी ब्रिक्स संयुक्त कार्य समूह की 21-22 मई 2026 को हुई बैठक और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के उपयोग में सुरक्षा पर संयुक्त कार्य समूह की 8-9 जून 2026 को हुई बैठक के निष्कर्षों की भी समीक्षा की। इसके साथ ही ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और जलवायु से जुड़ी अस्थिरता जैसे व्यापक जोखिमों पर भी चर्चा की गई। बैठक भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता 2026 की थीम "बिल्डिंग फॉर रेजिलिएंस, इनोवेशन, कोऑपरेशन एंड सस्टेनेबिलिटी" के समर्थन के साथ संपन्न हुई। इसमें बदलती सुरक्षा चुनौतियों के खिलाफ सामूहिक कार्रवाई की जरूरत पर जोर दिया गया।

## खेल

### ■ भारत ने न्यूजीलैंड को 2-0 से हराकर दूसरा महिला नेशंस कप खिताब जीता




भारत ने 22 जून 2026 को ऑकलैंड में खेले गए फाइनल में मेजबान न्यूजीलैंड को 2-0 से हराकर एफआईएच महिला नेशंस कप 2026 का खिताब जीत लिया। इसके साथ ही भारत ने अगले सत्र के लिए एफआईएच महिला प्रो लीग में पदोन्नति सुनिश्चित कर ली। नवनीत कौर ने चौथे मिनट में पहला गोल किया, जबकि सुनेलिता टोप्पो ने 15वें मिनट में भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। इसके बाद भारतीय टीम ने अनुशासित रक्षात्मक खेल दिखाते हुए न्यूजीलैंड को गोल रहित रखा और चैंपियनशिप अपने नाम की। भारत पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहा। उसने समूह चरण में संयुक्त राज्य अमरीका, जापान और उरुग्वे पर जीत दर्ज की और सेमीफाइनल में चिली को 6-0 से हराया। यह भारत का दूसरा महिला नेशंस कप खिताब है। इससे पहले भारत ने 2022 में उद्घाटन संस्करण जीता था। दीपिका ने छह गोल के साथ टूर्नामेंट की संयुक्त शीर्ष स्कोरर के रूप में समाप्ति की, जबकि लालरेमसियामी को फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

### ■ भारत ने उस्ती नाद लाबेम बॉक्सिंग ग्रैंड प्रिक्स में आठ स्वर्ण सहित 12 पदक जीते

भारत ने 22 जून 2026 को चेकिया में 56वें ग्रैंड प्रिक्स उस्ती नाद लाबेम में अपना अभियान 12 पदकों के प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ समाप्त किया। इनमें आठ स्वर्ण पदक शामिल रहे। यह प्रदर्शन राष्ट्रमंडल खेलों से पहले भारत के मजबूत प्रदर्शन को दर्शाता है। महिला टीम ने ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा), मौजूदा एशियाई चैंपियन प्रीति पवार (54 किग्रा), साक्षी चौधरी (51 किग्रा) और प्रिया घंघास (60 किग्रा) के माध्यम से चार स्वर्ण पदक जीते। परवीन हुड्डा (65 किग्रा) ने रजत पदक हासिल किया। पुरुष टीम ने भी चार स्वर्ण पदक जीते। जदुमनी सिंह (55 किग्रा), सचिन (60 किग्रा), अंकुश (80 किग्रा) और नरेंद्र (90+ किग्रा) अपने-अपने वर्गों में चैंपियन बने। आदित्य प्रताप यादव (65 किग्रा) और कपिल पोखरिया (90 किग्रा) ने रजत पदक जीते, जबकि सुमित कुंडू (70 किग्रा) ने कांस्य पदक हासिल किया।

(संकलन- ईएन टीम)

दिल्ली पोस्टल पंजीकरण संख्या डीएल(एस)-01/3558/2026-28 यू(सी)107/2026-28 (पूर्व भुगतान के बिना डाक से भेजने की अनुमति) पीआरजीआई 28729/1976

अनुपमा भटनागर, प्रधान महानिदेशक, प्रकाशन विभाग द्वारा सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, के लिए सूचना भवन, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003 से प्रकाशित और मुद्रक पृथ्विस दास द्वारा डीबी कॉर्प. प्लॉट सं. 42-43, सेक्टर-29, फेज-II, पानीपत (हरियाणा)- 132103 से मुद्रित. संपादकः रहीसुद्दीन रिहान